


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 चेल्सी ने दूसरी बार फीफा लब वर्ल्ड कप जीता

लॉर्ड्स टेस्ट में जोफ्रा आर्चर के सामने भारत पस्त 11

वर्ष : 16 | अंक : 71 | नई दिल्ली, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : | www.pratahkiran.com

# सावन की पहली सोमवारी : शिव मंदिरों में भक्तों का लगा तांता, गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

प्रात : किरण

पटना। भगवान शंकर का अतिप्रिय माना जाने वाला श्रावण मास की पहली सोमवारी पर बिहार के शिव मंदिरों में भी भक्तों का तांता लगा है। सभी शिवालयों पर भक्तों की लंबी कतारें हैं। श्रद्धालु धूप-दीप और मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव की पूजा-अर्चना में लीन हैं। सुबह से ही मंदिरों में बम-बम भोले, हर-हर महादेव के स्वर लोगों को ऊर्जा भर रहा है। भागलपुर के सुल्तानगंज में अजगैबीनाथ, मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ और सोनपुर के हरिहरनाथ में सुबह से ही भीड़ देखी गई। अजगैबीनाथ में श्रद्धालुओं ने पहले गंगा स्नान किया। इसके बाद गंगाजल लेकर कांवड़ यात्रा के लिए निकल पड़े। करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ यहां मौजूद है। उल्लेखनीय है कि सुल्तानगंज से ही कांवड़िए उत्तरवाहिनी गंगा से जल उठाकर झारखंड के देवघर पहुंचते हैं और वहां बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करते हैं। इधर, मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सोनपुर के हरिहरनाथ मंदिर में भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। उत्तर बिहार का बाबा धाम कहे जाने वाला मुजफ्फरपुर का बाबा गरीबनाथ धाम में प्रशासनिक सुरक्षा के बीच पहली सोमवारी को शिव भक्त जलाभिषेक कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का आना अभी भी जारी है। बता दें कि मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए शिव भक्त वैशाली के पहलेजा





घाट से जल उठाकर पैदल करीब 40 किलोमीटर की दूरी तय कर मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीबनाथ धाम पहुंचते हैं और जलाभिषेक करते हैं। प्रशासन की तरफ से अत्यधिक भीड़ होने के कारण अरघा के माध्यम से जलाभिषेक कराया जा रहा है। कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए भी प्रशासन ने अपनी तैयारी कर रखी है। रोहतास के गुप्ता धाम में भी बड़ी संख्या में लोग जुटे हैं और भगवान भोले की पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

**राजधानी पटना में भी शिवालयों में उमड़ी भीड़**

राजधानी पटना के भी पाटलिपुत्रा औघोगिक एरिया स्थित महामृत्युजंय पाटनेश्वर महादेव मंदिर सहित शहर के सभी शिवालयों में भक्तों का अहले सुबह से ही तांता लगा रहा। शिवालयों के पास श्रावण महीने के कारण कई अस्थाई दुकानें भी खुल गई हैं। सावन की पहली सोमवारी की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात हैं। सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। सोमवार को लेकर शिवालयों तथा आसपास के इलाकों को आकर्षक ढंग से सजाया भी गया है। देव महादेव का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक कर रहे हैं। शिवालयों और अन्य मंदिरों में शिव दर्शन के लिए कतार लगी रही। चहुं दिशाओं में हर-हर महादेव की गूंज हो रही है। भगीरथ की तपस्या से धरती पर उतरीं मां गंगा नदी के तटीय शहरों, कस्बों और गांवों के पवित्र घाटों में तड़के तीन-चार बजे से लोग डुबकी लगाकर भगवान शंकर को जल चढ़ा रहे हैं। इस बीच अमरनाथ तीर्थयात्रियों की दुर्गम यात्रा जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया बन गया है बिहार : राहुल

नई दिल्ली। बिहार में बढ़ती अपराध की घटनाओं को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने बिहार को क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया करार देते हुए कहा कि चुनाव सरकार बदलने के लिए नहीं, बल्कि बिहार बचाने के लिए है। राहुल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बिहार क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया बन गया है और नीतीश कुमार अपनी कुर्सी बचा रहे हैं। आरोप लगाया कि भाजपा कोटे के मंत्री कमीशन खा रहे हैं। अपने पोस्ट के साथ उन्होंने मीडिया में आई एक खबर का हवाला भी दिया। उस खबर में दावा किया गया है कि बिहार में 11 दिनों में 31 हत्याएं हुई हैं। इसे लेकर राहुल ने कहा कि हर गली में डर, हर घर में बेचैनी है। गुंडाराज बेरोजगार युवाओं को हत्यारा बना रहा है।

### सिमी पर प्रतिबंध बढ़ाने के खिलाफ याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर प्रतिबंध बढ़ाने की पुष्टि वाले न्यायिक न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) न्यायाधिकरण के 24 जुलाई, 2024 के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। केंद्र द्वारा 29 जनवरी, 2024 को सिमी पर प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ाने का फैसला लेने के बाद यूएपीए के तहत इस न्यायाधिकरण का गठन किया गया था।

## मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर राज्यस्तरीय वन महोत्सव 2025 का किया शुभारंभ

# वनों का संरक्षण, पौधारोपण और वृक्षों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना उद्देश्य

## 2025-26 में 5 करोड़ पौधारोपण करने का लक्ष्य, तैयारी पूरी



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग परिसर में आम का पौधारोपण कर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय वन महोत्सव-2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग अपने परिसर एवं आसपास पौधारोपण कर इस अभियान में अपना अहम योगदान दें। ज्ञातव्य है कि वर्ष 1950 से हर वर्ष देश में वन महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य वनों का संरक्षण, पौधोरोपण करना और लोगों को वृक्षों के प्रति जागरूक करना है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5 करोड़ पौधों का रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस वृक्षारोपण अभियान की पूरी तैयारी कर ली गयी है। इस अभियान के दौरान आज से अगले 3 माह तक पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जायेगा। इसके अन्तर्गत वन विभाग के साथ ग्रामीण विकास विभाग, जीविका समूह, उद्यान विभाग, विभिन्न संस्थाओं, विभागों, गैर सरकारी संस्थानों एवं विभिन्न सामाजिक क्लबों के द्वारा पौधारोपण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री की अग्रसोच तथा हरित आवरण में वृद्धि के उद्देश्य से वर्ष 2012 में हरियाली मिशन की शुरूआत कर बड़े पैमाने पर राज्य भर में मिशन मोड में वृक्षारोपण कार्य किया गया, जिसके फलस्वरूप राज्य का हरित आवरण 15.05 प्रतिशत हो गया। हरित आवरण को वर्ष 2028 तक बढ़ाकर 17 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री के पहल पर वर्ष 2019 से जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान के तहत पौधारोपण, जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जनमानस को जागरूक कर उन्हें पौधारोपण में शामिल करने तथा कृषि वानिकी के माध्यम से किसानों की आमदनी में वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही जीविका दीदियों एवं जंगल से सटे गाँवों में लोगों को फलदार पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हारा ने मुख्यमंत्री को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया।

**ये रहें मौजूद :**

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सुनील कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हारा, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रभात कुमार गुप्ता, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने आर झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल का किया शिलान्यास

# राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए शुरू से कर रहे हैं काम : नीतीश

- बोलें- सरकार का प्रयास इलाज कराने के लिए मजबूरी में किसी को बिहार से बाहर नहीं जाना पड़े

प्रात : किरण




पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कंकड़बाग में आर झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल, पटना के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। जन-निजी भागीदारी के तहत बननेवाले इस अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल के शिलान्यास के अवसर पर आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री शामिल हुए। मुख्यमंत्री के समक्ष 48 साल पुरानी आर झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल की यात्रा पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गयी। आर० झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल प्रबंधन द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से पटना के कंकड़बाग में बनाए जानेवाले अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल भवन के प्रारूप, मरीजों एवं चिकित्सकों के लिए अस्पताल भवन में उपलब्ध करायी जानेवाली सुविधाएं, अस्पताल में मरीजों की जांच हेतु अधिष्ठापित की जानेवाली नई तकनीक पर आधारित मशीनें, ऑपरेशन थिएटर आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि यह नेत्र अस्पताल दिसंबर 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हमलोग प्रारम्भ से ही काम कर रहे हैं ताकि ईलाज कराने के लिए मजबूरी में किसी को बिहार से बाहर नहीं जाना पड़े। इस नेत्र अस्पताल के बन जाने से लोगों को और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में आर झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल प्रबंधन द्वारा मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे, बिहार राज्य नागरिक परिषद के महासचिव अरविंद कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत, जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पीएम मोदी की मोतिहारी रैली को लेकर जोरदार तैयारी

- 18 जुलाई को पीएम की होगी अभूतपूर्व रैली : दिलीप

प्रात : किरण

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को मोतिहारी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल सहित भाजपा के नेता और कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। इसी क्रम में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल मोतिहारी स्थित आर सी वाटिका होटल में आयोजित एनडीए कार्यकताओं की तैयारी बैठक में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कार्यकताओं से संवाद कर उन्हें अधिक से अधिक संख्या में आमजन को आमंत्रित करने का आग्रह किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि मोतिहारी में पीएम मोदी की अभूतपूर्व रैली होगी। पीएम मोदी के आगमन को लेकर लोगों में उत्साह चरम पर है। उन्होंने कहा कि 11 वर्ष के प्रधानमंत्रित्व काल में पीएम मोदी बिहार में 53 वीं बार पहुंच रहे है। यह उनके बिहार के अगाध प्रेम का परिचायक है। पूरे बिहार की जनता उनके आगमन को लेकर इंतजार कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोतिहारी में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे जिसमे 24 विधानसभा की जनता उनकी बातों को सुनने पहुंचेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मोतिहारी आगमन, पूर्वी चंपारण की धरती के लिए गौरव का क्षण है। इस बैठक में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, सांसद राधा मोहन सिंह, सांसद लवली आनंद, रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, केंद्रीय राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर, मंत्री मंगल पांडेय, मंत्री कृष्णनंदन पासवान, मंत्री जीवेश मिश्रा, मंत्री राजू सिंह सहित कई विधायक, एनडीए के जिलाध्यक्ष और अनेक सम्मानित जन उपस्थित रहे। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने मोतिहारी में प्रस्तावित पीएम मोदी की ऐतिहासिक जनसभा की तैयारियों के क्रम में नरकटिया एवं सुगौली विधानसभा क्षेत्र में प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गांधी मैदान में पीएम मोदी की आयोजित होने वाली सभा मे करीब तीन लाख लोग पहुंचेंगे। आज लोगों को पीएम नरेंद्र मोदी के गारंटी पर विश्वास है।

# सोशल मीडिया पर मौजूद विभाजनकारी प्रवृति पर लगाना होगा अंकुश : सुप्रीम कोर्ट

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मूल्य पता होना चाहिए और स्व-नियमन का पालन करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा है कि वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर किसी तरह का प्रतिबंध लगाए बगैर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को नियंत्रित करने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने पर विचार कर रहा है। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा है कि ह्यसोशल मीडिया पर मौजूद विभाजनकारी प्रवृति पर अंकुश लगाना होगा। शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल के वजाहत खान की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है। खान ने अपनी याचिका में सोशल मीडिया पर कथित रूप से हिंदू देवता के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में अपने खिलाफ पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में दर्ज आपराधिक मुकदमे की सुनवाई एक साथ कराने की मांग की। आपरेशन सिंदूर को लेकर कथित तौर पर मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में वजाहत खान की शिकायत पर ही, कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि ह्यनागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का महत्व समझना चाहिए। इसका उल्लंघन होने पर राज्य कदम उठा सकता है क्योंकि कोई नहीं चाहता कि राज्य हस्तक्षेप करे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर मौजूद विभाजनकारी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा। हालांकि पीठ ने यह स्पष्ट किया कि हमारा मतलब सेंसरशिप लगाना नहीं है, लेकिन समाज में भाईचारे, धर्मनिरपेक्षता और व्यक्तिगत गरिमा के हित में समुचित और जरूरी कदम उठाने होंगे।

## बिहार आइडिया फेस्टिवल समृद्ध बिहार बनाने की दिशा में क्रांति : मंत्री

पटना। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को कहा कि बिहार आइडिया फेस्टिवल केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समृद्ध बिहार बनाने की दिशा में एक क्रांति है। श्री मिश्रा ने बिहार आइडिया फेस्टिवल पोर्टल के उद्घाटन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार आइडिया फेस्टिवल युवाओं को बिहार की जमीनी चुनौतियों को हल करने और उद्यमिता अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई से जिलास्तर पर इस कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। इस अवसर पर उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि स्टार्टअप बिहार के जरिये जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देकर उद्यमशीलता को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने के साथ-साथ इसे शहरी,ग्रामीण समुदायों, पारंपरिक क्षेत्रों और वंचित समूहों तक भी विस्तारित किया जायेगा। गौरतलब है कि बिहार आइडिया फेस्टिवल उद्योग विभाग और योरस्टोरी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ-साथ जीविका के सहयोग से शुरू इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं, छात्रों, स्वयं सहायता समूहों , कारीगरों, किसानों से 10 हजार से अधिक उद्यमशील विचारों को जमीनी स्तर सेखोजना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विभाग का लक्ष्य राज्य के उभरते उद्यमियों की पहचान करना, बाजार संपर्क स्थापित करना और उनके लिए वित्तपोषण के अवसर सृजित करना है।

## 59 फीसदी मतदाता की चुकी है मौत जबकि 2.2 फीसदी स्थाई रूप से कर गए हैं प्रवास : आयोग

# मतदाता पुनरीक्षण : अब तक 5.74 करोड़ फॉर्म अपलोड : आयोग

प्रात : किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। भारत के निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान अब तक 83.66 फीसदी भरे हुए गणना फार्म प्राप्त हो चुके हैं। आयोग ने यह भी दावा किया है कि अब तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार में बिहार में 1.59 फीसदी मतदाता मृत पाए गए हैं। जबकि 2.2 फीसदी स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं और 0.73 फीसदी व्यक्ति एक से अधिक स्थानों पर मतदाता के रूप में पंजीकृत पाए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा कि राज्य में कुल 7,89,69,844 मतदाताओं में से 6,60,67,208 मतदाताओं का गणना फार्म प्राप्त हो चुका है जो कि 83.66 फीसदी है जबकि यह फार्म जमा करने के लिए अभी 11 दिन और शेष हैं।

आयोग ने कहा है कि गणना फार्म एकत्र करने के साथ ही इसे एकीकृत ईसीआईएनईटी पर भी अपलोड किया जा रहा है। आयोग के मुताबितक ईसीआईएनईटी पर 5.74 करोड़ से अधिक फॉर्म अपलोड किए जा चुके हैं। आयोग ने कहा है कि अब तक के आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि बिहार में 1.59 फीसदी मतदाता मृत पाए गए हैं, 2.2 फीसदी स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं और 0.73 फीसदी व्यक्ति एक से अधिक स्थानों पर मतदाता के रूप में नामांकित पाए गए हैं। आयोग ने कहा है कि इसलिए, 88.18 फीसदी मतदाता या तो पहले ही अपना गणना फार्म जमा कर चुके हैं या उनकी मृत्यु हो गई है या वे एक ही स्थान पर अपना नाम बरकरार रखे हुए हैं या अपने पिछले निवास स्थान से स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं। आयोग ने कहा है कि अब केवल 11.82 फीसदी मतदाता ही अपने भरे हुए ईएफ जमा करने के लिए शेष बचे हैं और उनमें से कई ने आने वाले दिनों में दस्तावेजों के साथ अपने गणना फॉर्म जमा करने के लिए समय मांगा है।

बयान के मुताबिक भारत के निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए और बाकी बचे मतदाता भी अपना गणना फार्म जमा करा दें। आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची का गहण पुनरीक्षण अभियान में लगभग 1 लाख बीएलओ जल्द ही घर-घर जाकर अपने तीसरे दौर के दौरे शुरू करेंगे। उनके प्रयासों को सभी राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1.5 लाख बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए) द्वारा बढ़ाया जा रहा है, जिनमें से प्रत्येक प्रतिदिन 50 गणना फार्म प्रमाणित और जमा कर सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पात्र शहरी मतदाता, ईआर (मतदाता सूची) से छूट न जाए, बिहार के सभी 261 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के सभी 5,683 वार्डों में विशेष शिविर भी लगाए जा रहे हैं।

# हरियाणा में असीम घोष और गोवा में अशोक गजपति राजू राज्यपाल नियुक्त

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। हरियाणा में प्रोफेसर असीम कुमार घोष और गोवा में पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री पुष्पापति अशोक गजपति राजू को राज्यपाल नियुक्त किया गया है। साथ ही जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कवींद्र गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल बनाया गया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, ये नियुक्तियां उनके संबंधित कार्यालयों का कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल पद से ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कवींद्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल, राजू को गोवा का राज्यपाल और प्रोफेसर असीम कुमार घोष को हरियाणा का राज्यपाल नियुक्त करते हुए प्रसन्नता हो रही है। बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष हैं घोष असीम कुमार घोष भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। शाही परिवार के वंशज हैं राजू पुष्पापति अशोक गजपति राजू नरेंद्र मोदी सरकार में पूर्व में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री रह चुके हैं। वे विजयनगरम रियासत के शाही परिवार के वंशज हैं और अंतिम महाराजा के छोटे पुत्र हैं। वे 25 वर्षों से अधिक समय तक आंध्र प्रदेश राज्य विधानमंडल के सदस्य रहे और 13 वर्षों तक आंध्र प्रदेश सरकार में मंत्री रहे। वहां उन्होंने वाणिज्यिक कर, उत्पाद शुल्क, विधायी कार्य, वित्त, योजना और राजस्व विभाग संभाले। उन्होंने 1978 में जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में पहली बार विजयनगरम विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल की थी। 1982 में जब तेलुगु देशम पार्टी का गठन हुआ तो वे इसमें शामिल हो गए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातः किरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025


## संक्षिप्त समाचार

### हाथी ने आम के पेड़ों को पहुंचाया नुकसान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** कुड़ियाल ग्राम पंचायत में बीती रात हाथी ने ग्रामीणों के आम के पेड़ों को नुकसान पहुंचाया। कुड़ियाल गांव थानो वन रेंज के जंगल से सटा है। यहां अक्सर हाथी और दूसरे जंगली जानवरों का खतरा रहता है। बीती रात जंगल से निकलकर एक हाथी कुड़ियाल गांव में दाखिल हुआ, जिसने काफी देर तक आम के पेड़ों को नुकसान पहुंचाया। पेड़ों की बड़ी टहनियों के टूटने की आवाज सुनकर लोगों ने शोर मचाकर हाथी को भगाने का प्रयास किया। हाथी ने विजय कठैत, अजय कठैत, पूरण सिंह आदि के पेड़ों को नुकसान पहुंचाया। स्थानीय निवासी महिपाल सिंह कृषाली ने कहा कि हाथी ने काफी नुकसान पहुंचाया है इसलिए प्रभावितों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। रेंजर थानो एनएल डोभाल ने कहा कि कुड़ियाल में हाथी के घुसने की सूचना है। जंगल से सटे हुए इलाकों में हाथी कई बार घुस जाते हैं। संबंधित वन्यकर्मियों को गश्त बढ़ाने के लिए कहा जाएगा।

### गंगा में डूब रहे किशोर को जल पुलिस ने बचाया

**ऋषिकेश, एजेंसी।** गंगा में स्नान के दौरान त्रिवेणीघाट पर बिहार का एक किशोर अचानक गंगा के तेज बहाव में आकर बहने लगा। किशोर को गंगा में बहता देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। घाट पर तैनात जल पुलिस और आपदा राहत दल की टीम ने रेस्क्यू कर किशोर का बचा लिया। त्रिवेणीघाट चौकी पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 9:45 बजे बिहार के छपरा जिला के जनता बाजार निवासी तेजस (16) पुत्र कार्तिक सिंह, त्रिवेणीघाट पर स्नान करने के दौरान गंगा के तेज बहाव में बहने लगा। किशोर को बहता देख घाट पर तैनात जल पुलिस, आपदा राहत दल 40 बीएन टीम की ओर से किशोर का रेस्क्यू किया गया। किशोर का रेस्क्यू करने के बाद उसे उसके दादा कृष्णा राम के पास सकुशल सुर्पुद कर दिया। रेस्क्यू टीम में हरीश गुसाईं, धनवीर सिंह, सुनील चौहान, विनोद सेमवाल, चैतन्य कुमार आदि शामिल रहे।

### शिवलिंग और नंदी की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** पवित्र श्रावण मास के अवसर पर कुड़कावाला स्थित मन्हेश्वर शिव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की ओर से शिवलिंग और नंदी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। शनिवार को मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु जुटने लगे। पंडित सोहन बलोदी के साथ विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान के साथ शिवलिंग और नंदी की प्राण प्रतिष्ठा की। महिलाओं ने मंदिर में भजन कीर्तन किया। इससे पहले हवन यज्ञ आयोजित किया गया। इस दौरान घनश्याम गुप्ता, निखिल, जॉनी, अमन, उत्तम, मनोज आदि मौजूद रहे। श्रावण मास में मंदिर में जलाभिषेक और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### एडीएम ने किया त्रिवेणी घाट का निरीक्षण

**ऋषिकेश, एजेंसी।** कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर एडीएम जय भारत सिंह ने विभागीय टीम के साथ मिलकर त्रिवेणीघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने गंगा घाटों और तटों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एडीएम ने एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में इन दिनों तेज बारिश के कारण गंगा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। यात्रा के दौरान शिवभक्त असुरक्षित घाटों पर स्नान न करे इसके लिए सुरक्षा की व्यवस्था बनाएं। यात्रा सुगमता से सपन्न हो इसका पूरी तरह से ख्याल रखा जाए।

### 61 दावेदारों ने छोड़ा चुनावी मैदान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन वापसी के बाद अब मैदान सजने लगा है। डोईवाला में पंचायतों के विभिन्न पदों पर काबिज होने के लिए 696 उम्मीदवार में मैदान में डटे हुए है। जबकि 61 दावेदारों ने चुनावी मैदान छोड़ दिया है।खंड विकास अधिकारी सोनम गुप्ता ने बताया कि ब्लॉक के 410 ग्राम पंचायत सदस्य के विभिन्न पदों पर 375, ग्राम प्रधान के 38 पदों के लिए 166 और क्षेत्र पंचायत सदस्य के 40 पदों के लिए अब 155 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। बताया कि ग्राम पंचायत सदस्य पदों के 37, ग्राम प्रधान पद के 18 और क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के छह उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस लिए हैं। इस तरह नामांकन जमा करने वाले 61 उम्मीदवारों ने स्वयं को चुनाव से बाहर कर लिया है।

## अस्पताल में नियमों की अनदेखी मिली तो होगी कार्रवाई

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
जिला प्रशासन, नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को निगम सभागार में निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम्स, डायग्नोस्टिक सेंटर्स, क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट से जुड़े लोगों व चिकित्सकों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में निरीक्षण के दौरान यदि कहीं भी बेसमेंट का अवैध उपयोग, फॉर्म-एफ में गड़बड़ी या फिर फायर सेफ्टी नियमों की अनदेखी उजागर हुई तो संबंधित संस्थान के खिलाफ विधिक कार्रवाई होगी।

बैठक में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी चिकित्सकीय संस्थानों के प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वह प्रत्येक अधिनियम का विधिपूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करें। स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही भवन का उपयोग करें। समय पर फायर सेफ्टी ऑडिट कराएं। आवश्यक दस्तावेजों को अपडेट रखें और जरूरत पड़ने पर नगर निगम व प्रशासन को उपलब्ध कराएं। अधिकारियों ने अल्ट्रासाउंड संचालन, फॉर्म-एफ भरने एवं रिकॉर्ड रखने, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण की समयबद्ध सूचना, रिकॉर्ड की उपलब्धता, ऑनलाइन एंट्री के निर्देश दिए। अधिकारियों ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को समय से लाभ उपलब्ध कराने, नर्सिंग होम एवं अस्पताल परिसरों में पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में फायर सेफ्टी प्रमाणपत्र, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, नियमित फायर सेफ्टी ऑडिट और मॉक ड्रिल समेत सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, एसडीएम राहुल शाह, एसीएमओ डॉ.रश्मि पंत, आईएमए हल्द्वानी के चेयरमैन डॉ. प्रदीप पांडे समेत सभी प्रमुख निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम्स व पैथोलॉजी संचालक उपस्थित रहे।

## किसानों को मिलेगा बेहतर कल, खेतों में लहलहाएगी गुणवत्तायुक्त फसल



**पंतनगर, एजेंसी।**
जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और आईसीएआर के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) नई दिल्ली के बीच शनिवार को एक महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच कृषि अनुसंधान, बीज उत्पादन, तकनीकी विकास, शैक्षणिक सहयोग और नवाचारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

कुलपति सभागार में कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान और आईएआरआई के निदेशक एवं कुलपति डॉ. सीएच श्रीनिवास राव ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। कुलपति डॉ. चौहान ने आईएआरआई की विभिन्न क्षेत्रों में शोध उपलब्धियों की प्रशंसा की। साथ ही 52 हजार करोड़ रुपये के बासमती चावल के निर्यात का जिक्र करते हुए इसको विशेष उपलब्धि बताया। आईएआरआई के निदेशक डॉ. राव ने पंतनगर विवि और आईएआरआई से संयुक्त रूप में प्रजातियों को विकसित करने की भी अनुशंसा की।

आईएआरआई के संयुक्त निदेशक शोध डॉ. विश्वनाथ चुन्नुस्वामी ने कहा कि पंतनगर विवि के पास उपलब्ध बीज उत्पादन ढांचे से प्रजनक बीज उत्पादन में वृद्धि होगी और उनकी ओर से भी पूसा-पंत नाम से संयुक्त रूप से प्रजातियों का विकास किया जाएगा। समझौते पर हस्ताक्षर के बाद निदेशक आईएआरआई और उनकी टीम ने विवि के नारमन ई. बोरलाग फसल अनुसंधान केंद्र का भ्रमण भी किया।

पंत विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि विवि और आईएआरआई के बीच समझौते से दोनों संस्थानों के बीच शोध कार्य और बेहतर होगा जिससे राष्ट्र के विकास में सहायता मिलेगी। आईएआरआई से विकसित विभिन्न प्रजातियों के गुणवत्तायुक्त बीज देश के किसानों के पास पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि मक्के के गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन पर विशेष बल दिया जाएगा क्योंकि इसका बड़े स्तर पर इथेनॉल उत्पादन में प्रयोग किया जा रहा है। आईएआरआई के निदेशक डॉ. सीएच श्रीनिवास राव ने बीज की महत्ता और गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन पर प्रकाश डालते हुए आईएआरआई की ओर से खाद्यान्न, दलहनी एवं तिलहनी फसलों की विकसित प्रजाति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए हमें सदैव आत्मनिर्भर रहना होगा। हमें ऐसी क्षमताएं जिनको अब तक नहीं प्राप्त कर सके हैं, उसे प्राप्त करने के प्रयास करने होंगे। उन्होंने पंतनगर विवि और आईएआरआई से संयुक्त रूप में प्रजातियों को विकसित करने की भी अनुशंसा की।

## घायल रोहित दिल्ली रेफर, मामले की होगी मजिस्ट्रेट जांच

**काशीपुर, एजेंसी।**
बल्ब बनाने वाली फैक्टरी में हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल रोहित को काशीपुर के अस्पताल से दिल्ली के गंगाराम अस्पताल रेफर किया गया है। परिवार वालों की स्वीकृति पर फैक्टरी प्रबंधन ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए उसे वहां शिफ्ट कराया है। आयुष्मान अस्पताल में भर्ती छह अन्य लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। हाइड्रोजन सिलिंडर फटने के मामले की कुमाऊं कमिश्नर के आदेश पर मजिस्ट्रेट जांच कराई जाएगी।

सूर्या रोशनी लिमिटेड फैक्टरी में बीते बृहस्पतिवार की सुबह करीब 10:30 बजे हाइड्रोजन सिलिंडर फटने से बड़ा हादसा हो गया था। हादसे में मजदूर श्यामू यादव की मौत हो गई थी जबकि रोहित पुत्र कलुआ निवासी चकठीरीया डान थाना भगतपुर मानपुर जिला मुरादाबाद गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका एक पैर (नीचे से) कटकर अलग हो गया था जबकि दूसरे पैर की हड्डी टूट गई थी है और दोनों हाथों तथा सिर में चोट आई है। हालांकि वह खतरे से बाहर है।

घायल रोहित को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए फैक्टरी प्रबंधन ने परिजनों की स्वीकृति पर उसे काशीपुर के निजी अस्पताल से दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे में घायल अन्य 11 लोगों का काशीपुर अस्पताल में इलाज चल रहा था। इसमें से पांच लोगों को शुक्रवार को छुट्टी दे दी गई थी।

सेहत में सुधार होने पर शनिवार को बरेली के बहेड़ी क्षेत्र के गुहारी गोटिया निवासी गौरव पुत्र सुरेंद्र सिंह, हरिया वाला निवासी गिरिजा देवी पत्नी मनोज पाल, काशीपुर के इस्लामनगर बसई निवासी मनीषा पुत्री चंद्रपाल, टांडा उज्जैन निवासी ज्योति पुत्री मदन कुमार, बरेली के थाना नवाबगंज सहजपुर निवासी सजनी पुत्री सियाराम और शुभम को भी छुट्टी दे दी गई है। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि फैक्टरी में हुई घटना की एक रिपोर्ट डीएम को भेजी गई है। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत के आदेश पर मामले की मजिस्ट्रेट जांच कराई जाएगी।



## मंगलौर में मानक के विपरीत पाये गये 3 दर्जन से अधिक डीजे, पुलिस ने लिया बड़ा एक्शन

**रुड़की, एजेंसी।**
हरिद्वार जिले के मंगलौर क्षेत्र से तय मानकों से ऊपर लगाए जा रहे तीन दर्जन से अधिक डीजे उतार कर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए वापस भिजवा दिया है. हरिद्वार पुलिस कांवड़ यात्रा को लेकर अलर्ट मोड पर है. यात्रा को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने में जुटी हुई है. वहीं पुलिस ने साफ तौर पर कहा है कि कोई भी डीजे तय मानकों के विपरीत पाया जाता है तो तत्काल उस पर कार्रवाई की जाएगी.

दरअसल हरिद्वार पुलिस कांवड़ यात्रा 2025 को शांतिपूर्वक और कांवड़ में नियमों का पालन करवाने के लिए सख्त दिखाई दे रही है. कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक सम्पन्न करने में जुटी हरिद्वार पुलिस लगातार अलर्ट मोड पर काम करती हुई दिखाई दे रही है. इस बार डीजे को लेकर भी पुलिस ने मानक तय किए गए हैं. जिसमें 12 फिट से अधिक की ऊंचाई वाले डीजे पर रोक लगाई गई है.

इसी क्रम में मंगलौर क्षेत्र में तय मानकों से अधिक क्षमता वाले डीजे सिस्टम लाने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई. हरिद्वार पुलिस ने तीन दर्जन से अधिक डीजे सिस्टम मौके पर उतरवाकर उन्हें वापस भेज दिया है. यह सभी डीजे तय ध्वनि सीमा, साइज और नियमों के विरुद्ध पाए गए. एसएसपी हरिद्वार प्रमेन्द्र डोबाल ने साफ तौर पर कहा है कि अगर कोई भी डीजे तय मानकों के विपरीत पाया गया तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी.



## हाईवे से कांवड़ यात्रियों को हटाने पहुंचे बहादराबाद थाना प्रभारी की गाड़ी पर पथराव

**बहादराबाद, एजेंसी।**
हरिद्वार-रुड़की हाईवे पर कांवड़ यात्रियों की भीड़ को हाईवे से हटाने के लिए पहुंचे बहादराबाद थाना प्रभारी की गाड़ी पर शनिवार देर शाम कांवड़ यात्रियों ने पथराव कर दिया। शांतरशाह चौकी निकट टोल प्लाजा के पास हुई इस घटना में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना की सूचना पर मौके पर और पुलिस बल पहुंच गया। मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

थाना प्रभारी नरेश राठौड़ के अनुसार कांवड़ यात्री पटरी छोड़कर हाईवे पर उधम मचा रहे थे। इस सूचना पर वह पुलिस बल के साथ उन्हें व्यवस्थित करने में जुटे थे। इसी बीच कुछ यात्रियों ने पथराव शुरू कर दिया। यही नहीं उन्होंने उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की एक बस को भी जबरन रोक लिया। इससे बस में सवार यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस बल उन्हें हटाने और नियंत्रित करने में जुटा था इसी बीच पथराव शुरू हो गया। हाईवे पर डीजे वाहन और अवैध तरीके से किए गए अतिक्रमण को लेकर कार्यवाही की गई। वहीं उपद्रवियों में दो की पहचान करते हुए उन्हें तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य भीड़ का फायदा उठाते हुए मौके से निकल लिए। फिलहाल गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित किया गया। इसमें काफी समय लगा वहीं हाईवे पर यातायात को दोबारा सुचारू रूप से शुरू कराया गया।

## सज गया मैदान, चुनावी रण में लड़ाई के लिए 2879 योद्धा तैयार

**पिथौरागढ़, एजेंसी।**
त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होते ही प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। सीमांत जिले में भी चुनाव के लिए मैदान सज गया है और 2879 योद्धा चुनावी रण में लड़ने के लिए तैयार हैं। ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत सदस्य के 305 दावेदारों ने नाम वापस लेकर मैदान छोड़ा है। अब मैदान में डटे पंचायत सदस्य के 153, ग्राम प्रधान के 1716, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 856 और जिला पंचायत सदस्य के 154 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाएंगे।

सीमांत जिले में 680 ग्राम पंचायत, 287 क्षेत्र पंचायत और 32 जिला पंचायत सीटों पर चुनाव होने हैं। इन ग्राम पंचायतों में पंचायत सदस्यों 4915 पदों के सापेक्ष 2274 नामांकन हुए। 2080 नामांकन वैध मिले और 19 दावेदारों ने अपना नाम वापस लिया। 1908 पंचायत सदस्यों का एकल नामांकन होने से निर्विरोध निर्वाचन तय है। ऐसे में अब इस पद के लिए 153 प्रत्याशी मैदान में हैं। ग्राम प्रधान के लिए 1961 नामांकन हुए और जांच में 22 निरस्त हो गए। 141 दावेदारों ने नाम वापस लेते हुए चुनाव से पहले की मैदान छोड़ा जबकि 82 का निर्विरोध निर्वाचन तय है। ऐसे में इस पद के लिए अब 1761 प्रत्याशी मैदान में डटे हैं।

क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 1044 नामांकन हुए। जांच में कमी मिलने और कई सीटों पर पर्चा भरने पर 28 नामांकन निरस्त कर दिए गए। 134 दावेदारों ने अपना नाम वापस लिया जबकि 26 दावेदारों का निर्विरोध निर्वाचन तय है। अब क्षेत्र पंचायत सदस्य बनने के लिए 856 प्रत्याशी चुनावी घमासान के लिए तैयार हैं। जिला पंचायत सदस्य के लिए हुए 179 में चार नामांकन निरस्त किए गए। 20 दावेदारों ने नाम वापस लिया और एक सीट पर एकल नामांकन होने से निर्विरोध निर्वाचन तय हुआ तो अब इस पद पर 154 प्रत्याशी मैदान में डटकर चुनावी ताल ठोकेंगे। जिले में 681 ग्राम पंचायतों में सिर्फ एक ग्राम पंचायत ऐसी है जहां इस चुनाव में प्रधान नहीं चुना जाएगा। यहां प्रधान का पद अनुसूचित जनजाति की महिला के लिए आरक्षित किया गया।

## ओवरटेक के विवाद में सिर फोड़ा, फायरिंग में युवक के पैर में लगा छर्रा

**काशीपुर, एजेंसी।**
बाइक ओवरटेक करने के मामले में तीन युवकों ने दो युवकों को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर जब एक युवक का चाचा मौके पर पहुंचा तो नशे में धुत हमलावर युवकों ने उन्हें भी पीट दिया। इस दौरान हुई फायरिंग में एक युवक के पैर में छर्रा लगा है। तीनों घायलों का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस को तहरीर नहीं सौंपी गई है लेकिन पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

शुक्रवार देर रात रामनगर रोड स्थित रम्पुरा के पास रनवीर सिंह (18) पुत्र करमजीत सिंह अपने साथी के साथ कहीं जा रहा था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने नशे की हालत में बाइक के आगे कट मार दिया। इस पर रनवीर सिंह ने बाइक देखकर चलाने की बात कही। इस पर नशे में धुत तीनों युवकों ने उन दोनों से मारपीट शुरू कर दी। रनवीर ने अपने साथी के साथ प्रतापपुर पुलिस चौकी की ओर भागकर जान बचाई।



साथ ही रनवीर सिंह ने घटना की सूचना अपने चाचा सुरेंद्र सिंह (25) पुत्र जोगेंद्र सिंह निवासी रम्पुरा को दी। जब उसके चाचा अपने साथी के साथ मौके पर पहुंचे तो तीनों युवकों ने ग्राम धनौरी के पास उन पर भी हमला कर उनका सिर फोड़ दिया। उन्होंने दानिश (20) पुत्र मोहम्मद नवी निवासी लक्ष्मीपुर लच्छी धनौरी के घर में घुसकर जान बचाई। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने पीछा कर वहां भी हमला बोल दिया।

इस दौरान हमलावरों की ओर से हुई फायरिंग में दानिश के पैर में छर्रे लग गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने तीनों घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। सुरेंद्र सिंह के सिर में 13 टांके आए हैं। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उन्हें रेफर कर दिया जिस पर परिजन तीनों को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए। सरकारी अस्पताल में नाइट ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने बताया कि एक युवक के सिर में गंभीर चोट लगी थी जबकि दानिश नामक युवक के पैर में कुछ घुसा हुआ था। उसे जब बाहर निकाला तो वह छर्रे जैसे प्रतीत हो रहा था जिसे पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया है। कोतवाली प्रभारी अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

## दबिश के दौरान घायल हुआ कांस्टेबल, अस्पताल में तोड़ा दम

**लक्सर, एजेंसी।**
दबिश के दौरान ट्रक के द्वारा पुलिस वाहन को मारी गई टक्कर गंभीर रूप से घायल कांस्टेबल की इलाज के दौरान मौत हो गई है. कांस्टेबल की मौत के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया है.

नानकमत्ता में तैनात कांस्टेबल धनराज का उनके पैतृक गांव लक्सर तहसील के रायसी में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया. पुलिस लाइन से पहुंची गार्द ने उन्हें सलामी दी.

लक्सर के रायसी निवासी सतवीर सिंह के पुत्र धनराज सिंह वर्ष 2023 में पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर भर्ती हुए थे. वर्तमान में वह नानकमत्ता थाने में तैनात थे. 4 जुलाई को एक मामले में दबिश के दौरान ट्रक ने पुलिस के वाहन को टक्कर मार दी थी. हादसे में घायल धनराज को रुद्रपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां उनकी मौत हो गई.

धनराज का शव गांव पहुंचा तो माहौल गमगीन हो गया. परिवार के सबसे छोटे धनराज के पिता सतवीर सिंह, मां बबली देवी, भाई मोहित और बहन निधि का रो





रोकर बुरा हाल था. ग्रामीण भी गमगीन नजर आए। पुलिस लाइन से पहुंची गार्द द्वारा उनके शव को अंतिम सलामी दी गई. इसके बाद गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार किया गया. इस दौरान सीओ नताशा सिंह, कोतवाल राजीव रौथाण सहित पुलिस अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे.

## बारिश में बह गए दावे, 10 सड़कें खोलने में छूट रहा पसीना

**पिथौरागढ़, एजेंसी।**
सीमांत जिले में पांच दिन से बंद 10 सड़कें खोलने में सिस्टम के पसीने छूट रहे हैं इसकी मार 40 से अधिक गांवों के ग्रामीण सह रहे हैं। वाहनों की आवाजाही ठप होने से खाद्यान्न सहित दैनिक जरूरत के सामान का संकट गहरा गया है। बीमारों और गर्भवतियों का इलाज, जांच और प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचना भी मुश्किल हो गया है।

सीमांत जिले में मानसूनी बारिश ने लोगों और प्रशासन की दिक्कत बढ़ाने का काम किया है। बरसात से निपटने, बंद सड़कें खोलने की पूर्व में की गई तैयारी और दावे मानसूनी बारिश में धुल गए हैं। पांच दिन से बंद सड़कें इसका प्रमाण हैं।

जिले में चीन सीमा को जोड़ने वाली मुनस्यारी-मिलम सहित दस ग्रामीण सड़कें बंद हैं। इससे क्षेत्र के चालीस गांवों का शेष दुनिया से संपर्क पूरी तरह से कटा है। मलबा और बोल्डरों से पटी सड़कों के बीच ग्रामीणों का गांवों से निकलना मुश्किल हो गया है। वाहनों की आवाजाही ठप होने से खाद्यान्न, रसोई गैस सिलिंडर सहित अन्य दैनिक जरूरत के सामान की आपूर्ति प्रभावित है। इससे 15,000 से अधिक की आबादी परेशानी है।

सबसे अधिक दिक्कत बीमारों और गर्भवतियों को झेलनी पड़ रही है। बंद सड़कों के बीच परिजन किसी तरह खतरा मोल लेकर बीमारों और गर्भवतियों को पैदल अस्पताल पहुंचा रहे हैं।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर ने कहा कि सड़कें खोलने का काम जारी है। सभी सड़कों पर जल्द आवाजाही शुरू कराने के प्रयास जारी स्थानीय दुकानों में राशन, तेल, साबुन, चीनी, चायपत्ती आदि सामान खत्म होने से ग्रामीणों के लिए इनका इंतजाम करना चुनौती बन गया है।

# सीएम रेखा गुप्ता ने की तन्वी द ग्रेट की तारीफ, कहा- सभी बच्चे जरूर देखें फिल्म

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित पीवीआर में रविवार शाम बॉलीवुड फिल्म तन्वी द ग्रेट की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसका हिस्सा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बनीं। फिल्म की अभिनेत्री शुभांगी दत्त और एक्टर-डायरेक्टर अनुपम खेर भी शामिल हुए। सीएम रेखा गुप्ता ने फिल्म तन्वी द ग्रेट की तारीफ की और कहा कि दुनिया भर के हर बच्चे को यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। फिल्म तन्वी द ग्रेट को देखने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मैं अनुपम खेर को बधाई देती हूं, जिन्होंने इस फिल्म में स्पेशल बच्चों की सुनहरी उड़ान को दिखाया है। इस फिल्म का हर एक पल इतना मार्मिक था कि मैं उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती। इसका विषय अपने आप में इतना सशक्त और सुंदर है कि देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के हर बच्चे को यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। मैं भी चाहूंगी कि दिल्ली सरकार की तरफ से ज्यादा से ज्यादा बच्चों को ये फिल्म दिखाएं। मैं इस फिल्म के लिए अनुपम खेर और उनकी पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। फिल्म ह्यतन्वी द ग्रेट के डायरेक्टर और एक्टर अनुपम खेर ने कहा, एक फिल्म को बनाने में चार साल लगते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को फिल्म पसंद आई और उन्होंने इसकी तारीफ की। मुझे लगता है कि इस तरह की फिल्मों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना चाहिए। ये फिल्म एक बच्ची की कहानी है, जिसे हमने सुपर हीरो बनाया है। इसके अलावा, एक्ट्रेस शुभांगी दत्त ने ह्यतन्वी द ग्रेट पर बात करते हुए कहा, यह पूरा अनुभव बहुत भावुक करने वाला रहा। लोग फिल्म की तारीफ कर रहे हैं और इसे प्यार दे रहे हैं, इसलिए यह बहुत ही भावुक और अभिभूत करने वाला अहसास है। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और राष्ट्रपति मुर्मू ने फिल्म को सराहा है। बता दें कि ह्यतन्वी द ग्रेट 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 21 वर्षीय ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से जूझ रही लड़की तन्वी रैना पर आधारित है, जो अपनी मां विद्या और दादा कर्नल प्रताप रैना के साथ रहती है। फिल्म में अनुपम खेर कर्नल प्रताप रैना का किरदार निभा रहे हैं। एक्ट्रेस शुभांगी दत्त फिल्म में तन्वी का रोल कर रही हैं। इनके अलावा, फिल्म में जैकी श्रॉफ, पल्लवी जोशी और बोमन ईरानी जैसे सितारे भी हैं।

# यूजीसी के ड्राफ्ट का विरोध, एएडीटीए ने बताया सार्वजनिक शिक्षा पर सीधा हमला

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

UGC
University Grants Commission

नई दिल्ली,। दिल्ली विश्वविद्यालय में आम आदमी पार्टी के शिक्षक संगठन एकेडमिक फार एक्शन एंड डेवलपमेंट टीचर्स एसोसिएशन (एएडीटीए) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी बहुप्रवेश-बहुप्रस्थान (मल्टिपल एंट्री और मल्टिपल एग्जिट) ड्राफ्ट को लेकर गहरी आपत्ति जताई है और इसे अविलंब वापस लेने की मांग की है। संगठन का कहना है कि यह मसौदा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की आड़ में तैयार किया गया है, लेकिन इसका असली उद्देश्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय प्रणाली को कमजोर करना और शिक्षण जैसे गंभीर पेशे को अस्थायी बनाना है। एएडीटीए ने कहा है कि इस नीति के तहत छात्र एक वर्ष बाद प्रमाणपत्र, दो वर्ष बाद डिप्लोमा और तीन वर्ष बाद स्नातक उपाधि प्राप्त कर सकते हैं, जिससे शिक्षा अधूरी रह जाएगी और मानविकी, सामाजिक विज्ञान और आधारभूत विज्ञान जैसे क्षेत्रों में विषय की गहराई नष्ट होगी। इस नीति में ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से अंक इकाई (क्रेडिट) अर्जित करने की बात कही गई है, जिससे ग्रामीण, दलित, पिछड़े, आदिवासी और श्रमिक वर्ग के छात्र जो संसाधनों से वंचित हैं, शिक्षा से और दूर हो जाएंगे। शिक्षकों पर इस नीति से अत्यधिक प्रशासनिक भार आएगा। हर स्तर पर प्रवेश और निकास, समतुल्यता निर्धारण, अंक तालिका प्रबंधन जैसी जटिलताएं शिक्षकों के कार्यभार को और बढ़ाएंगी। इसके अलावा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणाली, सार्वजनिक मंचों से अर्जित अंकों को मान्यता देना और स्वचालित शिक्षण प्रणाली की ओर बढ़ना शिक्षकों की भूमिका को सीमित कर देगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आईपीयू के एमबीए प्रोग्राम में 31 जुलाई तक आवेदन का मौका

नई दिल्ली,। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी में एमबीए (डिजास्टर मैनेजमेंट) प्रोग्राम में दाखिले के लिए अब 31 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। इस प्रोग्राम में आवेदन के इच्छुक छात्रों की मांग पर आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। इस प्रोग्राम के लिए ऑनलाइन आवेदन का लिंक यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस कोर्स में कुल 60 सीटें उपलब्ध हैं। इस संदर्भ में विस्तृत विवरण यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट उपलब्ध है।

### संपत्ति कर जमा करने के लिए 15 और 16 जुलाई को लगेंगे शिविर

नई दिल्ली,। दिल्ली नगर निगम के संपत्ति कर शिविर आज मंगलवार और कल बुधवार को विभिन्न स्थानों पर लगेंगे। यह शिविर निगम के जोन कार्यालयों में और जोन स्तर पर संपत्ति कर कार्यालय में लगेंगे। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के संपत्ति कर जमा करने वालों को 10 फीसदी छूट मिलेगी। यह सुविधा करदाताओं को 31 जुलाई तक उपलब्ध होगी। साथ ही, निगम की पर जाकर करदाता अपने संपत्ति कर का ऑनलाइन भुगतान भी कर सकते हैं।

### नेशनल हेराल्ड : ईडी की चार्जशीट मामले में फैसला 29 को

नई दिल्ली,। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को नेशनल हेराल्ड से जुड़े धनशोधन मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दायर आरोपपत्र पर संज्ञान के संबंध में फैसला सुरक्षित रख लिया है। विशेष जज विशाल गोगने की अदालत ने कहा कि ईडी के आरोपों का संज्ञान लेना चाहिए या नहीं, इस पर 29 जुलाई को आदेश पारित किया जाएगा। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोनिया गांधी-राहुल गांधी के अलावा, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डाटेक्स मर्चेंडाइज और सुनील भंडारी को आरोपी बनाया है। ईडी का आरोप कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की संपत्ति अवैध रूप से हासिल करने के लिए एक आपराधिक साजिश रची गई। एजेएल के शेयर कानून को ताक पर रखकर यंग इंडियन को हस्तांतरित किए गए। ईडी ने बीते दिनों अदालत में यह भी आरोप लगाया था कि कांग्रेस को दान-देने वालों के साथ धोखाधड़ी की गई है। यदि सबूत मिलते हैं तो ईडी कांग्रेस पार्टी को भी आरोपी बना सकती है। वहीं, प्रतिवादियों ने अदालत के समक्ष ईडी के सभी आरोपों का खंडन किया है।

### जेएनयू में पीएचडी आवेदन की तिथि बढ़ाने की मांग

नई दिल्ली,। जेएनयू में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को लेकर छात्रसंघ (जेएनयूएसयू) के प्रतिनिधियों ने सोमवार को डिप्टी रजिस्ट्रार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने यूजीसी-नेट जून-2025 के परिणाम घोषित होने तक पीएचडी आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग दोहराई। प्रशासन ने इस पर सहमति जताते हुए आश्वासन दिया है कि आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई जाएगी। छात्रसंघ अध्यक्ष नितीश कुमार ने बताया कि उन्होंने यह भी मांग रखी कि नेट का परिणाम आने के बाद आवेदन विंडो दोबारा खोली जाए और छात्रों को अपने फार्म संपादित करने का विकल्प मिले। इसके बाद डिप्टी रजिस्ट्रार ने कहा कि प्रशासन इस दिशा में प्रयास करेगा। ज्ञात हो कि बीते सप्ताह छात्र संगठनों के सदस्यों ने विश्वविद्यालय परिसर में भूख हड़ताल भी की थी, जिसमें उन्होंने पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी, समावेशी और व्यावहारिक बनाने की मांग उठाई थी। छात्रों का कहना है कि नेट का परिणाम दाखिले की पात्रता तय करता है, ऐसे में बिना परिणाम के आवेदन करना एक बड़ी बाधा है। पूर्व में भी जेएनयू में पीएचडी दाखिले को लेकर समयसीमा, सीटों की संख्या और गाइड की उपलब्धता जैसे मसलों पर छात्रों और प्रशासन के बीच टकराव होता रहा है।

# कांवड़ यात्रा सांस्कृतिक संस्कारों की प्रतीक : मुख्यमंत्री

नई दिल्ली,। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था का वह पावन संगम है, जो दिल्ली की सड़कों को तीर्थ बना देता है। यह परंपरा हमारे जीवंत सांस्कृतिक संस्कारों की प्रतीक है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि इस यात्रा को सहज, सुलभ, सम्मानजनक और भव्य बनाने का अवसर दिल्ली सरकार को प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने सावन के पहले सोमवार पर सभी शिवभक्तों को मंगलकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भोलेनाथ की कृपा से हर घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कांवड़ शिविरों की व्यवस्था परखने के लिए उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की थी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि इस बार दिल्ली के लोगों में कांवड़ियों के स्वागत का विशेष सेवा भाव है, इसीलिए इस बार शिविर लगाने के लिए 374 आवेदन मिले हैं। इस बार दिल्ली सरकार ने व्यवस्था को पारदर्शी बनाया और एक सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से अनुमति प्रक्रिया को सरल और तेज कर दिया। अब किसी संस्था को अलग-अलग एजेंसियों के चक्कर नहीं काटने पड़े और सभी को मात्र 48 से 70 घंटों में अनुमति मिल गई। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि सरकार ने इस वर्ष शिविरों को बिजली आपूर्ति के लिए 1200 यूनिट तक निशुल्क सुविधा दी है। इसके अलावा, टॉयलेट्स की पूरी व्यवस्था सरकार स्वयं कर रही है, जिसमें 24 घंटे तैनात सफाईकर्मी भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे कांवड़ शिविरों में स्वच्छता और सुविधा का नया मानदंड स्थापित होगा। इसके अतिरिक्त शिविरों में स्वास्थ्य टीमें तैनात की गई हैं, जो पास के अस्पतालों से समन्वय बनाकर सेवाएं देंगी। साथ ही यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम द्वारा सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कांवड़िये जब दिल्ली में प्रवेश करेंगे तो उन्हें अलग ही नजारा मिलेगा। उनकी सेवा के लिए सरकार और दिल्ली के लोग पलक-पांवड़े बिछाए बैठे हैं।

# दिल्ली के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता





नई दिल्ली,। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, चाणक्यपुरी के नेवी स्कूल, द्वारका के सीआरपीएफ स्कूल और रोहिणी के एक स्कूल में ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली है। दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है और बम निरोधक दस्ता मौके पर मौजूद है। अभी तक कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 8 बजे प्रशांत विहार और द्वारका सेक्टर 16 के सीआरपीएफ स्कूलों के साथ-साथ चाणक्यपुरी के एक अन्य स्कूल से बम की धमकियों के संबंध में पुलिस को फोन आए। उन्होंने कहा,पुलिस टीमें तुरंत स्कूल परिसर की जांच के लिए रवाना हो गईं। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने कहा कि इलाके को तुरंत सैनिटाइज किया गया। स्थानीय पुलिस, स्निफर डॉग और बम निरोधक दस्ते स्कूल पहुंचे और उचित जांच की है। उन्होंने आगे कहा कि साइबर पुलिस विशेषज्ञ ईमेल के स्रोत का पता लगा रहे हैं। मई में, शिक्षा निदेशालय (DoE) ने दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए और राष्ट्रीय व स्थानीय एजेंसियों के समन्वय से, दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकियों से निपटने के लिए 115-बिंदुओं वाली मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की थी। यह एसओपी सरकारी, सहायता प्राप्त, अल्पसंख्यक और मान्यता प्राप्त गैर-सहायता प्राप्त निजी स्कूलों पर लागू होती है। स्कूलों को नियमित रूप से मॉक ड्रिल आयोजित करनी होगी, निगरानी प्रणाली स्थापित करनी होगी और कड़े पहुंच नियंत्रण लागू करने होंगे। स्कूलों के प्रमुख पुलिस और आपदा सेवाओं के समन्वय से आपातकालीन प्रतिक्रियाओं का प्रबंधन करेंगे, जबकि शिक्षकों और छात्रों से सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की उम्मीद की जाती है। SOP में कहा गया है कि हर धमकी को सही माना जाएगा और अधिकारियों को तुरंत सूचित करने का आग्रह किया गया है, साथ ही घबराहट न फैलाने की बात भी कही गई है।

# पुलिस ने नकली नोटों से 40 लाख की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया, चार गिरफ्तार

नई दिल्ली,। दक्षिण जिला की स्पेशल स्टाफ ने एक बड़े ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया किया है। आरोपित लोगों को नकदी के बदले बैंक में जमा पैसे एक्सचेंज करने का झांसा देकर लाखों की ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान निखिल, प्रिंसपाल, परवेज और असगर खान उर्फ अख्तर खान उर्फ बंटी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1.25 करोड़ रुपये की डमी करेंसी (जिन पर मनोरंजन बैंग लिखा था। एक कैश काउंटिंग मशीन, 7.5 लाख नकद, 4.50 लाख बैंक में फ्रीज राशि और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। दक्षिणी जिले के डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार छह जुलाई को एक व्यक्ति ने सीआर पार्क मं शिकायत दी कि वह एक प्रॉपर्टी खरीदना चाहता था और इसके लिए अपने परिचितों से पैसे जुटाए थे। चार जुलाई को उसकी मुलाकात कुछ लोगों से हुई जिन्होंने खुद को बैंक में जमा धनराशि को नकद में बदलने वाले बताए। एक फ्लैट में उसे बुलाकर नकदी दिखाकर विश्वास में लिया और उससे 40 लाख रुपये अपने खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। बदले में उसे एक बैग में नकदी दी गई जो कैश काउंटिंग मशीन में गिनी भी गई थी। लेकिन जब उसने बैग खोला तो उसमें केवल मनोरंजन बैंक के नकली नोट थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल स्टाफ की टीम का गठन किया गया। इंस्पेक्टर गिरीश चंद्र की देखरेख में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, व्हाट्सएप कॉल डिटेल्स, बैंक ट्रांजेक्शन की गहराई से विश्लेषण किया गया। नौ जुलाई को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सैदुलाजाब स्थित एक फ्लैट से तीन आरोपित निखिल, प्रिंस पाल और परवेज को गिरफ्तार किया गया। अगले दिन असगर खान को भी उसी फ्लैट से दबोचा गया।मुख्य आरोपित असगर खान ने बताया कि उसे यह ठगी का तरीका एक नसीम नामक व्यक्ति ने सिखाया था। गिरोह का हर सदस्य एक निश्चित भूमिका निभाता था। क्लाइंट को ह्लाइनरह्व के माध्यम से लाया जाता, फ्लैट किराए पर लिया जाता और नकली नोटों की साजिश वहां रची जाती। कैश गिनने के दौरान असली नोटों को बेडशीट के नीचे बने छेद से गिराकर उनकी जगह डमी नोट रख दिए जाते थे।

# दिल्ली : दो दोस्तों ने एक-दूसरे पर किए चाकू से ताबड़तोड़ वार, तिलक नगर में डबल मर्डर से हड़कंप

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली,।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के तिलक नगर में डबल मर्डर की सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां दो दोस्तों ने एक दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों की मौत हो गई। मामला पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर थाना इलाके का है। पता चला है कि संदीप और आरिफ अच्छे दोस्त थे। दोनों के बीच किसी बात को लेकर आपसी झगड़ा हुआ था। आपसी विवाद को लेकर दोनों ने एक-दूसरे पर चाकू से हमला किया, जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, दोनों दोस्त तिलक नगर थाना क्षेत्र में स्थित ख्याला बी ब्लॉक में अपने परिवार और बच्चों के साथ रहते थे। संदीप का प्रॉपर्टी का बिजनेस था और वह पहले जिन ट्रेनर भी रह चुका है। हालांकि, अभी यह पता नहीं चल पाया है कि संदीप और आरिफ के बीच झगड़ा किस वजह से हुआ और यह खूनी घटना कैसे हुई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल भेज दिया है। तिलक नगर पुलिस स्टेशन मामले की जांच कर रहा है। इस घटना से इलाके में डर का माहौल है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में हत्या की कई घटनाएं सामने आई हैं। इससे पहले, 8 जुलाई को दिल्ली में डबल मर्डर का मामला सामने आया था। नॉर्थ दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में 22 साल की युवती और उसकी सहेली की बेटी की लाश मिली थी। पुलिस के मुताबिक, चाकू मारकर दोनों को मौत के घाट उतारा गया। हालांकि, डबल मर्डर केस को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही सॉल्व कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पता चला है कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने आत्महत्या करने की कोशिश की थी। इसके अलावा, 3 जुलाई को दिल्ली के लाजपत नगर में एक महिला और उसके बेटे की घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी। कातिल ने मां-बेटे का गला रेत दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

# बिहार चुनाव एक नए युग में प्रवेश कर रहा है

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार चुनाव एक नए युग मे प्रवेश कर रहा है। बिहार चुनाव सदैव देश- दुनिया मे सबको आकर्षित करता रहा है। लालू यादव घोटालों में सजायाफ्ता होकर चुनावी राजनिति में अयोग्य घोषित हो चुके है। राम विलास पासवान की मृत्यु हो चुकी है। और लंबे समय से भाजपा संग बिहार की सत्ता सम्हालने वाले नीतीश कुमार अब अस्वस्थ बूढ़े होने के साथ ही बिहार की राजनिति से लगभग बाहर किये जा चुके है वैसे राजनीति के बारे में यह कहा जाता है किस्मत में अगर सत्ता सुख है तो सारी बाते बेकार हो जाती है लेकिन नीतीश कुमार अब पूरी तरह से बिहार राजनीति में आउट डेटेड घोषित हो चुके है ऐसा मीडिया में और सभी राजनैतिक विश्लेषक बोल रहे लेकिन ध्यान रहे नीतीश कुमार का वोटर शांत हो के वोट करता है और परिणाम चौकाने वाले होते है और भाजपा ने नीतीश कुमार को अपना चेहरा अभी तक बनाया है तो मतलब साफ है कि नीतीश कुमार में कुछ तो अभी है। बिहार पिछले चुनाव से ही युवा चेहरों के साथ देश को आकर्षित कर रही थी, लालू पुत्र तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव तो राम विलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान पिछले कई चुनावो से अपनी क्षमता का परिचय दे रहे है, पिचले बिहार चुनाव में भले ही एक सीट न जीती हो लेकिन पुष्पम प्रिय नाम की एक लड़की जिसका बैक ग्राउंड राजनैतिक था उसने अच्छा खासा आकर्षण बिहार की राजनीति में पैदा किया था। और इसबार के बिहार चुनाव में प्रशांत किशोर की इंट्री बेहद दिलचस्प बनी हुई है। प्रशांत किशोर की राजनैतिक इंट्री तेजस्वी यादव, चिराग पासवान और सम्राट चौधरी से एकदम अलग है, जहाँ सभी राजनैतिक घरानों से आते है और जिनके पास अपने पिता द्वारा भारी राजनैतिक विरासत दी गयी है वैसा प्रशांत किशोर के पास कुछ भी नही। प्रशांत किशोर भारत की राजनीति का वो शख्स है जिसने कुछ ही वर्षो में भारत के सभी दलों से भारी भरकम पैसे लेके चुनाव जीतने के सूत्र समीकरण का सौदा किया और दिलचस्प बात ये है कि उसने अपनी ब्रांडिंग नरेंद्र मोदी के 2014 लोकसभा चुनाव से किया। 2014 लोकसभा चुनाव में न जाने कितने संगठन संघ नेतृत्व में और अन्य लोगो ने प्रशांत किशोर की तरह ही मोदी सरकार के लिए काम किया लेकिन ढफक्या होता है इससे अनजान लोगों में प्रशांत किशोर अव्वल खिलाड़ी निकले और अपनी ब्रांडिंग बड़ी खूबसूरती से कर गए, प्रशांत की महत्वाकांक्षा ही थी जो प्रशांत को मोदी से बाहर ले गयी और देखते ही देखते प्रशांत किशोर तमिलनाडु के स्टॅलिन से लेके राहुल गांधी तक गए। ममता बनर्जी, वाई इस आर रेड्डी से लेके नीतीश कुमार तक प्रशांत किशोर पहुचे। ममता और नीतीश कुमार के तो सलाहकार तक का पद प्रशांत किशोर को मिला, जबकि चुनावी जीत के सूत्र समीकरण के नाम पर एक एक राज्य के नेता से भारी भरकम पैसा चार्ज किया। जैसे बताया जाता है

# राजर्षि भूपेंद्र मोदी द्वारा ऋषिकेश में डी.एस. मान हिंदू राजा के रूप में सम्मानित



नई दिल्ली : मोती योग रिट्रीट में गंगा के पवित्र तट पर एक आध्यात्मिक समारोह में, दून इंटरनेशनल एजुकेशन सोसाइटी के संस्थापक-अध्यक्ष, श्री देवेंद्र सिंह मान को ह्यहिंदू राजाह्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह उपाधि राजर्षि भूपेंद्र मोदी—अरबपति उद्यमी और आध्यात्मिक दूरदर्शी—ने जगद्गुरु आदि शंकरा मठ की ओर से प्रदान की। श्री मान को मूल्य-आधारित शिक्षा के लिए आजीवन सेवा और हिंदू संस्कृति तथा मूल्यों के संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए धर्म के संरक्षक के रूप में मान्यता दी जा रही है। अपनी संस्थाओं के माध्यम से, उन्होंने हजारों युवा भारतीयों के जीवन में सेवा (सेवा), शिक्षा (शिक्षा), और संस्कार (सांस्कृतिक आधार) के सिद्धांतों को स्थापित करने में मदद की है। श्री मान ने कहा, ह्लयह पवित्र उपाधि प्राप्त करने वाला पहला उत्तराखंडी होने पर मैं गहरा सम्मानित महसूस कर रहा हूँ।ह्व ह्लमुझे सम्मानित करके, आपने पूरे सिख समुदाय को सम्मानित किया है, जिसने सदियों से हिंदू धर्म के लिए ढाल का काम किया है—आक्रमण औरर संकट के समय में बलिदान दिया, सेवा की और इसके मूल्यों को बनाए रखा। मैं इस सम्मान को विनम्रता, कृतज्ञता और धर्म के प्रति एक नए समर्पण के साथ स्वीकार करता हूँ। यह सम्मान श्री मान को हिंदू किंग्स एंड क्वींस मूवमेंट में पाँचवाँ वैश्विक सम्माननीय बनाता है—यह राजर्षि मोदी के नेतृत्व में एक वैश्विक पहल है जिसका उद्देश्य 500 ऐसे आध्यात्मिक रूप से प्रबुद्ध व्यक्तियों की पहचान करना है जो अपने बाद के वर्षों में बुद्धिमान, धर्म-संरेखित नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। पहले सम्मानित किए गए व्यक्तियों में शामिल हैं: डॉ. सुधीर पारिख झ्र यू.एस.-स्थित पद्म श्री पुरस्कार विजेता और परोपकारी डॉ. दीपक चोपड़ा झ्र विश्व स्तर पर सम्मानित वेलनेस लीडर डॉ. रोमेश जापरा अमेरिकी अंतरधार्मिकऊ अधिवक्ता और समुदायअ निमार्ता राजकुमारी अश्वथी थिरुनल गौरी लक्ष्मी बाई झ्र हिंदू कला और संस्कृति की शाही संरक्षक राजर्षि भूपेंद्र मोदी, जिन्हें उनके 75वें जन्मदिन पर सभी चार शंकराचार्यों द्वारा ह्यराजर्षिह्न की पवित्र उपाधि से अलंकृत किया गया था, ने धर्म-प्रेरित नेतृत्व की वैश्विक भावना को फिर से जगाने के लिए इस आंदोलन की शुरूआत की। उनके मिशन को 2025 के महाकुंभ में और पवित्र किया गया जहाँ उन्हें धर्म दंड प्राप्त हुआ, जो आध्यात्मिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस दृष्टिकोण को संस्थागत रूप देने के लिए, राजर्षि मोदी ने रामपुर में जगद्गुरु आदि शंकरा मठ की स्थापना की—यह अद्वैत वेदांत के प्रसार और साझा आध्यात्मिक तथा सभ्यतागत मूल्यों के माध्यम से दुनिया भर के हिंदुओं को एकजुट करने के लिए समर्पित एक केंद्र है।

# पुलिस ने खुलासा किया है कि ये घटना 12 नहीं, 10 जुलाई की है, ग्लास लेकर जा रहे ई-रिक्शा में टक्कर लगने से सड़कों पर कांच बिखरा: सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, दिल्ली में साम्प्रदायिक दंगा पैदा करने की कोशिश कर रही भाजपा पर आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने 12 जुलाई को एक ट्वीट कर कहा कि शहादरा में शरारती तत्वों ने कांवड़ मार्ग पर एक किमी तक कांच के टुकड़े बिखेर दिए। जबकि पुलिस ने जांच में खुलासा किया है कि ये घटना 12 नहीं, 10 जुलाई की है और ग्लास लेकर जा रहे ई-रिक्शा में किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसके बाद कांच के टुकड़े सड़क पर बिखर गए। इसी तरह का एक ट्वीट एलजी साहब ने भी की। इसलिए दिल्ली में साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश में मंत्री कपिल मिश्रा और एलजी साहब के खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को चौधरी मतीन अहमद, विधायक संजीव झा के साथ पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि दिल्ली में पिछले 30 सालों से हम देखते आ रहे हैं कि लाखों कांवड़िए गंगा जी से गंगाजल लेकर अपने-अपने गांवों और कॉलोनियों में आते हैं और भोलेनाथ पर गंगाजल चढ़ाते हैं। हमने कभी नहीं सुना कि कांवड़ यात्रा में हिंदू-मुस्लिम फसाद हुआ हो। दिल्ली में प्रवेश करने के बाद कई ऐसे इलाके हैं, खासकर पूर्वी दिल्ली में, जो मुस्लिम बहुल हैं। फिर भी, वहां कभी कांवड़ को लेकर सांप्रदायिक तनाव की बात नहीं सुनी गई। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 27 साल बाद भाजपा दिल्ली की सत्ता में आई है। बीजेपी सरकार में यह पहली कांवड़ यात्रा हो रही है। दिल्ली सरकार के कानून मंत्री कपिल मिश्रा 12 जुलाई की रात करीब 9:30 बजे एक ट्वीट करते हैं कि दिल्ली के शहादरा में कुछ शरारती तत्वों ने कांवड़ यात्रा के मार्ग पर लगभग एक किलोमीटर तक कांच के टुकड़े बिखेर दिए। पीडब्ल्यूडी और निगम कर्मचारी मार्ग को साफ कर रहे हैं, स्थानीय विधायक संजय गोयल भी वहां मौजूद हैं और सीएम रेखा गुप्ता ने स्वयं घटना का संज्ञान लिया है, पीडब्ल्यूडी द्वारा शरारती तत्वों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी, कांवड़ यात्रा में कोई व्यवधान नहीं होने देंगे। इसके बाद 13 जुलाई को शाम 4:04 बजे एलजी एक वीडियो के साथ ट्वीट किया कि जो कांवड़ यात्री नंगे पैर चलते हैं, उनके मार्ग पर एक किलोमीटर तक कांच बिखरे हुए पाए गए। पुलिस को मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। पीडब्ल्यूडी को मार्ग को साफ करने का निर्देश दिया गया है। रोड़ को दो घंटे में साफ कर दिया गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और क्राइम ब्रांच जांच कर रही है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मंत्री कपिल मिश्रा और एलजी के ट्वीट से ऐसा लगता है कि घटना अभी-अभी हुई है और सड़क की सफाई चल रही है। लेकिन दिल्ली पुलिस ने बताया कि यह घटना 12 जुलाई की नहीं, 10 जुलाई की है। 10 जुलाई को चिंतामणि चौक से झिलमिल मेट्रो स्टेशन तक एक ई-रिक्शा वाला 19 ग्लास लेकर जा रहा था। ये वे ग्लास थे जो गाड़ियों की विंडशील्ड में लगते हैं। पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे कांच टूटकर सड़क पर बिखर गया। इसकी वीडियो 10 जुलाई को मोंटू नामक व्यक्ति ने बनाई और नंदनगरी के पीयूष नामक व्यक्ति को भेजी। 10 जुलाई की घटना वाली वीडियो को 12 जुलाई को दिखाकर तनाव पैदा करने की कोशिश की गई। यह कांच छोटे-छोटे टुकड़ों में टूटते हैं, जिनके कोने नहीं होते। ऐसा इसलिए बनाया जाता है ताकि एक्सीडेंट में किसी को चोट न लगे। अगर चोट लगने की बात होती, तो नेशनल हाईवे पर सैकड़ों गाड़ियां पंचर हो जातीं, ट्रैफिक जाम हो जाता। दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने यह सिर्फ दिल्ली में सांप्रदायिक तनाव भड़काने के लिए किया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एलजी ने भी ट्वीट किया, लेकिन हो सकता है

# एक लाख करोड़ के बजट के बाद भी महिलाओं को 2500 रुपए, छात्राओं को लैपटॉप, युवाओं को नौकरी देने का वादा पूरा नहीं हुआ: अनिल झा

नई दिल्ली, दिल्ली में बीजेपी सरकार द्वारा मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों तक को महंगे फोन खरीदने का आदेश जारी करने पर आम आदमी पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। आप नेता व विधायक अनिल झा ने कहा कि गरीब विरोधी बीजेपी सरकार अकाल में उत्सव मना रही है। सरकार सीएम और मंत्रियों के लिए लेटेस्ट वर्जन का मोबाइल खरीदने जा रही है, जबकि उन्हें टेलिफोन की सुविधा पहले से मिल रही है। माया महल और रंग महल के बाद अब बीजेपी सरकार मोबाइल फोन खरीदने में दिल्लीवालों के टैक्स के लाखों रुपए बर्बाद करेगी। जबकि महिलाओं को 2500 रुपए, छात्राओं को लैपटॉप, युवाओं को नौकरी देने समेत एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। दिल्लीवालों से किया वादा भले न पूरा हो, लेकिन बीजेपी के मंत्रियों को नई कार, सिक्युरिटी, नए कमोड़, पर्दे, महंगे फोन सब चाहिए। ये लोग सरकार चलाने नहीं, बल्कि 27 साल की भूख मिटाने के लिए आए हैं। आप नेता व विधायक अनिल झा ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि जब कोई पार्टी सत्ता में आती है, तो सत्ता की हनक धीरे-धीरे उसके मुख्य बिंदुओं से ध्यान भटकाती है। सत्ता की हनक दिमाग पर कैसे चढ़ती है, यह दिल्ली की बीजेपी सरकार के मंत्रियों और मुख्यमंत्री की कार्यशैली से साफ पता चलता है। यह ऐसा है जैसे अकाल में उत्सव मनाने की प्रक्रिया दिल्ली सरकार कर रही है। कहने के लिए बीजेपी सरकार 1 लाख करोड़ का बजट लाई है, लेकिन उसमें दिल्ली की महिलाओं को 2,500 रुपए देने का वादा पूरा नहीं हुआ। बुजुर्गों की पेंशन भी बंद कर दी गई। 80 हजार महिलाओं को अपात्र बताकर उनकी पेंशन काट दी गई। निराश्रित बहनों और विधवाओं की पेंशन भी हटा दी गई, यह आरोप लगाकर कि यह गलत तरीके से दी गई थी। अनिल झा ने कहा कि ऐसे ही गरीबों के मकानों पर बुलडोजर चल रहे हैं। अनधिकृत कॉलोनियों में बुलडोजर का खतरा मंडरा रहा है, नोटिस आ चुके हैं। कई जगह तोड़फोड़ हो रही है और अफवाहें इस कदर फैल गई हैं कि लोगों में डर का माहौल है। भाजपा के लोग कह रहे हैं कि अनधिकृत कॉलोनियों में भी बुलडोजर चलने वाला है। इस बीच, दिल्ली सरकार अकाल में उत्सव मना रही है। सरकार ने वादा किया था कि 12वीं कक्षा की बच्चियों को लैपटॉप दिया जाएगा, लेकिन मिला नहीं। पेंशन नहीं मिली, ऑटो वालों को वादा किया गया पैसा नहीं मिला, 50,000 नौकरियों का वादा पूरा नहीं हुआ, डीटीसी कर्मचारियों का वादा पूरा नहीं हुआ। एमसीडी में 20-20 सालों से कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रहे इंजीनियरों को पक्का करने का वादा भी पूरा नहीं हुआ। अनिल झा ने कहा कि बीजेपी सरकार ने कुछ वादे पूरे किए हैं, जो उसने जनता से नहीं किए थे। मसलन, माया महल और रंग महल का निर्माण हो रहा है। इसका वादा नहीं किया गया था। रंग महल में 1 करोड़ से ज्यादा का रिनोवेशन होगा। अब अकाल में उत्सव मनाते हुए बीजेपी सरकार ने आदेश जारी किया है कि मुख्यमंत्री पुराने फोन से वीडियो क्लीप ठीक से नहीं देख पातीं, अपडेट नहीं रह पातीं हैं। इसलिए उन्हें लेटेस्ट वर्जन का मोबाइल मिलना चाहिए। मंत्रियों को भी नए वर्जन के मोबाइल मिलेंगे। टेलीफोन में हजारों कॉल फ्री, घर-ऑफिस में सुविधाएं और मुख्यमंत्री के पास 140 से ज्यादा स्टाफ है। उनके पास समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग भी हैं। सीएम 14 के आसपास सिक्योरिटी गार्ड और गाड़ियां इस्तेमाल कर रही हैं। अनिल झा ने कहा कि जब हम कहते हैं कि ये फिजूलखर्ची कर माया महल बना रहे हैं। कम पढ़े लिखे एक्सीडेंटल मंत्री सिरसा कहते हैं कि माया महल को मुगलिया नाम दिया गया। यह मुगलिया सल्तनत का नाम है, जबकि माया महल विशुद्ध भारतीय और हिंदी शब्द है। लेकिन सरकारी आदेश में साफ लिखा है कि मुख्यमंत्री 1.25 लाख से 1.5 लाख तक का फोन ले सकती हैं और दो साल बाद फिर नया फोन ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा खुद को संघ के विचारों से बंधी होने का दावा करती है, लेकिन क्या वह वैसी है? क्या 1.5 लाख का मोबाइल, लेटेस्ट कमोड, रिमोट वाले पंखे और नई सुविधाएं लेना ही भाजपा के मंत्रियों का लक्ष्य है? संघ तो समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति का कल्याण करने की बात करता है। अनिल झा ने कहा कि 10 महीने पहले यही भाजपा के लोग चिल्लाते थे कि सरकार का पैसा बेजा इस्तेमाल हो रहा है। लेकिन अब जनता के काम अंतिम श्रेणी पर हैं। दिल्ली जल बोर्ड की हालत ऐसी है कि आधी दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में लोग प्यासे तड़प रहे हैं। 4 दिन में 2 घंटे भी पानी नहीं मिलता। लेकिन मुख्यमंत्री का डिपार्टमेंट सर्कुलर जारी करता है कि मंत्रियों को नए मोबाइल के लिए एडवांस पैसा दिया जाएगा। 40 साल से रह रहे लोगों के मकानों की गारंटी नहीं है। झुग्गी वालों को ह्लजहां झुग्गी, वहीं मकानह्व की गारंटी में सरकार 95 फीसद फेल हो गई। सरकारी स्कूलों को चालू करने के लिए हमें हाईकोर्ट जाना पड़ता है। पिछली सरकार में बने स्कूलों में एडमिशन, बिजली, पानी के कनेक्शन नहीं हो पा रहे। लेकिन मुख्यमंत्री को नई कार, सिक्योरिटी, नए कमोड, पर्दे, टाइल्स और मोबाइल चाहिए। यह भौतिकवादी सरकार अकाल में उत्सव मना रही है। अनिल झा ने आप की तरफ से भाजपा सरकार से मांग की कि लेटेस्ट मोबाइल, एंड्रॉयड या ऐपल फोन खरीदने से पहले दिल्ली की महिलाओं को 2,500 रुपए दीजिए।

# दिल्लीवालों की चिंता छोड़ अपने मंत्रियों के लिए लाखों रुपए के फोन खरीदेगी भाजपा सरकार: सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली, दिल्ली की भाजपा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री और मंत्रियों के लिए लाखों रुपए के मोबाइल फोन खरीदने के किए गए फैसले पर आम आदमी पार्टी ने कड़ी आपत्ति जताई है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार दिल्लीवालों की चिंता छोड़ अपने मंत्रियों के लिए लाखों रुपए के मोबाइल फोन खरीदने जा रही है। भाजपा को अपने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के लिए 1.50 और 1.25 लाख रुपए का फोन और अनलिमिटेड बिल का ऑर्डर निकालने में जरा भी देर नहीं लगी, लेकिन महिलाओं को 2500 रुपए देने के लिए कमेटी बना दी। सरकार को मंत्रियों के फोन के लिए भी कमेटी बनानी चाहिए थी। निजी स्कूलों में फ्रीस वृद्धि, जल भराव, ट्रैफिक जाम, गरीबों के मकान तोड़ने से परेशान दिल्लीवाले भाजपा के सारे कारनामे देख रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली की लाखों महिलाओं को भाजपा ने वादा किया था कि 8 मार्च 2025 से पहले उनके खातों में हर महीने 2500 रुपए आने शुरू हो जाएंगे। वह पैसा तो आया नहीं, उल्टा उसके लिए एक कमेटी बना दी गई। वह कमेटी बस मीटिंग-मीटिंग खेल रही है और अभी तक पैसे का कोई अता-पता नहीं है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब खुद के लिए 1.5 लाख रुपए का फोन लेना हो और अनलिमिटेड बिल का ऑर्डर निकालना हो, तो वह तुरंत पास हो गया। इसके लिए भी भाजपा एक कमेटी बना लेती। वह कमेटी जाकर ढूंढती कि कौन सा मोबाइल कितने का आता है, कौन सा मुख्यमंत्री के लिए ठीक रहेगा, कितना बिल आना चाहिए और सरकार को कितना बिल देना चाहिए। वहां कमेटियां क्यों नहीं बनाई जातीं हैं? अपना काम तुरंत, लेकिन जनता के लिए काम कमेटी-कमेटी। यह जो भाजपा कर रही है, दिल्ली के लोग इसे देख रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर कहा कि दिल्ली भाजपा की मुख्यमंत्री और मंत्रियों को बधाई। सीएम और मंत्री 1.5/1.25 लाख का फोन और अनलिमिटेड बिल की योजना पास हुई है, विकास होना चाहिए, किसी का तो हो रहा है। 2500 रुपए नहीं भी दिए तो क्या, प्राइवेट स्कूल फीस बढ़ी तो क्या, दिल्ली में खूब जल भराव हुआ तो क्या, बारिश में घंटों ट्रैफिक जाम तो क्या, हजारों विधवाओं की पेंशन काटी तो क्या, गरीब का मकान टूटा तो क्या? महिलाओं को 2500 देने पर कमिटी बना दी, 8 मार्च निकल गई, कमिटी कमेटी खेल रहे हैं। किसी एक महिला को 2500 नहीं दिए। अपने फोन के लिए भी कोई कमेटी बना देते, वर्षों तक चर्चा करते कि कितने का फोन होना चाहिए।

# उमेर जावेद हुए कांग्रेस जिला सचिव के पद पर मनोनीत

## पार्टी में बढ़ी हैसियत, समर्थकों में खुशी का माहौल



स्योहारा/ सहसपुर। स्योहारा के कर्मठ और तेजतर्रार युवा नेता चौ.उमेर जावेद को कांग्रेस पार्टी ने जिले की बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए जिला सचिव पद पर मनोनीत किया है ये नियुक्ति उनके वर्षों की निष्ठा मेहनत और पार्टी के प्रति समर्पण का परिणाम मानी जा रही है पार्टी हाईकमान द्वारा मिले इस सम्मान से न सिर्फ उनके राजनीतिक कद में इजाफा हुआ है बल्कि स्थानीय कार्यकताओं और समर्थकों में भी हर्ष का वातावरण बन गया है इस अवसर पर उमेर जावेद ने पार्टी नेतृत्व विशेषकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय तथा जिला अध्यक्ष हैन रीता राजीव सिंह का आभार जताते हुए कहा कि यह सिर्फ पद नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी है जिसे मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाऊंगा मेरा उद्देश्य सदैव पार्टी को मजबूत बनाना और जनआंदोलनों से कांग्रेस की ताकत को गांव-गांव तक पहुंचाना रहेगा उमेर जावेद कांग्रेस पार्टी पिछले कई वर्षों से संगठन के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए है चाहे पार्टी का कोई जन आंदोलन हो, संगठनात्मक बैठक हो या पार्टी के लिये कोई संघर्ष हो उनकी उपस्थित ने हर बार यह सिद्ध किया है कि वे सिर्फ नाम के कार्यकर्ता नहीं है बल्कि पार्टी के एक सच्चे सिपाही हैं उनके जिला सचिव बनने पर उन्हें बधाई देने वालो का तांता लगा है।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सभी विभाग निर्धारित उत्तरदायित्वों का अनुपालन करें सुनिश्चित

- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कराई जाए एंटी लार्वा एक्टिविटी एवं फॉगिंग
- अंतर्विभागीय सहयोग द्वारा संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित कराया जाए

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देशों पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने संचारी रोगों पर नियंत्रण अभियान की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए। कि संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने डेंगू और अन्य वेक्टर बोर्न बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा छिड़काव के लिए निर्देश दिए। इसके अलावा आमजन को साफ सफाई और बचाव के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिए। बैठक में ब्लॉकवार अभियान की प्रगति जानते हुए निर्देश दिए कि सप्ताह में प्रत्येक शनिवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं सीडीपीओ संयुक्त रूप से बैठक कर अभियान में आ रही समस्याओं के समाधान पर चर्चा की जाए। साथ ही, इस बैठक की विस्तृत रिपोर्ट सोमवार को होने वाली बैठक में भी प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान31 जुलाई तक चलाया जाएगा। उन्होंने संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम, कृषि एवं सिंचाई विभाग, पशुपालन विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं अन्य संबंधित विभागों के अंतर्विभागीय सहयोग द्वारा संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित कराया जाए। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। नगरीय एवं देहाती क्षेत्रों में सफाई एवं जलभराव निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लोगों की जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां इस प्रकार से संचालित की जाएं कि उनमें संचारी रोग नियंत्रण के प्रति समझ विकसित हो सके। सभी विभाग सौंपी गई जिम्मेदारियों का भली प्रकार से निर्वहन करें। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही हुई तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यपाल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आभा दत्त सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नये सत्र से पहले डीयू में महिला सुरक्षा को लेकर मजबूत तंत्र बनाने की मांग

## विद्वत परिषद की महिला सदस्यों ने कुलपति को समस्याओं से कराया अवगत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली विश्वविद्यालय का नया सत्र 1 अगस्त से शुरू होने वाला है। सत्र शुरू होने से पहले डीयू के कैंपस और कॉलेजों में महिला सुरक्षा को मजबूत तंत्र बनाने की मांग डीयू में विद्वत परिषद की महिला प्रतिनिधियों ने की है। इंडियन नेशनल टीचर्स कांग्रेस (इंटेक) की विद्वत परिषद की सदस्य प्रो. नीलम और डॉ. लतिका गुप्ता सोमवार को डीयू के कुलपति कुलपति को एक पत्र सौंपा, जिसमें विश्वविद्यालय के कॉलेजों और विभागों में महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई। प्रो. नीलम का कहना है कि हाल ही में मीडिया में आई घटनाओं और कैंपस चर्चाओं में उठे मुद्दों ने सुरक्षा ढांचे, शिकायतों के प्रति त्वरित प्रतिक्रिया, और लैंगिक संवेदनशीलता के प्रयासों में गंभीर कमियों को उजागर किया है। महिला छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल नैतिक दायित्व नहीं, बल्कि एक स्वस्थ अकादमिक वातावरण बनाए रखने के लिए भी अनिवार्य है। इस संदर्भ में परिसर सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना, संवेदनशील क्षेत्रों जैसे मार्गों, छात्रावासों और आम स्थानों में रोशनी की व्यवस्था, निगरानी और रोकथाम के लिए प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने, छात्रों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए लैंगिक संवेदनशीलता और यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर नियमित कार्यशालाओं का आयोजन करने, सभी शैक्षणिक स्थानों में सम्मान, जागरूकता और समावेशिता की संस्कृति को बढ़ावा दिये जाने, शिकायत निवारण तंत्र को सशक्त बनाने, विश्वविद्यालय समुदाय को आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका, प्रक्रिया और पहुँच के बारे में जागरूक करने के लिए नियमित अभियान चलाने, सुरक्षित परिवहन और आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराने, देर शाम कक्षाओं या कार्यक्रमों में भाग लेने वाली छात्राओं के लिए सुरक्षित और विश्वसनीय परिवहन की सुविधा, आपात स्थिति में तत्काल सहायता हेतु पैनिक बटन और 24x7 हेल्पलाइन की व्यवस्था, स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर नियमित सुरक्षा ऑडिट और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र का विकास, छात्राओं व महिला शिक्षिकाओं के शौचालयों का निरीक्षण, सभी इमारतों में छात्राओं व महिला शिक्षिकाओं के शौचालयों का निरीक्षण कराया जाए। कई स्थानों पर देखा गया है कि दरवाजों की कुंडी सही ढंग से काम नहीं करती, जो एक गंभीर सुरक्षा खतरा है। सदस्यों ने कुलपति से आग्रह किया है कि इन सुरक्षा उपायों के मूल्यांकन और कार्यान्वयन के लिए एक समर्पित कार्यबल गठित किया जाए, जो सभी कॉलेजों और विभागों में इनकी निगरानी और क्रियान्वयन सुनिश्चित करे।

# 533 क्लस्टर बसें दिल्ली की सड़कों पर चलेंगी या नहीं, 15 जुलाई को आ सकता है फैसला

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली की सड़कों पर दौड़ रहीं 533 क्लस्टर बसों के संचालन पर मंगलवार को फैसला आ सकता है। दिल्ली सरकार के अनुबंध समाप्त करने के निर्णय के खिलाफ दो क्लस्टर के बस ऑपरेटरों ने कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने इस मामले को आर्बिट्रेशन में ले जाने का आदेश दिया था। इस मामले में बीती पांच जुलाई को सुनवाई हुई। आर्बिट्रेशन में चल रहे इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। दरअसल, दिल्ली के चार क्लस्टर (क्लस्टर संख्या 6, 7, 8 और 9) में संचालित बसों का अनुबंध मई में समाप्त हो गया था। इनमें से दो क्लस्टर (6 और 9) में संचालित 400 से ज्यादा बसों का संचालन मई में ही बंद हो गया था, जबकि दो अन्य क्लस्टर में 533 बसों को संचालित कर रहे दो प्राइवेट ऑपरेटर इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट चले गए थे। कोर्ट के आदेश पर मामला आर्बिट्रेशन में चला गया था। इस मामले में बीती सात मई को हुई सुनवाई में दिल्ली सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए कहा गया था। अगली सुनवाई के लिए तय की गई 5 जुलाई तक बस ऑपरेटरों को संचालन जारी रखने की अनुमति मिल गई थी। डिम्ट्स के अधिकारी ने बताया कि इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। अब मामले की सुनवाई 15 जुलाई को होगी। क्लस्टर योजना के तहत दिल्ली में संचालित बसें सीएनजी बसें - 2283 12 मीटर बसें - 380 9 मीटर बसें - 333

# सुन्दर वृक्षों से सजेगा अमरोहा -जोया रोड: ईओ

प्रात: किरण संवाददाता




अमरोहा। उत्तर प्रदेश मे विश्व कीर्तिमान स्थापित करते हुए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश मे 37 करोड़ से अधिक वृक्ष लगाने के अभियान अंतर्गत जनपद के प्रत्येक विकास खंड व निकायों मे गत दिनांक 9 जुलाई 2025 से वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी क्रम मे सोमवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा जोया रोड पर वृक्षा रोपण किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष शशि जैन भी उपस्थित रहीं। इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया की मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार प्रदेश भर मे वृहद वृक्षारोपण -2025 अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पालिका क्षेत्र मे स्थित स्कूल, कालेज, मार्ग, मैदान, पार्क, उपवन, सार्वजनिक स्थानों पर पालिका द्वारा वृक्षा रोपण किया जा रहा है। इसी क्रम मे नगर के सिविल लाइन्स एरिया रेलवे ओवरब्रिज जोया रोड से पालिका सीमा क्षेत्र गलेक्सी अपार्टमेंट जोया रोड तक सडक के दोनों ओर लाल व पीली कनेर के वृक्ष लगवाए जा रहे है जिसका शुभ आरम्भ जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट पार्क के आगे मार्ग पर कनेर का वृक्ष लगा कर किया गया। पालिका अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया की इस मार्ग पर दोनों ओर 1300 से अधिक लाल व पीली कनेर के वृक्ष लगाए जायेंगे, जिनके शत प्रतिशत संरक्षण का दायित्व पालिका का रहेगा, इन वृक्षों के बड़े हो जाने पर तथा फूल निकलने पर यह मार्ग एक रूपी वृक्ष / फूल की दूर तक सुन्दर छटा बिखेरेगा तथा मनोहारी दृश्य दिखाई देगा। उक्त विचार मा. नगर विकास मंत्री श्री ए. के. शर्मा जी के नगर सुशोभन हेतु किये जाने वाले कार्यों से लिया गया है। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम मे जिलाधिकारी के साथ शशि जैन, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अमरोहा, पालिका अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

# आपसी झगड़े में दो दोस्तों ने एक दूसरे पर चाकू से किया हमला, दोनों की मौत

नई दिल्ली, । पश्चिमी जिले के तिलक नगर इलाके में रविवार देर रात आपसी झगड़े ने दो दोस्तों की जान ले ली। पुलिस के मुताबिक दोनों युवक बी-ब्लॉक, ख्याला के रहने वाले थे। दोनों काफी समय से एक-दूसरे को जानते थे। रविवार रात करीब 11 बजे दोनों दोस्त तिलक नगर स्थित पार्क में बैठे थे। इसी दौरान किसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। बहस इतनी बढ़ गई कि हाथापाई में तब्दील हो गई। पुलिस को शुरूआती जांच में पता चला है कि हाथापाई के दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर चाकू से हमला किया। झगड़े में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने दोनों को तुरंत दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल से पुलिस को सूचना दी गई कि बी-ब्लॉक से दो लोगों को चाकू से घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया है। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों घायलों को भर्ती तो किया गया, लेकिन उनकी हालत बेहद गंभीर है। देर रात इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। जांच में मृतकों की पहचान आरिफ और संदीप के रूप में हुई है। दोनों ख्याला (बी ब्लॉक) के रहने वाले थे और एक ही गली में रहते थे।पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार पुलिस ने मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना की बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस टीम ने स्थानीय स्तर पर पूछताछ भी की है।

# लड़की से सीने मे धड़केगा लड़के का दिल, दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में सफल हार्ट ट्रांसप्लांट

नई दिल्ली, । हार्ट और किडनी के ट्रांसप्लांट से लेकर शरीर के कटे अंगों को जोड़ने की सर्जरी तक के मामलों में केंद्र सरकार के अस्पताल निरंतर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के विशेषज्ञों ने एक बार फिर हार्ट ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया को सफल बनाने में कामयाबी हासिल की है। दरअसल, मूलतः यूपी के शामली इलाके की रहने वाली फातिमा (26 वर्ष) डायलेटेड कार्डियोमायोपैथी जैसे गंभीर हृदय रोग से पीड़ित थीं। इस रोग के चलते उन्हें सांस फूलने और कामकाज करने में काफी दिक्कत महसूस हो रही थी। वह आरएमएल अस्पताल में इलाज करवा रही थीं, जहां कार्डियोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने उन्हें हार्ट ट्रांसप्लांट की सलाह दी और हृदय आवंटन के लिए एनओटीटीओ में पंजीकरण करा दिया। हालांकि, युवती को पेसमेकर भी लगा हुआ था। हार्ट ट्रांसप्लांट की जिम्मेदारी आरएमएल के कार्डियो-थोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग के प्रमुख डॉ. विजय ग्रोवर को सौंपी गई, जो इससे पहले दो हार्ट ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक कर चुके हैं। डॉ. ग्रोवर ने बताया कि एनओटीटीओ ने एक हार्ट महिला मरीज को आवंटित कर दिया, जिसे चंडीगढ़ में ब्रेन डेड युवक (24 वर्ष) के परिजनों ने डोनेट किया था। शुक्रवार रात ही डॉक्टरों की एक टीम को चंडीगढ़ भेजा गया। डॉ. पलाश अय्यर की टीम ने सुबह 4 बजे तक हार्ट को रिट्रीव कर लिया और पौने छह बजे हार्ट को दिल्ली ले आई। डॉ. ग्रोवर ने बताया कि इस बीच मरीज को ओटी बेड पर सर्जरी के लिए तैयार रखा गया ताकि हार्ट के अस्पताल पहुंचते ही ट्रांसप्लांट प्रक्रिया तुरंत शुरू की जा सके। चूंकि रिट्रीव किए गए हार्ट को अगले 4 घंटे में, यानी सुबह 8 बजे तक ट्रांसप्लांट किया जाना जरूरी था, अन्यथा हार्ट की कार्यक्षमता पर असर पड़ सकता था। सुबह 6 बजे शुरू की गई सर्जरी 7:30 बजे संपन्न हो गई। मरीज को आईसीयू से शाम को वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। अब उसकी हालत स्थिर है और वह सामान्य रूप से खा-पी रही है।

# एमसीडी दिल्ली में 7 लाख से अधिक पौधे लगाएगी


नई दिल्ली, । दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने सोमवार को ग्रीन एक्शन प्लान के तहत पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और हरित राजधानी के संकल्प के साथ इस साल दिल्ली में 7 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने एक बयान में बताया कि ग्रीन एक्शन प्लान के तहत वर्ष भर में कुल 7,03,298 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें 3 लाख पेड़, 4 लाख झाड़ियां और 3,298 बांस के पौधे शामिल हैं। इस अभियान को मानसून सीजन में गति दी गई है। उन्होंने बताया की अब तक दिल्ली के विभिन्न 12 जोनों में 66,242 पौधे रोपे जा चुके हैं। जिनमें 21,493 पेड़, 41,918 झाड़ियां और 2,831 बांस के पौधे हैं। सत्या शर्मा ने कहा कि नगर निगम के उद्यान विभाग ने बारिश के मौसम में अभियान को युद्ध स्तर पर शुरू किया है। यह अभियान दिल्ली की हवा को साफ करने, तापमान में कमी लाने और जैव विविधता को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शर्मा ने बताया की ग्रीन एक्शन प्लान को लेकर उद्यान विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक भी की गई है। बैठक में इस वर्ष निर्धारित पौधारोपण लक्ष्य की पूर्ति, उपयुक्त स्थलों का चयन, पौधों की देखरेख और उनके संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए की इन पौधों को चरणबद्ध और सुनियोजित तरीके से दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में लगाया जाएगा। सत्या शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल अभियान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि दिल्लीवासियों से अपील है कि वे अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। यह पर्यावरण सेवा के साथ-साथ मातृ भक्ति का प्रतीक बन सकता है।

# राकेश कुमार बने विद्युत उपखंड स्योहारा (प्रथम) के एस.डी.ओ, संभाला चार्ज

## विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का जल्द से जल्द होगा निस्तारण

- बकायदार भी समय से करें बिजली बिल जमा : राकेश कुमार (एस.डी.ओ)

प्रात: किरण संवाददाता



स्योहारा। विधुत उप खण्ड अधिकारी राकेश कुमार को अब विद्युत उपखण्ड स्योहारा (प्रथम) का नया एस.डी.ओ.बनाया गया है उन्होंने विधुत उपखण्ड अधिकारी स्योहारा( प्रथम) का चार्ज संभाल लिया है। एस.डी.ओ. स्योहारा ने विद्युत कर्मियों और विद्युत उपभोक्ताओं को आगाह करते हुए कहा कि विद्युत कर्मी समय रहते विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करें । तो वहीं उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं को भी आगाह करते हुए कहा कि विद्युत उपभोक्ता भी समय से अपना बिजली का बिल जमा करें उन्होंने विशेष रूप से दस हजार रुपये या उससे अधिक के बिजली बिल बकायेदारों को अति शीघ्र जमा करने की अपील की ताकि विद्युत उपभोक्ता विभाग द्वारा की जाने वाली विच्छेदन की कार्रवाई से बच सके। और अवैध रूप से बिजली का प्रयोग ना कर विद्युत चोरी के अर्थ दंड से भी बचे रहें तथा विद्युत विभाग के कार्य में अपना पूर्ण सहयोग दें। उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि वे उपभोक्ताओं की विद्युत उपखण्ड स्तर की समस्याओं को उप केंद्र पर ही हल करने का प्रयास करें। उन्होंने विशेष रूप से लाइनमैन और मीटर रीडर को भी निर्देशित करते हुए कहा कि वह विद्युत उपभोक्ताओं से अच्छे व्यवहार से पेश आयें। विशेषरूप से रात्रि में होने वाले लाइन पर फॉल्ट होने पर तुरंत संज्ञान ले। और मीटर रीडर उपभोक्ताओं सही-सही रीडिंग भेजें ताकि उपभोक्ताओं को बिजली का बिल जमा करने में कोई परेशानी न हो। आपको बताते चलें कि इससे पहले राकेश कुमार जनपद गाजियाबाद में विद्युत विभाग को अपनी सराहनीय सेवाए दे चुके हैं। वह अपनी व्यवहार कुशलता और कर्तव्यपरायण कार्य शैली के लिए जाने जाते हैं वह अपने स्तर की विद्युत सम्बन्धी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने में विश्वास रखते हैं।

# केरल नगर पालिका के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के महापौर से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों की ली जानकारी

प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मुख्यालय सिविक सेंटर में केरल के रामनाथुकारा नगर पालिका के 31 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात का उद्देश्य एमसीडी द्वारा अपनाई गई ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों की जानकारी प्राप्त करना था। बैठक के दौरान महापौर राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम की नागरिक सेवाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विशेष रूप से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी रणनीतियों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दिल्ली जैसे विशाल और सघन आबादी वाले नगर क्षेत्र में एमसीडी नवाचार, कार्यकुशलता और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से श्रेष्ठ नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एमसीडी अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को निगम की व्यापक अपशिष्ट प्रबंधन रणनीति के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दिल्ली में प्रतिदिन लगभग 11,500 मीट्रिक टन कचरा उत्पन्न होता है। जिसमें से लगभग 8,000 मीट्रिक टन का निपटान अपशिष्ट-से-ऊर्जा, कम्पोस्टिंग तथा अन्य वैज्ञानिक विधियों से किया जाता है। शेष 3,500 मीट्रिक टन के निपटान हेतु निगम द्वारा नई, तेज और टिकाऊ तकनीकों को अपनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल को कचरा उत्पत्ति से लेकर उसके प्राथमिक एवं द्वितीयक पृथक्करण, परिवहन और अंतिम निपटान की प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने ओखला वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट का दौरा कर निगम की अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। रामनाथुकारा नगर पालिका के प्रतिनिधिमंडल ने एमसीडी द्वारा साझा की गई विस्तृत जानकारी की सराहना की और कहा कि वे इन सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनी नगर पालिका में अपनाकर शहरी शासन को सुदृढ़ बनाने और सेवा वितरण को बेहतर करने का प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में रामनाथुकारा नगर पालिका की अध्यक्ष पुष्पा व पार्षदगण और वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। जिन्होंने दिल्ली के महापौर और निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। नेता सदन प्रवेश वही भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# मामूली कहासुनी में मिस्त्री ने पेट्रोल फेंका, आग लगने से पीड़ित घायल

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के आरके पुरम थाना क्षेत्र में रविवार रात एक बाइक मिस्त्री ने मामूली विवाद के चलते एक व्यक्ति पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया। पीड़ित व्यक्ति को झुलसी हुई अवस्था में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घायल की पहचान वसंत गांव निवासी राहुल चौहान (40) के रूप में हुई है। राहुल पेशे से नगर निगम (एमसीडी) में सफाई कर्मचारी हैं दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के डीसीपी अमित गोयल के अनुसार रविवार रात करीब 9:30 बजे पुलिस को पीसीआर कॉल के माध्यम से सूचना मिली कि सेक्टर-8 की मार्केट में एक व्यक्ति को पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पहुंची। घटनास्थल पर पाया कि एक व्यक्ति बुरी तरह झुलसा हुआ था। उसे तत्कालत इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भिजवाया गया। हादसे के वक्त वह अपने चचेरे भाई सिद्धांत राज और दो अन्य लोगों के साथ सेक्टर-8 मार्केट में एक मारुति बलेनो कार के अंदर बैठे हुए थे। कार बाजार की एक बाइक रिपेयरिंग की दुकान के पास खड़ी थी। पीड़ित के भाई सिद्धांत राज ने पुलिस को बताया कि कार जिस दुकान के पास खड़ी थी। वह दुकान पालम गांव निवासी प्रसाद उर्फ कालू (42) की है। वह दोपहिया वाहन मिस्त्री है। प्रसाद ने कथित तौर पर राहुल और उसके साथियों को कार वहां से हटाने को कहा। जब उन्होंने कार हटाने से मना कर दिया तो आरोपित ने आपा खो दिया और गुस्से में आकर राहुल पर पेट्रोल छिड़क दिया। चश्मदीदों के अनुसार उस समय राहुल और उसके साथी सिगरेट पी रहे थे। जिससे पेट्रोल के संपर्क में आने से आग भड़क गई। इससे राहुल के चेहरे और सीने पर जलने से गंभीर चोटें आईं। साथ ही कार को भी नुकसान पहुंचा। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपित प्रसाद की तलाश कर रही है।

# दाखिला की दौड़: डीयू आज जारी करेगा अनुमानित रैंक, छात्र वरीयता क्रम में कर सकेंगे सुधार

नई दिल्ली, । दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) के फेज-2 के तहत सोमवार को कॉलेज व कोर्स चुनने की अंतिम तिथि थी। आज विश्वविद्यालय अनुमानित रैंक (सिम्युलेटेड रैंक) शाम 5 बजे घोषित करेगा। जिसके अनुसार अभ्यर्थी अपनी वरीयता बदल सकता है। यह वरीयता 16 जुलाई, रात 11:59 बजे तक बदली जा सकती है। 19 जुलाई को पहली लिस्ट के आधार पर दाखिला शुरू होगा। ज्ञात हो कि डीयू ने पहले ही 1 अगस्त से सत्र शुरू करने की घोषणा की है। अब तक डीयू ने दो आवंटन सूची के आधार पर दाखिला की तिथि तय की है। हालांकि विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि आवश्यकतानुसार और सीटें रिक्त रहने पर आगे और भी राउंड आयोजित किए जा सकते हैं। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे नियमित रूप से डीयू की वेबसाइट देखें जिससे उनको अपडेट पता चल सके। दिल्ली विश्वविद्यालय की इस प्रक्रिया के तहत हर चरण के लिए स्पष्ट समय-सीमा तय कर दी गई है। क्या है सिम्युलेटेड रैंक लिस्ट सिम्युलेटेड रैंक लिस्ट एक अस्थायी सूची होती है जो छात्रों को यह अनुमान देती है कि उनके सीयूईटी स्कोर और भरी गई कॉलेज-कोर्स वरीयताओं के आधार पर उन्हें किस कॉलेज या कोर्स में दाखिला मिल सकता है। यह लिस्ट वास्तविक दाखिला सूची नहीं होती, बल्कि केवल एक डेमो होती है, ताकि छात्र समझ सकें कि उनकी वर्तमान वरीयताओं के अनुसार उनकी क्या स्थिति बन रही है। यह सूची इसलिए जारी की जाती है ताकि छात्र अपनी वरीयताओं में सुधार कर सकें। अगर किसी को लगता है कि उनके स्कोर के अनुसार बेहतर कॉलेज या कोर्स मिल सकता है, तो वे अपनी पसंद को बदल सकते हैं। ध्यान रहे, अंतिम दाखिला लिस्ट सीटों की उपलब्धता और सभी छात्रों की वरीयताओं पर निर्भर करती है।

देश-दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
जबलपुर, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025



# थाली में पनीर की जगह एनालाग का उपयोग

भोपाल

आप यदि किसी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा में खाना खाने जा रहे हैं और सब्जी में यदि पनीर का आर्डर दिया हो तो जरा सावधान हो जाइए। क्योंकि सब्जी में पनीर नही बल्कि एनालाग हो सकता है, जो कि आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ सकता है।दरअसल खाद्य कारोबारी मुनाफा कमाने के चक्कर में असली पनीर की जगह एनालाग पनीर लोगों को परोस रहे हैं। इसका खुलासा पिछले दिनों खाद्य विभाग की टीम द्वारा 18 प्रतिष्ठानों पर की गई छापामार कार्रवाई में हुआ है। बता दें कि पनीर एनालाग 220 रुपये किलो जबकि पनीर करीब 300 रुपये किलो तक मिलता है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शहर में कई कारोबारियों और रेस्टोरेंट संचालकों के यहां पनीर के नाम पर एनालाग पनीर परोसने की शिकायतें मिल रही है। इसी के चलते अभियान शुरू किया गया है। जिसके चलते होटल पीपी फार्म स्ट्रिट बरखेड़ी कला, साक्षी ढाबा के सामने स्थित प्रताप डेयरी एंड रेस्टोरेंट, कनक स्वीट्स रातीबड़, आइवरी रेस्टोरेंट बंसल वन एमपी नगर, श्रीकृष्णा डेयरी कोलार रोड, बावडिया कलां स्थित माउंटेन सैफ रेस्टोरेंट, बागसेवनिया स्थित आरसी पापड़ी,



लालघाटी चौराहा स्थित विंग्स क्लब में संचालित हर्ट रेस्टोरेंट में पनीर एनालाग परोसने के संदेह पर नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए थे। जिनकी जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के दौरान असली नकली पनीर की पहचान और उपयोग किया जाना सामने आएगा। वहीं ग्राहकों को पनीर के बारे में बताया जा रहा है, शहर में सीहोर, देवास, मुरैना, ब्यावरा लाइन से पनीर की ज्यादा आवक होती है। बाक्स- इस तरह से बनाया जाता है एनालाग नकली या सिंथेटिक पनीर यानी एनालाग पनीर दूध के घटकों से इतर गैर डेयरी सामग्री से बनाया जाता है लेकिन दिखता पारंपरिक पनीर जैसा है। इसे पाम आयल या हाइड्रो जनिकृत तेल, मिल्क पाउडर, स्टार्च और इमल्सीफायर्स जैसे दूध के ठोस पदार्थ से बनाते हैं। सिंथेटिक पनीर में पारंपरिक पनीर की तुलना में अधिक वसा और कोलेस्ट्राल होता है, जो स्वास्थ्य के लिए घातक है। पनीर प्रोटीन का सबसे अच्छा स्त्रोत है, लेकिन सिंथेटिक पनीर उल्टी, दस्त, डायरिया का कारण बनता है।बता दें कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के नियमों के अनुसार ग्राहक होटल या रेस्टोरेंट से पूछ सकता है, कि पनीर असली है।

## एम्स के प्लास्टिक सर्जन डॉ. अभिनव सिंह एमपी गौरव रत्न अवार्ड मिला



भोपाल

एम्स अस्पताल के प्लास्टिक सर्जन को एमपी गौरव रत्न अवार्ड सम्मानित किया गया है। यह सम्मान मध्यप्रदेश में बेहतरीन प्लास्टिक सर्जरी के लिए शोध के लिए दिया गया है। चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एम्स भोपाल के बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में कार्यरत सहायक प्रोफेसर डॉ. अभिनव सिंह को एमपी गौरव रत्न अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें प्लास्टिक सर्जरी के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं और अनुसंधानात्मक योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस प्रतिष्ठित सम्मान को दर्शन सिंह चौधरी (सांसद,) एवं कमल पटेल पूर्व कृषि मंत्री द्वारा प्रदान किया गया।

## एम्स का ट्रांसजेंडर क्लिनिक बना समावेशी स्वास्थ्य सेवा का आदर्श मॉडल

भोपाल

**अब तक 66 से अधिक परामर्श**

विगत दिवस राजधानी के एम्स अस्पताल में टांसजेंडर क्लिनिक का शुभारंभ किया गया जिससे राजधानी में अधिक से अधिक टांसजेंडरों का उपचार की सुविधा मिल सके । इस क्लिनिक से लिंग भेदभाव का दंश झेल रहे मरीजों को लाभ मिल सके। इस क्लिनिक पर लगभग 66 मरीज लाभान्वित हो चुके हैं। से समावेशी और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक नई मिसाल कायम करते हुए एम्स भोपाल द्वारा संचालित ट्रांसजेंडर क्लिनिक अब मध्य भारत में लैंगिक असंगतिसे जूझ रहे व्यक्तियों के लिए सहयोग और सम्मान का प्रतीक बन चुका है। इस क्लिनिक ने अपनी स्थापना के एक वर्ष से अधिक का सफल कार्यकाल पूर्ण करते हुए समावेशी चिकित्सा सेवाओं का एक राष्ट्रीय मॉडल प्रस्तुत किया है। अब तक 66 मरीज परामर्श के लिए आ चुके हैं , जिनमें से 22 नए मरीज, 44 फॉलो-अप विज़िट पर हैं। 95 प्रतिशत फॉलो-अप दर है जो यह दर्शाती है कि मरीज उपचार से अत्यंत संतुष्ट हैं। सेवा प्रत्येक माह के पहले और तीसरे गुरुवार को उपलब्ध है। । किशोरों से लेकर वयस्कों तक के लिए यह एक सुरक्षित, स्वागतपूर्ण और भेदभाव-रहित स्थान है। इस क्लिनिक की सफलता में अनमोल समाज सेवा संस्था का भी महत्वपूर्ण योगदान है।

## कलियासोत डेम में किया जा रहा था अवैध रुप से मछली का शिकार

भोपाल

सोलह जून से पंद्रह अगस्त तक मछली पकडऩे पर रोक के बाद भी शहर के तालाब और डेमों पर मछली पकडऩे का काम खुलकर किया जा रहा है। गुरुवार को मत्स्य विभाग की टीम ने तालाबों और डेमों पर जांच की। इस दौरान टीम ने गुरुवार को कलियासोत डेम पर छापा मारकर 3 नाव और करीब 3 क्विंटल वजन के जाल जब्त किए हैं। सहायक संचालक मत्स्य शिरीष अग्निहोत्री ने बताया कि पिछले दिनों निगरानी दल का गठन किया गया था। जिसके तहत चैकिंग के दौरान निगरानी दल प्रभारी उमराव सिंह कौरब सहित अन्य कर्मचारियों ने फिशिंग गियर से मछली पकडऩे वाले लोगों को चेतावनी देते हुए सामान जब्त किया है। - सड़कों किनारे बिक रही मछली मत्स्य विभाग की टीम तालाब और डेमों पर मछली पकडऩे वालों की निगरानी कर रही है, जबकि शहर की मुख्य सड़कों किनारे मछली धड़ल्ले से बेची जा रही है। इसके साथ वाहनों से भी मछली का परिवहन किया जा रहा है। निगरानी दल इन पर कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पेट्रोल पंपों की जांच के दिए थे निर्देश

# पेट्रोल-डीजल में मिलावट के खिलाफ चली मुहिम

**भोपाल।** राजधानी में पेट्रोल और डीजल में मिलावट की आशंका के चलते खाद्य विभाग के दलों ने गुरुवार को पंपों का औचक निरीक्षण शुरू कर दिया है। इस दौरान कमी मिलने पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह निरीक्षण कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन के नेतृत्व में किया जा रहा है। बता दें कि पिछले दिनों रतलाम में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के काफिले के वाहनों में पानी मिला डीजल डालने का मामला सामने आया था। इसके बाद खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेशभर के पेट्रोल पंपों की गहन जांच कराने और प्रतिदिन आनलाइन रिपोर्ट दर्ज करने के





निर्देश दिए थे। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि मोटर स्पिरिट और उच्च वेग डीजल प्रदाय में विनियमन और अनाचार निवारण आदेश 2005 के प्रविधानों का पालन सुनिश्चित कराने के संबंध में जांच की गई। यह जांच राजस्व विभाग, खाद्य विभाग और नापतौल विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से की गई।जिसमें दलों ने संत हिरदाराम नगर क्षेत्र स्थित मेसर्स जनता सेल्स सर्विस, मेसर्स पंजाब सेल्स एंड सर्विस, बाहुबली सेल्स एंड सर्विस, लालघाटी स्थित मेसर्स स्मार्ट सिटी फ्यूल, नादरा बस स्टैंड हमीदिया रोड स्थित मेसर्स सलुजा सेल्स सर्विस और नीलबड़ क्षेत्र स्थित मेसर्स नायरा एनर्जी शुक्ला पेट्रोलियम, मेसर्स एसपी पेट्रोलियम और मेसर्स एएमडी पेट्रोलियम की जांच शासन द्वारा उल्लेखित तथ्यों के आधार पर की गई है। इस दौरान कोई गड़बड़ी नहीं मिली।

## निगम आयुक्त ने आदमपुर लैंडफिल साईट का किया निरीक्षण, आरडीएफ के त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

भोपाल



राजधानी में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में नगर निगम आयुक्त ने आदमपुर स्थित लैंडफिल साईट, एनटीपीसी संयंत्र एवं वृक्षारोपण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कचरे के निष्पादन, लैंडफिल साइट को दुरुस्त करने, लीगेसी वेस्ट हटाने और आरडीएफ के तीव्र परिवहन एवं विक्रय को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आरडीएफ और लीगेसी वेस्ट हटाने में तेजी लाने के निर्देश निरीक्षण के दौरान निगमायुकत हरेन्द्र नारायन ने लैंडफिल साईट पर कचरे की सफाई एवं निष्पादन की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया और कहा कि आरडीएफ का परिवहन एवं विक्रय त्वरित गति से किया जाए। लीगेसी वेस्ट को शीघ्रता से हटाया जाए। मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी प्लांट को जल्द शुरू किया जाए। लैंडफिल पर निगम संसाधनों के उपयोग की राशि संबंधित कंपनी से वसूली सुनिश्चित की जाए। एनटीपीसी संयंत्र का भी किया निरीक्षण निगम आयुक्त ने एनटीपीसी संयंत्र का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की जानकारी ली और कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वृक्षारोपण स्थल का दौरा कर वहां मौजूद खरपतवार को हटाने, पौधों की निंदाई-गुड़ाई कराने के भी निर्देश दिए।इस निरीक्षण अभियान में अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान सहित नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सभी विभागों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पर्यावरणीय प्रबंधन में सक्रिय और समयबद्ध योगदान के निर्देश दिए गए हैं।

## पुरानी पेंशन का मामला विधानसभा के मानसून सत्र में उठाएं विधायकः तिवारी

भोपाल

न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ सभी विधायकों को अपना मांग पत्र देने को तैयारी कर रहा है। यह मांग पत्र विधान सभा के मानसून सत्र में प्रश्न लगाने के लिए सौंपा जाएगा। जिससे सभी विधायक कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन लागू करवाने के लिए आवाज उठाएं। इस मांग पत्र के आधार पर विधान सभा में तारांकित, अतारांकित प्रश्न से विधान सभा में मुद्दा उठाया जाए । संघ के पदाधिकारी विधायकों के घर पहुंचेंगे । के सभीवराज्यों के समानन्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ के प्रदेश अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह तिवारी ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली हेतु न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ के प्रदेश आह्वान पर मध्यप्रदेश के सभी 230 विधायकों को विधानसभा सदन में आवाज उठाने, तारांकित, अतारांकित, प्रश्न उठाने तथा पुरानी पेंशन बहाली का प्रस्ताव विधानसभा में रखने हेतु सत्ता पक्ष विपक्ष के सभी विधायकों के निवास जाकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। 28 जुलाई से विधानसभा का मानसून सत्र होने जा रहा है, लोकतंत्र में सर्वशक्तिमान सदन का निर्णय होता है, मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार है, राजस्थान मे भी भाजपा सरकार है, राजस्थान मे पुरानी पेंशन बहाल है, फिर मध्यप्रदेश में एनपीएस यूपीएस के झमेले में सरकारी कर्मचारियों को रखना न्यायसंगत नहीं, एनपीएस विसंगति पूर्ण थी, एनपीएस से ही कुछ विसंगतियों में सुधार कर नाम परिवर्तन के साथ यूपीएस पेंशन योजना लाया जा रहा है।



# अंबेडकर ब्रिज का पानी लोनिवि ने बगैर परमिशन रेलवे ट्रैक पर डाला

भोपाल

**रेलवे ने जताई आपत्ति कलेक्टर को लिखा रेलवे प्रशासन ने पत्र**

पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों के कारनामे लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं। हर दिन नए-नए मामले सामने आ रहे है। अब इसी वर्ष राजधानी में शुरू हुए अंबेडकर ब्रिज में पानी निकासी की व्यवस्था करना भूल गए। तेज बारिश से सड़कों में पानी भरने से जाम लगने लगा। परेशानी का निवारण करने आए नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने दूसरी मुसीबत खड़ी कर दी। बिना सोचे समझे और बगैर रेलवे से परमिशन लिए पानी को रेलवे ट्रैक की तरफ डाल दिया है। इससे सड़क का पानी तो निकल गया लेकिन अब रेलवे ट्रैक में पानी भरने का खतरा मंडराने लगा। रेलवे के अधिकारियों को जैसे ही इस बात की जानकारी लगी, उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह से की। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि बिना परमिशन लिए पानी को रेलवे ट्रैक की तरफ ड्राइवर किया गया है। उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था बनाने को कहा गया है। यह है पूरा मामला दरअसल, भोपाल के गणेश मंदिर के पास अंबेडकर फ्लाईओवर और सावरकर सेतु के कट पॉइंट पर भारी बारिश के कारण जमा हुआ पानी को लोक निर्माण विभाग और भोपाल नगर निगम द्वारा बनाए गए एक अस्थाई नाले के माध्यम से रेलवे लाइनों की ओर छोड़ा गया है। दो दिन पहले हुए भारी जलभराव के बाद अंबेडकर ब्रिज पर 3 किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया था। उचित जल निकासी व्यवस्था न होने के कारण गणेश मंदिर के सामने 2-3 फीट तक बारिश का पानी जमा हो गया था। इसके बाद कई विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचे और रुके हुए पानी की निकासी के लिए एक अस्थाई निकास खोजा। हालांकि, उपयुक्त निकास निर्धारित करने के बजाय, पानी को सीधे रेलवे पटरियों पर मोड़ दिया गया जिस पर रेलवे ने आपत्ति जताई है। दरअसल सड़क में पानी का भराव होने के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों नें अस्थाई नाला बनने से पहले गणेश मंदिर के पास एक पुराने, नाले को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया था, जो कभी अरेरा कॉलोनी से जुड़ा था और रानी कमलापति स्टेशन की ओर जाता था। हालांकि, जल जमाव को कम करने में यह प्रयास अप्रभावी साबित हुआ। इसके बाद पानी को रेलवे ट्रैक की तरफ छोड़ दिया गया। हलांकि बीएमसी का दावा है कि अस्थाई व्यवस्था से कोई खतरा नहीं है। जबकि रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह बड़ी समस्या बन सकता है।



## गुणता को संस्कृति के रूप में अपनाएं: रामनाथन

भोपाल

बीएचईएल के निदेशक एस.एम. रामनाथन ने कहा है कि गुणता को संस्कृति के रूप में अपनाएं। किसी भी उत्पाद को डिजाइन करते समय सभी हितधारकों जैसे ग्राहकों, विक्रेताओं और कर्मचारियों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखना चाहिए । उन्होंने जापानी प्रणाली पोका-योके अपनाने पर जोर दिया जो एक ऐसी तकनीक है, जिसका उपयोग किसी भी प्रक्रिया में त्रुटियों के रोकथाम के लिए किया जाता है। वे यहां भेल की सभी यूनिटों के गुणता प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक का उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदीप कुमार उपाध्याय, महाप्रबंधक प्रमुख बीएचईएल भोपाल, कॉर्पोरेट (गुणता) प्रमुख डी सी गुप्ता एवं जी पी बघेल, महाप्रबंधक (गुणता) उपस्थित थे । इस कार्यक्रम में बीएचईएल की विभिन्न इकाइयों से तीस गुणता प्रतिनिधियों द्वारा सहभागिता की जा रही है। रामनाथन ने ने कहा कि दोषरहित उत्पाद निर्माण सुनिश्चित करने की आवश्यकता, सभी स्तरों पर निरंतर नई चीज़ें सीखने और संचालकों को और अधिक शिक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया ।

# ट्रेन सुरक्षा बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे और डीएफसीसीआईएल ने किया एमओयू

**भोपाल.** ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ावा देने के लिए अब मशीन विजन आधारित निरीक्षण प्रणाली विकसित की जा रही है। इसके लिए माल ढुलाई कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के साथ रेलवे बोर्ड एमओयू किया है। यह प्रणाली मैनुअल निरीक्षण को कम करेगी साथ ही आने वाली रुकावट को रोकेगी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक एमवीआईएस एक आधुनिक, एआई/एमएल-आधारित प्रौद्योगिकी समाधान है जो चलती ट्रेनों के अंडर-गियर के उच्च-रिज़ॉल्यूशन छवियों को कैप्चर करता है और स्वचालित



रूप से किसी भी हैंगिंग, ढीले या लापता घटकों का पता लगाता है। विसंगतियों का पता लगाने पर, सिस्टम त्वरित प्रतिक्रिया और कार्रवाई के लिए वास्तविक समय के अलर्ट चेतावनी देता है।

## ट्रेन सुरक्षा बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे और डीएफसीसीआईएल ने किया एमओयू



**भोपाल।** ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ावा देने के लिए अब मशीन विजन आधारित निरीक्षण प्रणाली विकसित की जा रही है। इसके लिए माल ढुलाई कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के साथ रेलवे बोर्ड एमओयू किया है। यह प्रणाली मैनुअल निरीक्षण को कम करेगी साथ ही आने वाली रुकावट को रोकेगी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक एमवीआईएस एक आधुनिक, एआई/एमएल-आधारित प्रौद्योगिकी समाधान है जो चलती ट्रेनों के अंडर-गियर के उच्च-रिज़ॉल्यूशन छवियों को कैप्चर करता है और स्वचालित रूप से किसी भी हैंगिंग, ढीले या लापता घटकों का पता लगाता है। विसंगतियों का पता लगाने पर, सिस्टम त्वरित प्रतिक्रिया और कार्रवाई के लिए वास्तविक समय के अलर्ट चेतावनी देता है। समझौता ज्ञापन के दौरान रेलवे बोर्ड के निदेशक (परियोजना एवं विकास) सुमित कुमार और डीएफसीसीआईएल के जीजीएम (मैकेनिकल) रेल भवन नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए।

# सैंकड़ों गुरुजनों का किया सम्मानित



हिरदाराम नगर

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुनानक मंडल ने सिंधी कम्युनिटी हॉल में एक भव्य समारोह आयोजित कर सैकड़ों गुरुजनों को सम्मानित किया. इस खास मौके पर गुरुजनों को शॉल, श्रीफल, उपहार, रुद्राक्ष की माला और शिवपुराण भेंट कर उनका सम्मान किया गया.

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि गुरुजन और शिक्षक हमारे जीवन में ज्ञान, संस्कार और सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और गुरु पूर्णिमा हमें उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर देती है. मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कि यह पर्व हमें उन गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करने का मौका देता है, जिन्होंने हमें जीवन के सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी है.

महंत श्री अनिलानंद जी महाराज ने गुरुओं के सम्मान और उनके दिखाए मार्ग पर चलने के महत्व पर जोर दिया. इस कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी ज्योति दीदी, राजा शर्मा, सुनील सराठे, मुकेश सोलंकी, संदीप कल्याणे, नरेंद्र ठाकुर, यतिन मकवाना, अजय प्रजापति सहित सैकड़ों गुरुजन उपस्थित थे.

# सोहेल मछली का सरकारी जमीन पर बन रहा शॉपिंग कांपलेक्स ध्वस्त

भोपाल,

लव जिहाद मामले के बाद चर्चा में आए क्लब-90 रेस्टॉरेंट के पास ही तीन हजार वर्गफीट जगह पर बनाए जा रहे अवैध शॉपिंग कांपलेक्स को जमींदोज कर दिया गया। बेसमेंट के साथ दो मंजिला बनाया गया यह कांपलेक्स सरकारी जमीन पर बनाया गया था। जिसको लेकर हुजूर तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी ने नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने के आदेश दिए थे। निर्माण नहीं हटाने पर गुरुवार को जिला



प्रशासन और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर पांच करोड़ की सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण को ढहा दिया। हथाईखेड़ा डेम के कैचमेंट एरिया में सोहेल अहमद पिता शरीफ अहमद को सोहेल मछली के नाम से जाना जाता है। सोहेल ने सरकारी जमीन पर बेसमेंट के साथ दो मंजिला शॉपिंग कांपलेक्स का निर्माण किया था। जिसकी शिकायत के बाद तहसीलदार ने जांच कराकर सुनवाई शुरु की। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि सरकारी जमीन पर खड़े पक्के निर्माण को जमींदोज किया गया है। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया। जिससे हंगामा होने पर निपटा जा सके। पुलिस ने सड़क के दोनों ओर से बेरिकेडिंग भी की थी। - नोटिस देने के बावजूद निर्माण नहीं तोड़ा इस मामले में तहसीलदार ने नोटिस भी जारी किया था। बावजूद निर्माण नहीं तोड़ा गया। सोहेल अहमद निवासी अनंतपुर का जमीन पर कब्जा था। तीन हजार वर्गफीट जमीन पर ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर का व्यवसायिक निर्माण कर कब्जा किया था।

## टीओआइ-1846बी - जल से भरी दूसरी धरती जहां एक वर्ष में दिनों की संख्या - सिर्फ चार है

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



सुपर अर्थ टीओआइ-1846बी (ळडक-1846) ग्रह का खोज न केवल रोमांचक है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि पृथ्वी जैसी दुनिया कहीं और भी हो सकता है। लेकिन क्या यह सच में रहने लायक होगा? क्या वहां जीवन संभव है? सुपर अर्थ शब्द का प्रयोग उन ग्रहों के लिए किया जाता है जो आकार में पृथ्वी से बड़ा होता है, लेकिन बहुत विशाल गैस ग्रहों (जैसे बृहस्पति) से छोटा। यह चट्टानी ग्रह हो सकता हैं, और इनमें से कुछ में वायुमंडल और पानी जैसी चीजें भी हो सकता है। टीओआइ-1846बी (ळडक-1846) इसी श्रेणी का एक ग्रह है। यह आकार में पृथ्वी से लगभग दो गुना और द्रव्यमान में चार गुना भारी है। सुपर अर्थ की खोज मोरक्को के ऑकाडमेडेन लैब के खगोलविदों ने नासा की ळएरर (ळ१ल्ल२३ल्ल एॅ७ङ्क्स्र'ल्ली३ र४१५ी८ रंड़ी'/ड़ी) की मदद से की गई है। ळएरर एक अंतरिक्ष दूरबीन है, जिसे खासतौर पर सौरमंडल से बाहर के ग्रहों की खोज के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने हाई रिजॉल्यूशन इमेजिंग, स्पेक्ट्रोस्कोपी और पाउंड बेस्ड कलर फोटोग्राफी जैसी आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया है। खोज की गई जानकारी से यह स्पष्ट हुआ है कि यह ग्रह काफी पुराना है और इसमें भरपूर मात्रा में पानी की मौजूदगी के संकेत हैं। टीओआइ-1846बी पृथ्वी से करीब 154 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। यह ग्रह एक तारे की परिक्रमा करता है जो आकार में सूर्य जैसा है, लेकिन द्रव्यमान में सूर्य से थोड़ा हल्का (लगभग 0.42 सौर द्रव्यमान) है। इसका मतलब यह हुआ कि उस तारे से ऊर्जा और गर्मी का प्रवाह सूर्य की तुलना में कुछ कम है, लेकिन फिर भी यह ग्रह काफी गर्म है। टीओआइ-1846बी की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वहां एक साल में सिर्फ चार दिन होते हैं। यानि यह ग्रह अपने तारे की परिक्रमा सिर्फ चार पृथ्वी दिनों में पूरी कर लेता है। इसका मतलब है कि यह तारे के बेहद पास स्थित है, जिससे ग्रह की सतह पर अत्यधिक गर्मी रहता है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस ग्रह की सतह का तापमान लगभग 568 केल्विन (यानि करीब 295 डिग्री सेल्सियस) है। यह तापमान इतना अधिक है कि यहां पारंपरिक जीवन (जैसा कि हम पृथ्वी पर जानते हैं) की संभावना लगभग शून्य है। ग्रह पर पानी की भरपूर मात्रा होने की पुष्टि हुई है, लेकिन इतनी गर्मी में पानी संभवतः वाष्प रूप में होगा या बहुत उच्च दबाव पर तरल अवस्था में। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस ग्रह का वायुमंडल अभी पूरी तरह से अध्ययन के लिए शेष है। एक और रोचक तथ्य यह है कि टीओआइ-1846बी की उम्र लगभग 7.2 अरब वर्ष आंकी गई है, जो पृथ्वी (लगभग 4.5 अरब वर्ष पुरानी) से कहीं ज्यादा है। इसका मतलब है कि यह ग्रह ब्रह्मांड के प्रारंभिक काल में बना होगा। यह जानकारी खगोल विज्ञान की उस अवधारणा को और मजबूत करता है कि जीवन के लिए अनुकूल परिस्थितियां समय के साथ बदलती हैं और एक ग्रह पर जीवन लंबे समय तक रह पाता है या नहीं, यह कई फैक्टरों पर निर्भर करता है। पृथ्वी जैसे ग्रहों की खोज करना सिर्फ विज्ञान की जिज्ञासा नहीं है, यह भविष्य में मानव जाति के अस्तित्व से भी जुड़ा हुआ है। जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाओं और जनसंख्या विस्फोट के चलते वैज्ञानिक यह मानते हैं कि भविष्य में पृथ्वी के बाहर जीवन की तलाश करना पड़ सकता है। टीओआइ-1846बी भले ही जीवन के लिए उपयुक्त न हो, लेकिन यह दिखाता है कि पृथ्वी जैसी दुनिया कहीं और भी मौजूद हो सकता है। और अगर ऐसा है, तो संभव है कि कहीं जीवन भी हो। 2025 की शुरूआत में वैज्ञानिकों ने एक और सुपर अर्थ झ लऊ 20794 f का खोज किया था। यह ग्रह पृथ्वी से करीब 20 प्रकाश वर्ष दूर है और इसका द्रव्यमान पृथ्वी से छह गुना ज्यादा है। इसकी कक्षा गोल नहीं है, जिससे तापमान में भारी उतार-चढ़ाव होता है। इस कारण वहां जीवन की संभावना भी काफी कम है।

## सस्ते कर्ज से बढ़ेगी आर्थिक रफ्तार

इन दिनों भारत के विकास से संबंधित प्रकाशित हो रही रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि अब भारत में सस्ते कर्ज से आर्थिक रफ्तार बढ़ेगी। पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए रेपो रेट में 50 आधार अंकों यानी 0.50 प्रतिशत की कटौती का ऐलान किया है। अब रेपो रेट 6 प्रतिशत से घटकर 5.5 प्रतिशत हो गई है। इस वर्ष 2025 में फरवरी से अब तक लगातार तीसरी बार रेपो रेट में कटौती हुई है। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की बड़ी कटौती करते हुए इसे तीन प्रतिशत के स्तर पर ला दिया है। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट और सीआरआर में बड़ी कटौती करके तेज विकास की जरूरत और महंगाई के बीच बुद्धिमत्तापूर्ण समीकरण स्थापित किया है। इससे बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल का बल मिलेगा। यही कारण है कि रिजर्व बैंक के नए मौद्रिक उपायों के बाद शेयर बाजार में उछाल आया है। इस समय आरबीआई के द्वारा ब्याज दर घटाने के कई महत्वपूर्ण आधार हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की खुदरा महंगाई अप्रैल 2025 में घटकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई है। मई में खुदरा महंगाई दर सिर्फ 2.82 प्रतिशत रही। मई 2025 की खाद्य महंगाई दर अक्टूबर 2021 के बाद से सबसे कम है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत इस साल जून में 27.1 रुपए रही, जो पिछले साल जून में 29.4 रुपए की थी। हालांकि, इस साल मई के 26.2 रुपए की तुलना में यह महंगी हो गई है। टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में सबसे अधिक गिरावट आने से घर में बन रही शाकाहारी और मांसाहारी थाली की लागत जून में सालाना आधार पर घट गई है। इसी तरह, मांसाहारी थाली इस साल जून में 54.8 रुपए की रही, जो पिछले साल इसी महीने में 58 रुपए की थी। हालांकि, यह भी मई के 52.6 रुपए की तुलना में महंगी हो गई है। टमाटर एक साल में 42 रुपए से 24 फीसदी गिरकर 32 रुपए किलो हो गया है, लेकिन मासिक आधार पर 36 फीसदी महंगा है, क्योंकि आठ फीसदी की भारी कमी आई है। यह बात महत्वपूर्ण है कि रिकॉर्ड कृषि उत्पादन और अच्छा मानसून भी ब्याज दर में कमी का कारण है। हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने 2024-25 फसल वर्ष के लिए कृषि उत्पादन का जो तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया है, इस अनुमान के मुताबिक देश में खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन 35.39 करोड़ टन होगा। इसके साथ ही गेहूं, धान, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन सहित प्रमुख फसलों के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि अनुमानित है। गेहूं का उत्पादन 11.75 करोड़ टन, धान का उत्पादन 14.90 करोड़ टन, मक्का उत्पादन 4.23 करोड़ टन, मोटे अनाजों का उत्पादन 62.1 लाख टन, दलहन उत्पादन 2.52 करोड़ टन, तिलहन उत्पादन 4.26 करोड़ टन, मूंगफली का उत्पादन 1.19 करोड़ टन और सोयाबीन का उत्पादन 1.52 करोड़ टन होने का अनुमान है। भारत मौसम विभाग ने इस साल 2025 में देश में मॉनसून के दौरान औसत से 5 फीसदी अधिक वर्षा के अनुमान प्रस्तुत किए हैं और मानसून ने समय पूर्व दस्तक भी दे दी है। ऐसे में सस्ते कर्ज के बीच अच्छी फसल और अच्छे मानसून से सरकार को महंगाई नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-2026 में खुदरा महंगाई के 4 प्रतिशत से नीचे 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निश्चित रूप से नए मौद्रिक उपायों से न सिर्फ नकदी में सुधार होगा, बल्कि बैंकों को फंड की लागत घटाने में भी मदद मिलेगी। सीआरआर में कटौती से दिसंबर 2025 तक बैंकिंग व्यवस्था में करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए की प्राथमिक नकदी आएगी। ऐतिहासिक रूप से सामान्य समय में सीआरआर 4 प्रतिशत के सामान्य स्तर पर रखा जाता है। अत्यधिक आवश्यक होने पर कोविड-19 महामारी के दौरान सीआरआर घटाकर 3 प्रतिशत के स्तर पर रखा गया था। ब्याज दर घटने से उद्योग-कारोबार के लिए विकास के मौकों के साथ आम आदमी को सस्ते कर्ज के लाभ होंगे। घरों और वाहनों की मांग बढ़ेगी। खास तौर से हाल ही में मकानों की बिक्री में तेज गिरावट के कारण रियल एस्टेट उद्योग की मुश्किलें ब्याज दरों में कटौती से कम होते हुए दिखाई देंगी। ईएमआई के घटने से ऋण लेने वाले सभी लोगों को बड़ी राहत मिलते हुए दिखाई देगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि ब्याज दर घटने से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के बढ़ने में भी मदद मिलेगी। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 जीडीपी में उम्मीद से कम 6.5 फीसदी की वृद्धि हुई है। अब चालू वित्त वर्ष में सस्ते कर्ज से आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने वाला सकारात्मक संदेश है।

# फाइलों में लटकी तबादला नीति: शिक्षक टकटकी लगाए बैठा है

**अब तो सत्र बीच में आ चुका है, इसलिए विभाग कुछ नहीं करेगा। सब कुछ ठहरा हुआ, धुंधला और अधर में लटका हुआ प्रतीत होता है। मॉडल संस्कृति विद्यालयों और प्रधानमंत्री श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों में शिक्षक तैनाती हेतु जो परीक्षा हुई थी, उसके परिणाम बनकर तैयार हैं। लेकिन घोषणा इसलिए नहीं हो रही क्योंकि सामान्य तबादला नीति 2025 को अभी तक कैबिनेट की स्वीकृति नहीं मिली है। यहां यह प्रश्न अनिवार्य हो जाता है कि क्या परीक्षा करवाने से पहले यह सुनिश्चित नहीं किया गया था कि नीति बन चुकी है या उसके अनुमोदन की समयसीमा क्या होगी? यदि परीक्षा का परिणाम नीति पर टिका है, तो उसे पहले क्यों लिया गया? यह एक प्रशासनिक चूक है या राजनीतिक विलंब? परिणाम न घोषित करने का तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वे सीलबंद लिफाफों में रखे गए हैं जिन्हें किसी ने नहीं देखा, ताकि कोई हस्तक्षेप संभव न हो। यह ह्लसीलबंद ईमानदारीह्व की परंपरा एक ओर दिखाती है कि विभाग पारदर्शिता का ढोंग कर रहा है और दूसरी ओर यह भी स्पष्ट करता है कि परिणामों के साथ कुछ न कुछ संभावित ह्यखेलह्न से विभाग खुद भी डरता है। इस स्थिति को और अधिक हास्यास्पद बनाती है विभाग की दोहरी प्रवृत्ति-जब वह स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) जैसी संरचना बनाकर एक महीने में ही भंग कर देता है।**



डॉ. सत्यवान सौरभ

(लेखक)




हरियाणा के शिक्षक एक बार फिर से असमंजस, अफवाहों और अधूरी सूचनाओं के बीच फंसे हुए हैं। स्कूलों में रोज सुबह की शुरूआत चाय और स्टाफरूम की बातचीत से होती है-ट्रांसफर कब होंगे? इस प्रश्न का उत्तर किसी के पास नहीं, पर अनुमान सबके पास है। कोई कहता है अगस्त में, कोई कहता है कैबिनेट के बाद, कोई मानता है अब तो सत्र बीच में आ चुका है, इसलिए विभाग कुछ नहीं करेगा। सब कुछ ठहरा हुआ, धुंधला और अधर में लटका हुआ प्रतीत होता है। मॉडल संस्कृति विद्यालयों और प्रधानमंत्री श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों में शिक्षक तैनाती हेतु जो परीक्षा हुई थी, उसके परिणाम बनकर तैयार हैं। लेकिन घोषणा इसलिए नहीं हो रही क्योंकि सामान्य तबादला नीति 2025 को अभी तक कैबिनेट की स्वीकृति नहीं मिली है। यहां यह प्रश्न अनिवार्य हो जाता है कि क्या परीक्षा करवाने से पहले यह सुनिश्चित नहीं किया गया था कि नीति बन चुकी है या उसके अनुमोदन की समयसीमा क्या होगी? यदि परीक्षा का परिणाम नीति पर टिका है, तो उसे पहले क्यों लिया गया? यह एक प्रशासनिक चूक है या राजनीतिक विलंब? परिणाम न घोषित करने का तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वे सीलबंद लिफाफों में रखे गए हैं जिन्हें किसी ने नहीं देखा, ताकि कोई हस्तक्षेप संभव न हो। यह ह्लसीलबंद ईमानदारीह्व की परंपरा एक ओर दिखाती है कि विभाग पारदर्शिता का ढोंग कर रहा है और दूसरी ओर यह भी स्पष्ट करता है कि परिणामों के साथ कुछ न कुछ संभावित ह्यखेलह्न से विभाग खुद भी डरता है। इस स्थिति को और अधिक हास्यास्पद बनाती है विभाग की दोहरी प्रवृत्ति-जब वह स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) जैसी संरचना बनाकर एक महीने में ही भंग कर देता है। यही विभाग है जो दिसंबर से तबादले करवाने की बात कर रहा है और जुलाई तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया। हर सप्ताह एक नया आदेश आता है और अगले सप्ताह कोई दूसरा अधिकारी उसे रद्द करा देता है। इससे यह साफ हो जाता है कि विभाग में समन्वय का सर्वथा अभाव है। हर कोई अपने स्तर पर ह्लफैसलाह्व लेने को तत्पर है, लेकिन शिक्षा व्यवस्था को दिशा देने वाला कोई नहीं। शिक्षक वर्ग इस भ्रम और अपारदर्शिता से मानसिक थकावट का शिकार हो चुका है। हर विद्यालय में इसी एक मुद्दे पर बातचीत होती है-कोई ट्रांसफर की फाइल बनवा रहा है, कोई सीसीएल फॉर्म भरवा रहा है, कोई रिजल्ट आने की प्रतीक्षा में है, और कोई अपने संपर्कों से जानकारी जुटाने की कोशिश में है। एक प्रकार का मानसिक खिंचाव और अस्थिरता है जो शिक्षकों के काम को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में यह सोचने योग्य है कि जिस व्यवस्था पर भविष्य की पीढ़ी टिकी है, वह खुद अस्थिर और भ्रामक हो गई है। इसके पीछे प्रशासन की निर्णयहीनता तो है ही, साथ ही यह राजनीतिक प्राथमिकताओं की भी उपेक्षा है। चुनावों, घोषणाओं, और दिखावटी योजनाओं में सरकारें व्यस्त हैं लेकिन शिक्षक तबादला नीति जैसी बुनियादी जरूरतों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। जब शिक्षक मानसिक रूप से अस्थिर रहेंगे, तो बच्चों की पढ़ाई कैसे स्थिर रह पाएगी? हरियाणा के कई जिलों में एक ही शिक्षक दो-दो स्कूलों में पढ़ा रहा है, कुछ स्कूलों में विषय विशेषज्ञ ही नहीं हैं, और दूसरी ओर जिनका तबादला होना चाहिए, वे वर्षों से एक ही स्थान पर टिके हैं। मैनजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) को आधार बनाकर ऑनलाइन तबादला प्रणाली की बात की गई थी। पर नीति न बनने के कारण यह सिस्टम भी अपडेट नहीं हो पा रहा। तकनीक का नाम लेकर प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने का दावा तो किया गया, लेकिन जब तक नीति नहीं आती, तब तक सब कुछ एक क्लिक से दूर है। यह एक ऐसा डिजिटल सपना है जो अभी तक साकार नहीं हुआ। शिक्षकों का प्रमोशन हुआ, कई स्थान रिक्त हो गए। अब सवाल यह है कि क्या ट्रांसफर प्रमोशन के बाद होंगे? अगर हां, तो फिर कितने और प्रमोशन लंबित हैं? इन सवालों का कोई जवाब विभागीय वेबसाइट पर नहीं है, केवल शिक्षक संगठनों के व्हाट्सएप ग्रुप में अफवाहें हैं। यही नहीं, विभाग के ही एक अधिकारी के अनुसार कैबिनेट की बैठक अगस्त में प्रस्तावित है। इसका मतलब है कि नीति अगस्त के अंतिम सप्ताह तक आएगी, तब तक तो सत्र का मध्य आ जाएगा। और फिर यही तर्क दिया जाएगा कि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसलिए तबादले अगले सत्र तक स्थगित किए जाएं। यह चक्र हर साल दोहराया जाता है। नीति नहीं बनती, फिर कहा जाता है सत्र बीच में है। शिक्षक अपनी योजना नहीं बना पाते। न वे उउछ ले सकते हैं, न मानसिक रूप से तैयार हो सकते हैं कि उन्हें स्थानांतरण मिलेगा या नहीं। विभाग एक गंभीर संकट में है-जहाँ फाइलें चल रही हैं पर निर्णय नहीं। इस असमंजस का सबसे बड़ा नुकसान विद्यार्थी झेलते हैं। जब कोई शिक्षक दो साल से ट्रांसफर की प्रतीक्षा में है, तो उसका ध्यान स्वाभाविक रूप से पढ़ाई से हटता है। कई शिक्षक ऐसे हैं जो घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर कार्यरत हैं और पारिवारिक ज़िम्मेदारियों के कारण मन से अशांत हैं। क्या यही मानसिकता लेकर वे बच्चों को शिक्षा दे पाएंगे? यह भी सत्य है कि हरियाणा में तबादलों के नाम पर वर्षों से राजनीति हुई है। कभी ट्रांसफर लिस्ट में भाई-भतीजावाद होता है, कभी पंचायत चुनावों से पहले तबादले रुक जाते हैं, कभी किसी नेता के कहने पर नाम जोड़ या घटा दिए जाते हैं। पारदर्शिता की बात केवल नीति पत्रों में होती है, जमीन पर उसका कोई संकेत नहीं मिलता। यदि सरकार और विभाग वास्तव में शिक्षा सुधार को गंभीरता से लेना चाहते हैं, तो उन्हें इस स्थिति को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले-स्पष्ट समयसीमा दी जाए कि तबादला नीति कब आएगी। दूसरा-जब तक नीति नहीं आती, तब तक परीक्षा परिणामों को लेकर भ्रम न फैलाया जाए। तीसरा-विभागीय समन्वय बढ़ाया जाए ताकि एक आदेश आने के बाद कोई दूसरा अधिकारी उसे रद्द न कर सके। और सबसे महत्वपूर्ण-हर प्रक्रिया को ऑनलाइन ट्रैक करने योग्य बनाया जाए। ट्रांसफर कोई कृपा नहीं, यह शिक्षक का अधिकार है। उसे ह्लफेवरह्व की तरह प्रस्तुत करना, एक अपमानजनक प्रवृत्ति है। शिक्षक न तो कोई राजनैतिक कार्यकर्ता हैं, न ही किसी गुट का हिस्सा। वे उस नींव के पत्थर हैं, जिन पर समाज का भविष्य खड़ा है। और यदि नींव को ही अनिश्चितता में रखा जाएगा, तो शिखर कैसे मजबूत बनेगा? यह लेख एक आग्रह है-शिक्षा विभाग और सरकार से, कि वह इस भ्रम, ढुलमुल रवैये और प्रशासनिक कायरता से बाहर आए। तबादला नीति को केवल फाइलों और लॉकरों में बंद करने के बजाय, जमीन पर उतारें। क्योंकि शिक्षक अब थक चुका है। और जब शिक्षक थकता है, तो पूरा समाज सुस्त हो जाता है।

# कांवड़ या हुड़दंग? आस्था की राह में अनुशासन की दरकार

**इन यात्राओं का उद्देश्य आत्मशुद्धि, समर्पण और शांति की प्राप्ति होता है। परंतु हाल के वर्षों में कुछ तीर्थ यात्राएँ, विशेषकर कांवड़ यात्रा, अपने मूल स्वरूप से भटक कर हंगामा, शोर-शराबा और अनुशासनहीनता का पर्याय बनती जा रही हैं। जहाँ एक ओर लाखों श्रद्धालु राजस्थान के रामदेवरा जैसे स्थानों पर सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर शांति और श्रद्धा से पूजा-अर्चना करते हैं, वहीं दूसरी ओर कांवड़ यात्रा के दौरान अक्सर सड़कों पर कब्जा, डीजे की धुनों पर नाचना, ट्रैफिक जाम, तोड़फोड़ और मारपीट की खबरें आती रहती हैं। सवाल उठता है-क्या आस्था का मतलब अराजकता है? कांवड़िये ही हुड़दंग क्यों करते हैं, जबकि अन्य तीर्थयात्राएँ शांति से होती हैं? श्रद्धा का स्वरूप: विनम्रता या प्रदर्शन? भारत में धार्मिक यात्राओं का इतिहास पुराना है-पदयात्रा, व्रत, नियम और तपस्या इनका मूल हिस्सा रहे हैं। लेकिन कांवड़ यात्रा, खासकर उत्तर भारत के कुछ इलाकों में, अब एक शक्ति प्रदर्शन में बदलती जा रही है। श्रद्धालु अब भक्त कम, और रौबदार शिवभक्त ज्यादा नजर आते हैं।**





प्रियंका सौरभ

लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत जैसे धर्मप्रधान देश में तीर्थयात्राओं और धार्मिक यात्राओं का एक गहरा सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रहा है।

इन यात्राओं का उद्देश्य आत्मशुद्धि, समर्पण और शांति की प्राप्ति होता है। परंतु हाल के वर्षों में कुछ तीर्थ यात्राएँ, विशेषकर कांवड़ यात्रा, अपने मूल स्वरूप से भटक कर हंगामा, शोर-शराबा और अनुशासनहीनता का पर्याय बनती जा रही हैं।

जहाँ एक ओर लाखों श्रद्धालु राजस्थान के रामदेवरा जैसे स्थानों पर सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर शांति और श्रद्धा से पूजा-अर्चना करते हैं, वहीं दूसरी ओर कांवड़ यात्रा के दौरान अक्सर सड़कों पर कब्जा, डीजे की धुनों पर नाचना, ट्रैफिक जाम, तोड़फोड़ और मारपीट की खबरें आती रहती हैं। सवाल उठता है-क्या आस्था का मतलब अराजकता है? कांवड़िये ही हुड़दंग क्यों करते हैं, जबकि अन्य तीर्थयात्राएँ शांति से होती हैं? श्रद्धा का स्वरूप: विनम्रता या प्रदर्शन? भारत में धार्मिक यात्राओं का इतिहास पुराना है-पदयात्रा, व्रत, नियम और तपस्या इनका मूल हिस्सा रहे हैं। लेकिन कांवड़ यात्रा, खासकर उत्तर भारत के कुछ इलाकों में, अब एक शक्ति प्रदर्शन में बदलती जा रही है।

श्रद्धालु अब भक्त कम, और रौबदार शिवभक्त ज्यादा नजर आते हैं।

बाइक पर 10-15 लोग, डीजे बजाते ट्रक, और शोर-शराबे में हर-हर महादेव का नारा-यह सब आस्था से अधिक दिखावे और गुटबाजी का प्रतीक लगता है। इसके विपरीत रामदेवरा की यात्रा में न कोई सुरक्षा खतरा, न सरकारी तामझाम, फिर भी वहां अनुशासन और सेवा का वातावरण होता है। ऐसा क्यों? मर्दानगी और ह्लहर-हर महादेवह्व का नया संस्करण कांवड़ यात्रा में आज जो हुड़दंग दिखाई देता है, वह भक्ति का नहीं, मर्दानगी का अवतार है। ह्लहर-हर महादेवह्व जैसे पवित्र नारे को कई बार उग्रता और हिंसा के साथ जोड़ दिया गया है। यह माचो मर्दानगी का ऐसा संस्करण है जिसमें भक्त बाइक पर स्टंट करता है, तेज म्यूज़िक पर झूमता है और किसी ने कुछ कहा तो झगड़े पर उतर आता है। रामदेवरा में लोग अपने परिवार के साथ, बड़ों के आशीर्वाद के साथ जाते हैं।

वहाँ शांति, सेवा और दर्शन ही उद्देश्य होता है, न कि सोशल मीडिया रील्स और तड़क-भड़क। प्रशासनिक ढिलाई और राजनीतिक मजबूरी प्रशासन के लिए कांवड़ यात्रा अब आस्था का नहीं, सिरदर्द का विषय बन गई है। रास्तों को बंद करना पड़ता है, जबरदस्ती स्कूल-कॉलेज की छुट्टियाँ करनी पड़ती हैं और पुलिस को कांवड़ियों को ह्लमना करनेह्व की हिम्मत नहीं होती। इसके पीछे एक बड़ा कारण है-राजनीतिक संरक्षण। कोई भी सरकार कांवड़ियों को नाराज नहीं करना चाहती, विशेषकर जब धार्मिक भावनाएं उबाल पर हों।

नतीजा यह होता है कि कुछ असामाजिक तत्व इस ढील का फायदा उठाकर पूरे आयोजन को बदनाम कर देते हैं।

सोशल मीडिया: भक्ति या ब्रांडिंग? आजकल कांवड़ यात्रा का एक और बड़ा आयाम है-सोशल मीडिया प्रमोशन। भक्त कम, ह्लइन्फ्लुएंसरह्व ज्यादा हैं। कोई रील बना रहा है, कोई फेसबुक लाइव कर रहा है, कोई अपने ट्रक की सजावट दिखा रहा है।

भक्ति अब कैमरे के सामने ह्लपोजह्व करने की प्रक्रिया बन गई है। रामदेवरा जैसे स्थलों पर ऐसी कोई प्रवृत्ति नहीं दिखती। वहाँ लोग अपने मन और आत्मा से जुड़ते हैं, न कि अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से। समूह की ताकत और मनोवैज्ञानिक भ्रम कांवड़ यात्रा का एक बड़ा पहलू है-भीड़ की ताकत और समूह मनोविज्ञान। जब सैकड़ों-हजारों लोग एक साथ चलते हैं तो व्यक्ति की जिम्मेदारी गायब हो जाती है।

कोई एक गलती करता है, और पूरी भीड़ प्रतिक्रिया में उग्र हो जाती है। रामदेवरा जैसी यात्राओं में लोग छोटे-छोटे समूहों में या व्यक्तिगत रूप से जाते हैं।

वहाँ अनुशासन भी व्यक्तिगत होता है और उत्तरदायित्व भी।

आस्था और उन्माद में अंतर कांवड़ यात्रा में जो देखा जा रहा है, वह भक्ति नहीं, उन्माद है। यह वह धर्म नहीं है जिसकी शिक्षा भगवान शिव देते हैं। वे तो योगी हैं, शांति और तपस्या के प्रतीक हैं।

उन्हीं शिव के नाम पर सड़कें कब्जा करना, गाड़ियों में तोड़फोड़ करना, दुकानें बंद करवाना-यह कहां की भक्ति है? क्या यह ईश्वर को प्रसन्न करता है या समाज को संकट में डालता है? समाधान: भक्ति में अनुशासन और प्रशासन में दृढ़ता समस्या की पहचान जरूरी है, लेकिन समाधान भी उतना ही जरूरी है। इस दिशा में निम्नलिखित सुझाव कारगर हो सकते हैं: धार्मिक संगठनों को आगे आना चाहिए जो कांवड़ यात्रा का संयोजन करते हैं, उन्हें स्वयं अनुशासन और संयम का संदेश देना होगा। प्रशासन को राजनीतिक दबाव से ऊपर उठकर कानून का पालन करवाना चाहिए, चाहे वह कोई भी समुदाय हो। भक्तों को आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या उनकी यात्रा भगवान शिव को प्रसन्न कर रही है या बदनाम कर रही है।

सोशल मीडिया पर फालतू दिखावे की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करना चाहिए, और असामाजिक तत्वों की पहचान कर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# अब वोटर बनने के लिए नागरिकता का शिगूफा

डॉ. श्रीगोपाल नारसन

अब तक भारत में पहचान और नागरिकता साबित करने के लिए आधार कार्ड और पैन कार्ड को सबसे जरूरी दस्तावेज माना जाता था। लेकिन हाल ही में सरकार की नई घोषणा ने लोगों को चौंका दिया है। अब आधार और पैन की जगह दो नए दस्तावेजों को नागरिकता प्रमाण के तौर पर मान्यता दी जा रही है। यह बदलाव खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है जो आधार या पैन कार्ड नही बनवा पाए है। इन दो दस्तावेजों में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर में नाम व नागरिकता प्रमाणपत्र को अब पहचान और नागरिकता के पुख्ता सबूत के रूप में स्वीकार किया जाएगा, खासकर सरकारी योजनाओं, पासपोर्ट आवेदन, नौकरी या बैंक खाता खोलने जैसे मामलों में ये दस्तावेज काम आएंगे। यदि आपका नाम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर में में नहीं है, तब आप नागरिकता प्रमाणपत्र के माध्यम से अपनी नागरिकता साबित कर सकते हैं। यह प्रमाणपत्र केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा जारी किया जाता है। नागरिकता प्रमाणपत्र लेने के लिए जरूरी दस्तावेज में जन्म प्रमाणपत्र या स्कूल का प्रमाणपत्र, साथ ही माता-पिता की नागरिकता से जुड़े दस्तावेज, इसके लिए सन 1950 से पहले का कोई भी निवास प्रमाणपत्र जैसे जमीन का रिकॉर्ड, राशन कार्ड आदि जिसे शपथ पत्र व दो गवाहों द्वारा सिद्ध किया जा सकता है। दरअसल आधार कार्ड एक पहचान पत्र है, लेकिन यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है। वही पैन कार्ड मुख्यतः टैक्स से जुड़ा दस्तावेज है, जो नागरिकता को प्रमाणित नही करता। जिन लोगो का आधार कार्ड या पैन कार्ड में नाम, जन्मतिथि या पता गलत है या जो सन 1950 से पहले के प्रवासी हैं या जिनके पूर्वज दूसरे देश से आए थे। या जो शरणार्थी है या फिर सीमावर्ती क्षेत्रों में रहते हैं और जिनका राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर में नाम नहीं है और अब तक कोई वैध नागरिकता प्रमाणपत्र जिन्होंने नही बनवाया। उन सभी को तुरंत संबंधित दस्तावेज इकट्ठा करके अपना नाम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर में नाम जुड़वाना चाहिए या नागरिकता प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहिए। इसके लिए हर राज्य में नागरिकता प्रमाणपत्र केंद्र बनाए जा रहे हैं। एनआरसी अपडेट करने की प्रक्रिया फिर से शुरू की जा रही है, जिसके लिएडिजिटल पोर्टल तैयार किया गया है, जहां से फॉर्म भरे जा सकते हैं। स्थानीय निकायों को निर्देश दिए गए हैं कि वे लोगों को उक्त दस्तावेज तैयार करने में मदद करें। सरकार ने अब तक भारत के प्रत्येक नागरिक को आधार कार्ड देने की मुहिम तो चलाई लेकिन नागरिकता प्रमाण पत्र के बारे में कभी नही सोचा गया। भले ही भाजपा ने सन 2014 के बाद अभी तक ज्यादातर चुनाव बिना किसी डर के जीते है लेकिन जब तीसरे आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का नारा जनता ने नकार दिया तो भाजपा को सत्ता में बने रहने की फिक्र हुई और भाजपा सरकार के कहने पर पहली बार केंद्रीय चुनाव आयोग ने बिहार से मतदाताओं की नागरिकता जांचने की मुहिम शुरू की, जो अब सुप्रीम कोर्ट के सुनवाई दायरे में पहुंच गई है। यदि ये मुहिम भारत सरकार का गृह मंत्रालय उसी तर्ज पर चलाता जैसे कांग्रेस सरकार ने आधार पहचान पत्र के लिए देशव्यापी मुहिम चलाई थी, तब हम सब इसका समर्थन करते, लेकिन दुनिया के तमाम देशों में जन्मजात और अनुवांशिक नागरिकता प्रचलित है इसलिए सभी के पास अलग से कोई नागरिकता प्रमाण पत्र नही होता। नागरिकता प्रमाणपत्र उन्ही प्रदेशियों के लिए जारी किया जाता है जो इसके लिए बाकायदा आवेदन करते हैं। भारत में आमतौर से कोई भी शासकीय सुविधा या अधिकार पाने के लिए आयकर प्रमाण पत्र से ज्यादा महत्व आधार पहचान पत्र को दी जा रही है। ज्यादातर के पास वंशानुगत या जन्म आधारित नागरिकता है लेकिन इसका कोई प्रमाण पत्र भी किसी के पास नहीं है। हालांकि पासपोर्ट के आधार पर पूरी दुनिया देश के नागरिकों को भारतीय मानकर अपने यहां आने- जाने देती है, कारोबार करने देती है। लेकिन पासपोर्ट को अपने देश में नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं माना जाता। यदि विदेशी सरकारें भी भारत सरकार की तरह पासपोर्ट के आधार पर हमें भारतीय मानने से इंकार कर दें तो हम कहीं आ जा भी नही सकेंगे। यद्यपि पासपोर्ट जारी ही तब किया जाता है जब जन्म का, आवास का, संपत्ति का और पुलिस द्वारा चरित्र का सघन सत्यापन करा लिया जाता है, यही प्रक्रिया मतदाता पहचान पत्र जारी करने मे अपनाई जाती है। ऐसे में यदि बिहार या देश के किसी भी राज्य में जारी मतदाता पहचान पत्रों को संदिग्ध माना जा रहा है तो इसके लिए दोषी स्वयं केंद्रीय चुनाव आयोग है। चुनाव आयोग का बीएलओ से लेकर जिला स्तर का अधिकारी इस प्रक्रिया में दोषी है। क्योंकि उन्होंने ही एक लंबी प्रक्रिया के बाद आधार कार्ड आदि दस्तावेज बनवाये है। नागरिकता प्रमाण पत्र मुख्य रूप से उन लोगों को जारी किया जाता है जो जन्म, वंश, पंजीकरण, प्राकृतिकरण या क्षेत्रीय समावेशन के माध्यम से भारतीय नागरिकता प्राप्त करते हैं, नागरिकता अधिनियम, 1955 के मुताबिक, भारत में जन्मे अधिकांश लोग स्वतः नागरिक माने जाते हैं, और उनके लिए नागरिकता का प्रमाण आमतौर पर जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, या अन्य दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी आदि के माध्यम से स्थापित किया जाता है। रक रजिस्टर बनाकर मौजूदा सरकार ने असम में एन आर सी प्रक्रिया के तहत नागरिकता सत्यापन करने का अभियान चलाया था जिसमें लगभग 1.9 मिलियन लोग नागरिकता साबित करने में असफल रहे है,

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण

नई दिल्ली, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025



# मनरेगा योजना में अनियमितता की शिकायतें प्राप्त होगी तो सीधे बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी : जिला पदाधिकारी

- प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी
- किसी भी प्रकार की शिथिलता और अकर्मण्यता तथा अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया (घनश्याम)। जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा के क्रम में सर्वप्रथम खेल मैदान की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि खेल मैदान मनरेगा की वर्तमान में सबसे प्राथमिक योजनाओं में से एक है। प्राथमिकता के आधार पर मनरेगा से खेल के मैदान को पूर्ण करना था। किंतु समीक्षा के क्रम में पाया गया कि मैनाटांड़, बगहा-1, बगहा-2,भीतहां, पिपरासी में खेल मैदान की प्रगति संतोषजनक नहीं है। जिला पदाधिकारी द्वारा इस पर असंतोष प्रकट की गई एवं इन सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों के वेतन स्थगित करने का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया गया। साथ ही इनसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्य पूर्णता की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि 2022-23 से पूर्व की भी कई योजनाएं है जिन्हें पूर्ण नहीं किया गया है इसके अलावा 23-24,24-25 की भी कई योजनाएं को पूर्ण नहीं किया गया है जिससे स्पष्ट है कि कार्य की पूर्णता पर कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जॉब कार्ड सत्यापन की समीक्षा क्रम में पाया गया कि जॉब कार्ड धारी के जॉब कार्ड का सत्यापन में संतोषजनक कार्य नहीं किया जा रहा है। साथ ही साथ उनके जॉब कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने में प्रगति नहीं लाई जा रही है। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा खेद प्रकट किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त को खराब प्रदर्शन करने वाले पंचायत रोजगार सेवकों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वृक्षारोपण के कार्य की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पंचायत में वृक्षारोपण का कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा है। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया गया कि जिन पंचायत में अभी तक प्लांटेशन का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है उन सभी पंचायत के पंचायत रोजगार सेवकों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मनरेगा के कार्य में पूरी तरह से पारदर्शिता लाएं और विभागीय दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्य में प्रगति लाएं। जिला पदाधिकारी द्वारा कड़ी चेतावनी दी गई कि मनरेगा योजना में किसी भी प्रकार की शिथिलता और आकर्मण्यता तथा अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं से भी किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायतें प्राप्त होगी तो सीधे बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साथ प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। जिला पदाधिकारी द्वारा किए गए समीक्षा के क्रम में कमतर प्रदर्शन वाले मैनाटांड़, बगहा-1, बगहा-2, भीतहां, पिपरासी, रामनगर, लौरिया और नौतन के कार्यक्रम पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछा गया है एवं इनका वेतन स्थगित किया गया है। इसके साथ ही साथ कमतर प्रदर्शन वाले 85 पंचायत रोजगार सेवकों से स्पष्टीकरण पूछा गया है और उन्हें 15 दिन का समय दिया गया है। यदि 15 दिन के अंदर इनका प्रदर्शन बेहतर नहीं होता है तो विहित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए उनकी बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 07 चनपटिया को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

- विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के दौरान अद्वितीय निष्ठा कर्तव्यपरायणता एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निवर्हन करने पर प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र



बेतिया(घनश्याम)। विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के दौरान बेहतर कार्य करने पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 07 चनपटिया (विधान सभा क्षेत्र)-सह-उप विकास आयुक्त, पश्चिम चम्पारण सुमित कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इन्हें यह प्रशस्ति पत्र विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के दौरान अद्वितीय निष्ठा कर्तव्यपरायणता एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निवर्हन करने पर प्रदान किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 07 चनपटिया (विधान सभा क्षेत्र)-सह-उप विकास आयुक्त, पश्चिम चम्पारण के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इनके द्वारा मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से निष्पादित किया गया है, जो सराहनीय है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, श्री कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त, नगर निगम बेतिया लक्ष्मण तिवारी सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, अभियंता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सवान के प्रथम सोमवारी को जल अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

परसा। प्रखंड कार्यालय के पास नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर से ग्रामीणों के सहयोग से गाजे बाजे घोड़े के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा. कलश यात्रा की जाथा प्रभुनाथ महाविद्यालय परसा चेतन परसा दरोगा राय चौक परसा बाजार सैदपुर मस्तीचक होते हुए तुला ब्रह्म स्थान पर वैदिक मनतोउच्चारण के साथ कलश मे जलभरी की गई. कलश यात्रा मस्तीचक परसा हाई स्कूल चौक चेतन परसा पोखरपुर होते हुए शिव मंदिर पहुंच,शिवजी की जलाभिषेक किया गया.कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुगण हुए शामिल.इस दौरान श्रद्धालुओं में जल अभिषेक करने के लिए काफी उत्साह का माहौल देखा गया. प्रखंड व नगर के अलग-अलग शिव मंदिरों पर जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़.

### बीएलओ पर हुई कार्रवाई

दरियापुर।स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में चल रहे गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ को लापरवाही करना महंगा साबित हो गया।इस लापरवाही को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी दीनबंधु दिवाकर के द्वारा लगभग आधा दर्जन बीएलओ से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।इनलोगों के द्वारा संतोषजनक कार्य नहीं किया गया था।

### बाबा गौरीशंकर नाथ मंदिर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

बनियापुर । प्रखंड के बेरूई स्थित गौरीशंकर नाथ मंदिर में माह के पहली सोमवारी को जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमर पड़ी है जहाँ दिखा आस्था का सैलाब सावन में आने वाले प्रत्येक सोमवार का विशेष महत्व होता है।इस दिन व्रत रखकर शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, धतूरा और अन्य पूजन सामग्रियां अर्पित करना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। श्रावण मास के कृष्ण पक्ष कीग प्रतिपदा तिथि से भगवान शिव को समर्पित पवित्र माह की शुरूआत हो जाती है।इसे देवों के देव महादेव का प्रिय महीना माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि इस मास में यदि श्रद्धापूर्वक शिवलिंग पर केवल एक लोटा जल भी अर्पित किया जाए, तो भगवान शिव प्रसन्न होकर अपने भक्तों को सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। वहीं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दखते हुए गाड़ी संख्यामें पुलिस बल तैयार देखें वही देखा गया कि एक तरफ पुरुषों की दूसरी तरफ लइन महिलावों की लाइन लगा कर जलाभिषेक करते दिखे भाड़ी संख्या मे श्रद्धालुओ की भीड़।

### विदा हुए ग्रामीण एसपी : कुछ सपने पूरे कुछ रह गए अधूरे

छपरा कार्यालय। सारण पुलिस अधीक्षक ग्रामीण का स्थानांतरण हो जाने पर विदाई समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर सारण रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर उज्वल भविष्य की शुभकामना दी। पुलिस उपमहानिरीक्षक व वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के सराहनीय कार्यों को याद किया। उन्हें आगे भविष्य में ऐसे ही अपने कार्यों से पुलिस विभाग की सेवा करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी। समारोह में अधिकारियों ने एसपी ग्रामीण के नेतृत्व, कार्यशैली, एवं उनके द्वारा पुलिसिंग के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। उन्होंने न सिर्फ अपराध नियंत्रण में अहम भूमिका निभाई, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस-पब्लिक रिलेशन को भी सुदृढ़ किया। इस मौके पर डीडीसी सारण, एसडीपीओ सोनपुर, एसडीपीओ मढ़ौरा, पुलिस उपाधीक्षक, रक्षित, पुलिस उपाधीक्षक साइबर, दो परि० पुलिस उपाधीक्षक एवं अन्य वरीय पदाधिकारी, कर्मी मौजूद थे।

## श्रावण के पहली सोमवारी को उमड़ी शिवालयों में शिव भक्त श्रद्धालुओं की भीड़



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के सभी शिवालयों में श्रावण की पहली सोमवारी को शिव भक्त श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी।वहीं इंडो नेपाल सीमा स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व व त्रिवेणी संगम तट के किनारे स्थित जटाशंकर मंदिर में भी शिव भक्तों की जलाभिषेक के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। बतादें,वीटीआर जंगल के गर्भ स्थित पौराणिक मंदिर जटाशंकर की कहानी पौराणिक कथाओं में वर्णित है। कहा जाता है कि भगवान शंकर और भस्मासुर के बीच हुई लड़ाई के दौरान भगवान के जटा का कुछ अंश त्रिवेणी संगम तट के समीप टाइगर रिजर्व के जंगल में गिर गया था। उसके बाद से जटाशंकर बाबा के नाम से प्रसिद्ध,जटाशंकर मंदिर में प्राचीन काल से लेकर वर्तमान तक प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंच पूजा अर्चना करते हैं। यह भी माना जाता है कि त्रेता युग में महर्षि वाल्मीकि अपने दो वीर शिष्यों के साथ भगवान जटाशंकर का पूजा अर्चना करने के लिए अपने आश्रम से प्रतिदिन आते थे। माता सीता भी प्रतिदिन जटाधारी भोलेनाथ की पूजा अर्चना करती थी। क्योंकि भगवान राम भी भगवान शंकर के ही उपासक थे।


## स्वर्णिम विहान ने स्वर्णकार समाज के बच्चे बच्चियों के शैक्षणिक विकास हेतु बैठक संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।स्वर्णकार समाज के बच्चे बच्चियों को शिक्षा एवं पठन-पाठन के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से स्वर्णिम विहान ( एक निःशुल्क शैक्षणिक प्रकोष्ठ ) ने स्वर्णकार समाज के प्रबुद्ध लोगों तथा इस समाज के शिक्षक समुदाय से जुड़े लोगों की एक आवश्यक बैठक छपरा शहर के कटहरी बाग स्थित कृष्णा कुमार वैष्णवी के आवासीय परिसर नूतन निकेतन, कौशल्या कॉलोनी मैं आयोजित की गई । इस बैठक में विभिन्न पहलुओं जैसे समाज के बच्चे बच्चियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने हेतु हर तरह का सहयोग करने, सेमिनार आयोजित करने, छात्र शिक्षक समागम का कार्यक्रम आयोजित करने, इंटरव्यू बोर्ड की व्यवस्था करने तथा समाज के ऐसे पूर्वजों की जयंतियां मनाने का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिन्होंने समाज के लिए विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य संपादित किया। बैठक में प्रकोष्ठ के चीफ कोऑर्डिनेटर कृष्ण मोहन प्रसाद ने प्रकोष्ठ की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी उपस्थित सदस्यों के बीच साझा किया। बैठक की अध्यक्षता आनंद कुमार साह ने किया। बैठक में अकादमी काउंसिल के सदस्यों की सूची जारी की गई जिस काउंसिल में मुख्य रूप से स्वर्णकार समाज के शिक्षक गण नामित किए गए थे। साथ ही प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी के सदस्यों की भी सूची सभी सदस्यों को हस्तगत कराया गया। इस सूची के अनुसार आनंद कुमार साह को मुख्य संरक्षक सह अध्यक्ष, डॉ.रामबाबू प्रसाद, सी ए अमित कुमार ,कृष्णा कुमार वैष्णवी, सुभाष प्रसाद सभी सह संरक्षक ,प्रोफेसर अमर नाथ प्रसाद तथा प्रोफेसर अभय कुमार सिन्हा क्रमशः चीफ एकेडमिक पेट्रोन तथा डिप्टी चीफ अकैडमिक पेट्रोन की जवाबदेही तय की गई । उसी प्रकार जयप्रकाश गुप्ता को डिप्टी चीफ कोऑर्डिनेटर सह ज्वाईंट सेक्रेटरी, शंभू कुमार को उपाध्यक्ष ,कृष्ण मोहन प्रसाद को चीफ को-ऑर्डिनेटर सह जेनरल सेक्रेटरी ,जगमोहन प्रसाद को फाइनेंस सेक्रेट्री ,एक्ट्रेस वैष्णवी को प्रवक्ता तथा इवेंट एंकर की जवाबदेही सौंपी गई। विनोद राज को एकेडमिक काउंसिल के चीफ कन्वेनर , डा० विश्वजीत कुमार को डिप्टी कन्वेनर तथा ज्योति कुमारी एवं आकृति रचना को महिला तथा बाल विकास प्रकोष्ठ के संयोजक के रूप में कमेटी ने चयनित किया । विशाल कुमार को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के शिक्षकों की एक बड़ी संख्या तथा प्रबुद्ध एवं संभ्रांत श्रेणी के सराफा व्यवसायी एवं कारीगर समूह के लोगों ने भाग लिया। बैठक की कार्यवाही गुरु वंदना एवं गायत्री मंत्र से आरंभ की गई तथा राष्ट्रीय गान से समाप्त किया गया। उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार देते हुए यह संकल्प लिया कि प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बहुत ही निकट भविष्य में एक पेरेंटिंग सेशन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अंत में इस सभा के अध्यक्ष तथा नवचयनित मुख्य संरक्षक सह प्रेसिडेंट आनंद कुमार साह ने धन्यवाद व्यापित किया तथा चीफ कोऑर्डिनेटर ने बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

## 91 वां बिहार स्टेट जूनियर सीनियर एथलेटिक्स चेम्पियशिप के 100 मीटर फरार्टा दौड़ में सौरभ ने गोल्ड मेडल जीता

**थरुहट क्षेत्र के युवक ने गोल्ड मेडल जीतकर चंपारण का मान बढ़ाया**



- नेशनल एथलेटिक्स गेम्स प्रतियोगिता के लिए सौरभ चुने गया

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। पटना में चल रहे 91वां बिहार स्टेट जूनियर और सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ रेस (इवेंट्स) में चंपारण थरुहट के लाल सौरभ ने फरार्टा भरते हुए 10.20 का समय निकालते हुए गोल्ड मेडल जीता। इसके साथ ही थरुहट के लाल सौरभ कुमार ने नेशनल चेम्पियनशिप में अपनी जगह बना ली है।अब चंपारण के लाल देश के लिए (दौड़ेंगे)खेलेंगे।बतादें की सौरभ कुमार बगहा पुलिस जिला के संतपुर सोहरिया पंचायत के मुखिया के पौत्र और पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी रमेश महतो के पुत्र है। जिन्होंने बिहार की राजधानी पटना में 91 वें स्टेट सीनियर एथलेटिक्स के 100 मीटर इवेंट्स में कई बढ़ाओ को पार कर फाइनल प्रतियोगिता में 10.20 सेकेंड का समय निकालकर प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। इसकी जानकारी मिलते ही खेल जगत के साथ साथ थरुहट क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।पिता रमेश महतो ने बताया कि यह गौरव का क्षण है और हमे पूरी उम्मीद है कि आगे देश के लिए अपनी योगदान 100% सौरभ देते हुए चंपारण और देश का नाम रौशन करेंगे।

## कबीर कोहिनूर अवॉर्ड से सम्मानित होने पर पत्रकारों एवं बुद्धिजीवियों ने जितेंद्र बच्चन को दी बधाई

- एसकेएफआई एवं कायस्थ परिवार के सदस्यों ने खुशी जाहिर की

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्षएवंवरिष्ठपत्रकारजितेंद्रबच्चन को भारतीय कबीर मठ,राजस्थान द्वारा कबीर कोहिनूर अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किए जाने पर छपरा के कई पत्रकारों,समाजसेवियों,चित्रांश संगठनों के प्रतिनिधियों सहित एस के एफ आई के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है तथा कहा कि उनके इस सम्मान से संस्था सहित अन्य क्षेत्रों में गर्व की बात है। समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के बिहार प्रदेश प्रभारी एवं सारण जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष डॉ .विद्या भूषण श्रीवास्तव ने श्री बच्चन जी को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें पत्रकारिता कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला है तथा कहा कि विगत दिनों अखिल भारतीय कबीर मठ, सदगुरू कबीर आश्रम सेवा संस्थान ,नागौर,राजस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम में कुल 100 महान विभूतियों को उनकी उत्कृष्टता के लिए विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए कोहिनूर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था जिनमें राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र बच्चन शामिल थे जिन्हें पूर्व केंद्रीय श्रम मंत्री एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री सत्य नारायण जाटिया,विशिष्ट अतिथि स्वामी संपूणार्नंद महाराज ,मठ के श्री महंत भारत भूषण एवं डॉ.नामक दास ने प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया है। उधर, कायस्थ परिवार,छपरा के संरक्षक प्रोफेसर के.पी .श्रीवास्तव ,मुख्य संयोजक अभिजीत कुमार श्रीवास्तव,अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा उर्फ मिंटू,उपाध्यक्ष कमल किशोर सहाय , महासचिव अजय कुमार सहाय ,सचिव अजित कुमार सहाय ने ऑल इंडिया कायस्थ काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पत्रकार जितेंद्र बच्चन को कबीर कोहिनूर अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे चित्रांश परिवार गौरवान्वित है । देश के विभिन्न समाचार पत्रों में कार्य करने वाले एवं निष्पक्ष तथा खोजपरख खबरों को महत्व देने वाले प्रख्यात पत्रकार जितेंद्र बच्चन ने सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों को धरातल पर उतार कर एक अमिट छाप छोड़ी है नतीजन,उन्हें कबीर कोहिनूर अवॉर्ड से सम्मानित होना एक ज्वलंत उदाहरण है,ऐसा कई चित्रांश संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है। इस बीच सारण जिला के कई पत्रकारों डॉ. सुनील प्रसाद, किशोर कुमार,गजेंद्र कुमार,धर्मेन्द्र कुमार राम,संजय कुमार पाण्डेय आदि सहित कई बुद्धिजीवियों ने श्री बच्चन के कबीर कोहिनूर अवॉर्ड से सम्मानित होने पर बधाई दिया है।

## भारत स्काउट और गाइड सारण ने की श्रद्धालुओं की सहायता

- अनुमण्डल पदाधिकारी छपरा सदर एवम जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के संयुक्त निर्देश पर स्काउट और गाइड ने की सहायता

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। भारत स्काउट और गाइड सारण की टीम ने प्रसिद्ध धनी धर्मनाथ मंदिर में शिविर आयोजित कर सावन माह के प्रथम सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा तथा सहायता की।अनुमण्डल पदाधिकारी छपरा सदर एवम जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के संयुक्त निर्देश के आलोक में स्काउट और गाइड को प्रतिनियुक्त किया गया।जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण ने बताया कि जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट ओपन टूप के 30 स्काउट और गाइड ने भाग लिया। जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने बताया की भारत स्काउट गाइड की पहचान सेवा और सहायता है,उन्होंने कहा कि सावन माह का प्रथम सोमवारी के मौके पर भीड़ के दौरान श्रद्धालुओं की कई तरह की परेशानियां होती है। इसको ध्यान में रखते हुए स्काउट और गाइड को प्रतिनियुक्त किया गया है। जिसमें स्काउट और गाइड के स्वयंसेवकों के द्वारा भीड़ नियंत्रण तथा श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करने और जलाभिषेक करने के बाद मंदिर से सुरक्षित बाहर निकलवाने में सहयोग किया गया।शिविर में डिस्ट्रिक ओपन ट्रूप के स्काउट मास्टर प्रणव,आशुतोष,सोनू के देख रेख में स्काउट विक्की, सुमित, विवेक,गोलू,हर्षित,शुभम,गाइड अमृता, आस्था, नंदनी,मुस्कान,खुशी,रीतिका, सौम्या सहित 30 स्काउट और गाइड के स्वयंसेवक सेवा दिए।

## अज्ञात असमाजिक लोगों ने बीती रात लगाई आग, सारे सामान जलकर हुई राख

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मुसेपुर महारानी स्थान स्थित ओ पी एण्ड कम्पनी के टेंट हाउस गोदा में रविवार रात के बीती रात में असमाजिक लोगों के द्वारा किरासन तेल छिड़ककर आग लगा दी गई।गोदाम में रखे लगभग आठ लाख रुपए की सम्मान जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा आग के लाफ देखकर लोगों ने शोर मचाया तो लोग जग और घटना की सुचना टेंट हाउस के मालिक मुसेपुर महारानी स्थान निवासी स्वः रामफल सिंह के पुत्र अमन कुमार सिंह के द्वारा दुरभाष पर सुचना डोरीगंज थानाध्यक्ष दिलीप कुमार और डायल 112 को दी सूचना मिलते ही डोरीगंज थानाध्यक्ष दिलीप कुमार दल बल के साथ डोरीगंज और अवतार नगर थाने की फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया लेकिन गोदाम में रखे सारे सामान जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की कही।इस घटनास्थल पर पहुंचे स्थानीय मुसेपुर पंचायत के मुखिया बब्लू कुमार राय, विनोद सिंह सहित उपस्थित गणमान्य लोग काफी अफसोस जतायीं और प्रशासन से कारवाई की मांग कर उचित मुआवजे की मांग की गई।

## परसा में चल रहा मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

परसाः- प्रखंड क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के तहत मतदाता सूची का अद्यतन कार्य चल रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर परसा प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ और सुपरवाइजर यह कार्य कर रहे हैं।भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य योग्य मतदाताओं को सूची में जोड़ना और अयोग्य मतदाताओं के नाम हटाना है।सोमवार को परसा प्रखंड के अन्याय पंचायत स्थित ब्रम्हपुर क्षेत्र के बीएलओ जितेंद्र कुमार व ज्ञानप्रकाश आर्य के अनुसार, उनके क्षेत्र में 100 से अधिक मतदाता दिल्ली, पंजाब समेत अन्य राज्यों में मजदूरी कर रहे हैं। इन प्रवासी मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा सकते हैं।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्वाचन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। इस पुनरीक्षण में पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बीएलओ घर-घर जाकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का सत्यापन कर रहे हैं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो।बीडीओ राकेश कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग का यह विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम इसलिए चलाया जा रहा है क्योंकि क्षेत्र में कई ऐसे लोग हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है, लेकिन उनका नाम अभी तक मतदाता सूची में मौजूद है। वहीं, कुछ लोग लंबे समय से अपने विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर अन्य जगह बस चुके हैं।ऐसे लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए ही घर-घर सर्वेक्षण किया जा रहा है। बीएलओ गणना प्रपत्र लेकर घर-घर जा रहे हैं और मतदाताओं से जरूरी दस्तावेज जुटा रहे हैं।निर्वाचन आयोग 1 अगस्त 2025 को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी करेगा। नागरिक 1 सितंबर 2025 तक दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी।नए मतदाताओं को आयु प्रमाण पत्र, पहचान पत्र और निवास प्रमाण जैसे आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। निर्वाचन आयोग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आस-पास के लोगों को इस अभियान के बारे में जागरूक करें। यदि किसी का नाम सूची में नहीं है या जानकारी गलत है, तो वे 1 सितंबर से पहले आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

## पटना आईआईएमएस के प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ ने डीएवी कैसर सुरक्षा के बारे मे किया जागृत

बनियापुर । प्रखंड के सुप्रसिद्ध विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल के सभागार में कैंसर सुरक्षा के बारे में एक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ( अक्क्टर) पटना से कैंसर के विभागाध्यक्ष डॉ जगजीत पाण्डेय जी सहित विद्यालय निदेशक धनंजय कुमार, सचिव प्रमोद सिंह, प्राचार्य अमन सिंह सहित विद्यालय के शिक्षकगण की मौजूदगी मे आयोजित कार्यक्रम मे प्राथमिक लक्षण,उपचार पर डॉ जगजीत पाण्डेय ने विद्यालय के बच्चों को कैंसर के बारे में जागरूक किया। कैंसर के शुरूआती लक्षण, कैंसर के प्रकार तथा अलग-अलग स्टेज पर कैंसर का क्या उपचार है उसके बारे में भी जानकारी देते हुए डॉ जगजीत पाण्डेय ने बताया कि कैंसर से घबराने या डरने के बजाय उसका समुचित उपचार करना चाहिए। साथ ही साथ उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को उनके पढ़ाई के क्षेत्र में ध्यान देने को कहा और यह बताया कि सच्ची मेहनत कभी भी व्यर्थ नहीं होती। विद्यालय निदेशक धनंजय कुमार एवं सचिव प्रमोद सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम को संबोधित किया और बताया कि डॉ जगजीत पाण्डेय के इस अभियान के तहत के हर वर्ग के लोगों में कैंसर को लेकर जागरूकता उत्पन्न होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय निदेशक धनंजय कुमार एवं सचिव प्रमोद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालन, स्वागत संबोधन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य अमन सिंह ने किया।

## नगर निगम क्षेत्र में 2.76 करोड़ की लागत से लगेंगे 90 वॉट वाले पांच हजार लाइट: गरिमा

- नगर निगम बोर्ड के निर्णय के आधार पर जारी निविदा के लिए 28 जुलाई तक की जा सकेगी ऑनलाइन दावेदारी
- 30 जुलाई को अपराह्न तीन बजे से पहले संवेदकों को अपने अपलोड कागजातों को हार्ड कॉपी जमा करने का आदेश,

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में 90- 90 वॉट के पांच हजार एलईडी लाइट लगाने की निविदा जारी कर दी गई है। नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित योजना के तहत लाइट लगाने में नगर निगम के नव अधिग्रहित क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इस योजना के तहत संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र विद्युतीकरण पर कुल करीब 2.76 करोड़ के अंतर्गत लागत आएगी। खरीदारी के बाद पांच हजार लाइट लगाने के लिए अन्य चयनित एजेंसी को दीपावली से पूर्व ही लाइट अधिष्ठापन की योजना को पूरा करना होगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम बोर्ड के निर्णय के आधार पर जारी निविदा के लिए इच्छुक और योग्य संवेदकों द्वारा 28 जुलाई तक ऑनलाइन दावेदारी की जा सकेगी। वही 30 जुलाई को अपराह्न तीन बजे से पहले संवेदकों को अपने अपलोड कागजातों को हार्ड कॉपी जमा करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई को ही अपराह्न तीन बजे के बाद सशक्त स्थायी समिति निविदा के विरुद्ध अपलोड कागजातों की जांच कर के निर्णय करेगी।

## विक्रमपुर में आयोजित जन सुराज की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

मढ़ौरा/छपरा। मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के नौतन पंचायत अंतर्गत विक्रमपुर गांव के वार्ड संख्या 3 में रविवार की देर शाम जन सुराज की बिहार बदलाव यात्रा के तहत एक भव्य जनसभा का आयोजन किया गया। इस ह्यबिहार बदलाव संवादह्ल जनसभा की अगुवाई मढ़ौरा विस की नेत्री डॉ. नूतन कुमारी ने की, जहां हजारों की संख्या में ग्रामीणों व समर्थकों की भागीदारी देखी गई। जन सभा में शामिल जनसमूह ने डॉ. नूतन कुमारी के प्रति जबरदस्त उत्साह व समर्थन प्रकट किया। ग्रामीणों ने न केवल भावी प्रत्याशी के लिए नारे लगाए, बल्कि जन सुराज की विचारधारा को भी सराहा। जनता के साथ लिया बदलाव का संकल्पः जन सभा को संबोधित करते हुए डॉ. नूतन कुमारी ने कहा कि बिहार में व्यवस्था परिवर्तन की आवश्यकता है। यहां की बदहाली को दूर करने के लिए अब जनता को जागरूक होना होगा। अगर हम आज नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ी भी पिछड़ती जाएगी। मढ़ौरा को सुंदर व सशक्त बनाने के लिए हमें अब जनता का राज स्थापित करना होगा। उन्होंने जनता के साथ मिलकर बदलाव व विकास का संकल्प लिया। इस अवसर पर जन सुराज के प्रदेश व जिला स्तरीय कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच से राहुल सिंह (सह संयोजक, चुनाव अभियान समिति), उर्मिला सिंह (संयोजक, चुनाव अभियान समिति), रामपुकार मेहता (प्रदेश कोर कमेटी सदस्य), सुरेश सिंह, बाबर खान, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राजनंदन राय, प्रीति रानी, नवनीत राय, उषा देवी, कुमार शिवम, विकास गौतम, प्रभात गिरी, राजीव रंजन सिंह, सीपी शर्मा, अभय कुमार शर्मा, भरतेश्वर सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने जन सुराज की विचारधारा को विस्तार से जनता के समक्ष रखा। सभा का संचालन जिला प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने किया। सभा के दौरान डॉ. नूतन कुमारी के समर्थकों की विशिष्ट उपस्थिति भी चर्चा का विषय रही। पुरुष कार्यकर्ता जहां पीली टीशर्ट में सुसज्जित थे, वहीं महिला कार्यकर्ता बैच लगाए नजर आईं। लोगों ने बताया कि मढ़ौरा में किसी भी राजनीतिक दल के साथ इतनी संगठित टीम पहले कभी नहीं देखी गई। लोकप्रियता में लगातार वृद्धिः जनसभा में उमड़ी भीड़ और डॉ. नूतन कुमारी के समर्थन में दिखा जनसैलाब इस बात की ओर संकेत करता है कि आगामी विधानसभा चुनावों में जन सुराज को मढ़ौरा क्षेत्र में मजबूत जनाधार मिल सकता है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### मतदाता गहन पुनरीक्षण के तहत आरा विधानसभा में गणणा फार्म भरने में भारी लापरवाही पर रोक लगे: क्यामुद्दीन अंसारी

आरा। भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने एक बयान जारी कर कहा है कि मतदाता गहन पुनरीक्षण में आरा विधानसभा के कई बुथो पर भारी गड़बड़ी देखने को मिल रही है.गणणा फार्म भरने में दर्जनों बी एल ओ भारी लापरवाही बरत रहे हैं. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि लगातार हमने आरा विधानसभा के विभिन्न बुथों की गड़बड़ी की सूचना देते रहे हैं आज भी बुथ संख्या 98,बुथ संख्या 132,बुथ संख्या 181,बुथ संख्या 184.की सिकायत की है.आरा नगर के अनाईठ हो या खेताड़ी मुहल्ला, सहित वार्ड 25,26,27,28,30,33.के बी एल ओ की सिकायत आम जनता से मिल रही है. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने आरा विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी और सह निवार्ची से मांग की है कि इन उपर्युक्त वार्डो और मुहल्ले की जांचो परांत जो हो सके कार्रवाई की जाय जिससे मतदाताओं को उनका गणणा फार्म समय पर जमा हो सके.

### युवती के गायब होने पर परिजनों ने किया मुकदमा दर्ज

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव से एक युवती के फरार होने की सूचना पुलिस से पुलिस को दी गई है, इस मामले में थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि तेतरिया गांव के रहने वाले दिलचंद साव नामक व्यक्ति ने दिए गए आवेदन के आलोक में कहा है कि मेरी बेटी बीते तीन तारीख से घर से गायब है, जिसका कुछ भी अब तक पता नहीं चल पाया है इधर बेटी के गायब होने के बाद परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है, परिजनों का कहना है कि किसी के द्वारा मति मार कर उसे भाग लिया गया है,जोकि काफी पूजा पाठ करती थी और भगवान के भजन करती थी हालांकि इस मामले में पुलिस छानबीन भी कर रही है।

### बारुण के अष्टभुजी मंदिर में मेदांता अस्पताल द्वारा निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित ग्राम पंचायत पिपरा के अष्टभुजी मंदिर के प्रांगण में अष्टभुजी महोत्सव आयोजन समिति पिपरा के तत्वावधान में सूर्य राघव मंदिर बड़ेम के अध्यक्ष, महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें, भारत के श्रेष्ठ अस्पताल जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के योग्य एवं कुशल चिकित्सकों के द्वारा लगभग 1000 ग्रामीणों का इलाज किया गया।उनके स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें सलाह देकर दवा की जानकारी दी गई।कार्यक्रम की शुरूआत फीता काटकर मुख्य अतिथि संजीव कुमार सिंह,प्रोफेसर विजय कुमार सिंह,स्थानीय सरपंच नीलम देवी,भाजपा नेता अजीत कुमार सिंह, नीतिश कुमार पांडेय पौथू पंचायत के पूर्व मुखिया संजीव द्विवेदी, पंचायत समिति सदस्य अमरेश सिंह,आनंद कुमार,मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह, मेदांता के चिकित्सक डॉ राहुल, डॉ प्रिया एवं अन्य लोगों के द्वारा किया गया। डॉ प्रिया एवं डॉ राहुल ने संबोधन के क्रम में बताया कि मानव जीवन में स्वस्थ रहने के लिए समय से इलाज बहुत बड़ी पहलू है।समय रहते यदि जटिल रोग की पहचान कर ली जाए तो उसे पूर्णतया ठीक किया जा सकता है।मुख्य अतिथि प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कहा कि मेदांता अस्पताल के डॉक्टरों की उपस्थिति होना हमारे पंचायत के लिए गर्व की बात है।

### ग्रामिण विकास मंत्री द्वारा छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया

गया जी।गया जी के परैया में युवा जदयू के द्वारा आयोजित युवा समागम सह छात्र-छात्राएं सम्मान समारोह में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार शामिल हुए. इस कार्यक्रम में मंत्री श्रवण कुमार के अलावे नीतीश पटेल, गया युवा जदयू के अध्यक्ष रामाकांत कुमार उर्फ सतीश पटेल, विधायक मनोरमा देवी समेत कई पटना से आए और जिले के नेता मौजूद थे। इस दौरान युवा समागम समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि यह एक बड़ा आयोजन है, जिसे गया जिला युवा जदयू के द्वारा आयोजित कराया गया है. इसके लिए गया जदयू के युवा के अध्यक्ष रामाकांत कुमार उर्फ सतीश पटेल और मुखिया संगीता देवी को धन्यवाद देते हैं. मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम में हम बताने आए हैं, कि हम लोगों ने बिहार का बड़ा बदलाव किया है. 20 सालों के दौरान बिहार में ऐसे काम किए गए, जो असंभव थे. पुल पुलिया, सड़के, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा सभी गांवों की पहुंच तक लाया है।बिहार आज बदला है।का बिहार और 2005 के पहले का बिहार में आसमान जमीन का फर्क है. मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि हम आग्रह करते हैं, वैसे लोगों से जिनकी उम्र 40, 50, 60, 70 साल की है. ये लोग अपने 2005 के के पहले का बिहार कैसा था,

# समस्याओं के समाधान होने तक जंग जारी : जिलाध्यक्ष

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ, भोजपुर इकाई की बैठक आदर्श मध्य विद्यालय नवादा आरा में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटू एवं संचालन जिला सचिव सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद शौकत अली ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटू ने कहा कि शिक्षकों के साथ सरकार भेदभावपूर्ण नीति अपनाते हुए प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक तक के शिक्षकों को 18 से 20 वर्षों की सेवा के बाद भी प्रोन्नति से वंचित रखा है। मंटू ने कहा कि सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बावजूद विशिष्ट शिक्षकों को सहायक शिक्षक का दर्जा नहीं मिल रहा एवं उनका वेतन निर्धारण नही हो पा रहा है जो अत्यंत निंदनीय है। संचालन कर्ता जिला सचिव सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद शौकत अली ने सरकार से मांग किया कि सभी नियोजित ,विशिष्ट और विद्यालय अध्यापकों को एकीकृत करते हुए 9300-34800 वेतनमान, राज्यकर्मी जैसी सुविधाएं सेवा निरंतरता और प्रोन्नति सुनिश्चित की जाए। जिला उपाध्यक्ष परमेश्वर पासवान एवं जिला कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद ने शनिवार को विद्यालय का समय मध्यान्तर तक करने की मांग की शिक्षक नेताओं ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा संघ ने की है। इसके तहत 16 जुलाई को जिला पदाधिकारी को मांग पत्र सोपा जाएगा ,19 जुलाई को जिला मुख्यालय में मशाल जुलुस निकाला जाएगा , और 22 जुलाई को पटना के गर्दनीवाग में विधानसभा घेराव किया जाएगा । बैठक में मुख्य रूप से संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटू, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद, उपाध्यक्ष परमेश्वर पासवान, संजय कुमार सिंह, सदाकत हुसैन, सचिव उपेन्द्र कुमार सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष क्रमशः किंग अभिषेक क्षत्रप, सत्येन्द्र दुबे, विजय कुमार, अरुण कुमार सिंह उर्फ गोरखनाथ सिंह, मोहम्मद असलम रजा, निर्भय कुमार सिंह,नन्द किशोर सिंह,राणा जी सिंह, रितेश कुमार,लालबाबू सिंह, सचिव क्रमशः जयप्रकाश ठाकुर, मोहम्मद आफताब अहमद,लालबाबू यादव, विजय सिंह,ओमप्रकाश गुप्ता, हरेन्द्र कुमार,जगदीशपुर महासचिव चन्द्रदेव कुमार सिंह, हरेन्द्र कुमार सिंह सहित दर्जनों शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद थे।

## मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग की बड़ी उपलब्धि, लग्जरी कार से भरी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार



आरा।जिलापदाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध श्री रजनीश को गुप्त सूचना मिली की हरियाणा से एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब भोजपुर के रास्ते पटना की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, भोजपुर द्वारा निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। बक्सर पटना फोर लेन पर दौलतपुर ओवर ब्रिज के पास, (थाना-आरा मुफस्सिल, जिला-भोजपुर) में एक उजाले की रंग के हुंडई कंपनी की क्रेटा कार की जाँच करने पर कार के अंदर से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। कार पर निबंधन संख्या अंकित नहीं पाया गया। कार के चालक हंस राज, पे०-ललन प्रसाद, सा०-करंजा, थाना-नौबतपुर, जिला-पटना, बिहार, को गिरफ्तार करते हुए अग्रतर कार्यवाई हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त वाहन से 500 का 96 पीस जो की 288 पीस में कुल 192.000 लीटर होता है। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 04 लाख के करीब आँका गया। जप्त शराब को हरियाणा से पटना ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, यावर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक श्री राजकुमार राजा, एवं सहायक अवर निरीक्षक श्री रवि कुमार,के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान सामिल थे।

## छात्रों के बीच नागरिकता कल्याण कार्यक्रम का आयोजन

●प्रयास संस्था द्वारा भी चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रातः किरण संवाददाता



रक्सौल। एसएसबी 47 वीं वाहिनी रक्सौल महिला प्लाटून, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम एवं प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय हरैया के प्रांगण में स्कूली बच्चे/बच्चियों के बीच नागरिक कल्याण कार्यक्रम एवं मानव व्यापार, बाल यौन शोषण, बाल विवाह के मुद्दों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसएसबी महिला सब इंस्पेक्टर दिव्या शर्मा द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत एस एस बी 47 वीं वाहिनी रक्सौल के तहत भिन्न-भिन्न योजनाओं के बारे में बच्चों और बच्चियों को दिया गया खास कर बच्चों और बच्चियों को शिक्षा से जुड़े रहने की फायदे को समझाया तथा एसएसबी पार्लियामेंट्री फोर्स करने के लिए मनोबल बढ़ाया गया एवं एसएसबी भर्ती और प्रशिक्षण क्रिया के बारे में बताया गया। साथ ही साथ नौकरी की सुरक्षा और कैरियर विकास के बारे में भी समझाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी द्वारा मानव व्यापार, बाल यौन शोषण, बाल विवाह रोक थाम हेतु बच्चों और बच्चियों जागरुग किया गया और उन्हें किसी भी अंजान व्यक्ति के बहकावे और झांसे में ना आए, अगर आपको ऐसा लगता है कि कोई बच्चा किसी के बहकावे में आ गया है तो इसकी जानकारी चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 व प्रयास संस्था के हेल्प लाइन नंबर 9289692023 पर दे सकते हैं। इस तरह से स्कूली बच्चों और बच्चियों मानव व्यापार, बाल यौन शौषण, बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में जागरूक किया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक जाने आलम द्वारा एसएसबी एवं प्रयास संस्था को समय-समय पर ये कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मंतव्य रखा गया, ताकि ट्रेफिकिंग से बच्चों को बचाया जा सके। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका नर्गिस खातून द्वारा किया गया। मौके सब इंस्पेक्टर दिव्या शर्मा, सुनीता सिंह, मलेमगंबी, सीमा राई, शिवांगी राय, आर्य लक्ष्मी चंद्रन, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता, उमेश कुमार श्रीवास्तव, स्कूल शिक्षक अमरेंद्र कुमार मिश्रा, अजीत प्रियदर्शी, जगजीत कुमार गुप्ता, सान्या बैठा तथा सैकड़ों बच्चे बच्चिया शामिल थे।

## विद्यालय सुरक्षा को लेकर पीएसएसीडब्लूए भोजपुर की बड़ी पहल

●एसपी ने स्कूल परिसरों के बाहर गश्ती की मांग को दी मंजूरी

प्रातः किरण संवाददाता



भोजपुर। भोजपुर जिले में निजी विद्यालयों की सुरक्षा को लेकर आज एक ऐतिहासिक पहल की गई। प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन भोजपुर की अध्यक्ष एवं एस.एन. मेमोरियल स्कूल की संचालिका डॉ. स्मिता सिंह एवं वरीय पदाधिकारी निर्मल, उदय एवं श्री एन.के. पाण्डेय के नेतृत्व में भोजपुर के पुलिस अधीक्षक राज कुमार से भेंट की और विद्यालयों की सुरक्षा, शुल्क विवाद, व प्रशासनिक सहयोग से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर एक लिखित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में संगठन के अनेक वरिष्ठ सदस्य शामिल रहे। इस बैठक में निजी स्कूलों को आए दिन जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, उन पर गंभीरता से संवाद हुआ – जिनमें शामिल हैं: कुछ अभिभावकों द्वारा विद्यालयों व शिक्षकों पर लगाए जा रहे निराधार आरोप शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार शुल्क अदायगी में देरी के कारण संस्थानों की संचालन में आ रही बाधाएं प्रमुख मांगें इस प्रकार रहीं:1.विद्यालय परिसरों के बाहर नियमित पुलिस गश्ती (पेट्रोलिंग) की व्यवस्था की जाए।2.अभिभावकों को समय पर फीस जमा करने के लिए प्रशासनिक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।3.विद्यालय प्रबंधन को कानूनी सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि वे अनुचित दबावों से मुक्त होकर कार्य कर सकें।4.पुलिस एवं प्रशासन के साथ सतत संवाद हेतु एक स्थायी समन्वय तंत्र का निर्माण किया जाए। डॉ. स्मिता सिंह ने कहा, ढ़हमने यह पहल भोजपुर में शिक्षा की गरिमा एवं सुरक्षा को बनाए रखने के लिए की है। विद्यालयों की विश्वसनीयता तभी बनी रह सकती है जब सुरक्षा और सम्मान दोनों सुनिश्चित हों। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री राज कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और विद्यालय परिसरों के बाहर नियमित गश्ती की मांग को तुरंत स्वीकृति दी। साथ ही अन्य बिंदुओं पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। इस सकारात्मक आश्वासन पर ढरअउहअ भोजपुर के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रद्द महोदय के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. स्मिता सिंह ने कहा, ढ़रद्द महोदय की तत्परता ने हम सभी विद्यालय संचालकों को आश्वस्त किया है। आने वाले समय में भोजपुर एक सुरक्षित एवं समरस शैक्षणिक वातावरण की ओर अग्रसर होगा। इस अवसर पर उपस्थित ढरअउहअ के वरिष्ठ सदस्यों में शामिल थेः गिरीश , विनोद , उदय , रंजन , राजेन्द्र , नागेन्द्र , वसी राजन , सुजीत , संजीव , ऋषि सोनू श्रीवास्तव, राजन गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, चंद्र भूषण सिंह, नरेंद्र सिंह, अंगद , रजनीश, रजनीश ओझा, धर्मेन्द्र राय, शारदानंद सिंह, अंगद ठाकुर, राकेश ओझा, मिथिलेश ठाकुर, विजेंद्र तिवारी, रविकांत , रब्नवाज एवं अन्य सम्मानीय सदस्यगण।PSACWA भोजपुर की यह पहल निश्चित ही जिले में शिक्षा के माहौल को और अधिक सुरक्षित एवं सकारात्मक बनाएगी। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते सभी मांगों पर समुचित कार्यवाही की जाती है तो भोजपुर जिले में निजी शिक्षा क्षेत्र का और अधिक विकास संभव हो सकेगा।

## बिजली कनेक्शन ट्रांसफारमर से नहीं जोड़ने से खेती-किसानी चौपट : क्यामुद्दीन अंसारी

पिरौंटा में किसानों की बैठक में बिजली कनेक्शन ट्रांसफारमर से जोड़ने की मांग उठी

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने एक प्रेस बयान जारी कर बताया कि कल देर रात पिरौंटा गांव में किसानों की एक बैठक संपन्न हुई. जिसमे इस इलाके के खेती-किसानी के चौपट होने पर गहरी चिंता प्रकट की गयी. किसानों का कहना था कि गांव में बिजली के खंभे लगा दिए गए हैं ट्रांसफारमर लग गये है पर बिजली का कनेक्शन नहीं जोड़ने की वजह से पुरे इलाके की खेती -किसानी चौपट हो रही है. किसानों की बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि तेजी से खेती-किसानी का सिजन जा रहा है.वर्षा नहीं होने की वजह से धान के बिचड़े सुख रहे है जिससे किसानों का छाती फट रहा है भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने बिजली विभाग के ए.सी. तथा भोजपुर जिला पदाधिकारी से मांग की है कि पिरौंटा, नागोपुर यादवपुर, महकमपुर बारा, बसंतपुर सहित दर्जनों गांवों में बिजली कनेक्शन ट्रांसफारमर से जोड़ा जाए जिससे आरा प्रखंड के खेती-किसानी को बचाया जा सके.पिरौंटा किसानों की बैठक में सामिल प्रमुख लोगों में जलालुद्दीन अंसारी, मोहन यादव, हरिशंकर साह,मनुपासवान, हिम्मत यादव, अंकुर अहिर सहित कई दर्जन किसान मौजूद थे.

## अध्यात्म मार्ग पर चलकर ही जीवन का कल्याण संभव है : मुनिश्री विशल्य सागर



आरा। श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में चातुर्मास कर रहे मुनिश्री विशल्य सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में बताया कि अध्यात्म मार्ग पर चलकर ही जीवन का कल्याण संभव है। वैसे तो अध्यात्म का मार्ग सभी के लिए है, अध्यात्म के मार्ग पर कोई भी मनुष्य चल सकता है, अध्यात्म विज्ञान की प्रयोगशाला के समान है इसलिए यह भी यह बताना जरूरी है कि बिना सही मार्ग दर्शन के अध्यात्म के मार्ग पर चलना सही नहीं है। समय के साथ अध्यात्म से जुड़ना भी बहुत जरूरी है। अध्यात्म वो शिक्षा है जिसको पाने के बाद उसकी प्यास बढ़े न की कम हो। यह बात सच है कि समय एक ऐसी गाड़ी के समान है जिसमें रिवर्स गियर या ब्रेक नहीं होते।इसका मतलब है कि समय निरंतर आगे बढ़ता रहता है, और हम उसे वापस नहीं ला सकते या उसे रोकने के लिए कोई ब्रेक नहीं लगा सकते।एक बार समय बीत गया, तो वह चला गया।इसलिए समय रहते अपने जीवन के कल्याण के लिए अध्यात्म से जुड़ना जरूरी है। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि मुनिसंघ के चातुर्मास कलश स्थापना समारोह में भिण्ड (मध्य प्रदेश) से पधारे सैकड़ों की संख्या में मुनिभक्तों ने सोमवार को मुनिश्री का भावपूर्वक पूजन, भक्ति, आराधना कर अपने जीवन को धन्य किया।

## आरा में पकड़े गए बंदरों का नया आशियाना होगा कैमूर का जंगल

नगर निगम द्वारा बंदर पकड़ने का अभियान सातवें दिन रहा जारी

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। आरा शहर के नवादा इलाके में नगर निगम द्वारा सोमवार को बंदर पकड़ने का अभियान सातवें दिन जारी रहा। इस दौरान काफी संख्या में बंदरों को पकड़ा गया। नगर निगम की महापौर इंदु देवी ने बताया कि स्थानीय लोगों के निवेदन पर बंदरों को पकड़ने का अभियान नगर निगम द्वारा लगातार चलाए जा रहा है। इस दौरान अब तक सौ से अधिक बंदर पकड़े गए। आज सातवें दिन भी बंदर को पकड़ने का अभियान जारी रहा। इस दौरान कई बंदर पकड़े गए। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा पकड़े गए बंदरों को भभुआ (कैमूर) के जंगल में छोड़ा जाएगा। ताकि वे जंगलो में आराम से रह सके। उन्होंने बताया कि बंदरों को पकड़ने का अभियान आगे भी जारी रहेगा। बता दें कि आरा शहर के नवादा, बंधन टोला, करमन टोला, मील रोड, हरी जी हाता समेत अन्य इलाकों में बंदरों के आतंक से लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। आलम यह है कि लोगों को अपने घरों में रखे सामानों को बचाने के लिए कई उपाय करने पड़ते हैं।

## पहली सोमवारी पर शिव मंदिरों व देवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

प्रातः किरण संवाददाता



उदवंतनगर। भगवान शिव को प्रिय सावन माह की पहली सोमवारी पर जिले के शिव मंदिरों व देवालयों में आस्था का शैलाब उमड़ा।सोमवार को सावन के पहली सोमवारी पर शिव भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। श्रद्धालु शिव अराधना में तल्लीन दिखे । सुबह से ही वातावरण में भक्ति गीत गुंजायमान रहा। मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार सुनाई दिया। चतुर्दिक हर हर महादेव का जयघोष गूंजता रहा। पहली सोमवारी श्रद्धालुओं के लिए इस खास रहा। जिले के तमाम शिव मंदिरों व देवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ महादेव को जलाभिषेक के लिए उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने महादेव का जलाभिषेक किया।भोर होते ही मंदिरों से वैदिक मंत्रोच्चार की ध्वनि सुनाई देने लगी।सावन को लेकर सभी बड़े व छोटे शिव मंदिरों को बिजली बल्बों की लड़ियों से सजाया गया। जिले के प्रसिद्ध सिद्धेश्वर महादेव, पतलेश्वर महादेव, महादेवा महादेव,बाबा लंगटनाथ धाम, कुंडेश्वर महादेव,बहरी महादेव शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ देखी गई।बाल,वृद्ध,युवा, महिला सभी वर्ग के श्रद्धालु सोमवारी व्रत व शिव पूजन में जुटे दिखे। वातावरण शिव मय दिखा। प्रसिद्ध मंदिरों के आसपास प्रसाद व फूल बेलपत्र के दुकान सजे दिखे। उदवंतनगर के ऐतिहासिक बाबा लंगटनाथ धाम स्थित शिव मंदिर में दूर दूर से हजारों शिव भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचे। सावन महीने का पहली सोमवारी पर बाबा लंगटनाथ धाम शिवमय दिखा। सावन महीने का अंतिम दिन व पहली सोमवारी को लंगटनाथ मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि सोमवारी पर बाबा लंगटनाथ मंदिर में अधिक भीड़ रही। यहां आने वाले भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखकर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे। सोमवार को अधिकतर महिलाओं व श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। मंदिरों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु कतार में खड़े रहे। मंदिरों में साज सजावट देखी गई। साफ सफाई का विशेष ख्याल रखा गया। इस मौके पर जगह जगह भजन संध्या, शिव आध्यात्मिक चर्चा सहित हरिनाम संकीर्तन भी आयोजित किए गए।

## मरीजों को सुलभता से मिले एंबुलेंस का लाभ : जिला पदाधिकारी

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में सोमवारीय बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में बारी-बारी से सभी पदाधिकारियों एवं अभियंताओं ने विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रहे विभिन्न व्यवधानों से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। जिला पदाधिकारी ने एक-एक कर सभी व्यवधानों को सुना और उसका समुचित निराकरण किया। कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को सरकार द्वारा देय सभी सुविधाएं ससमय मुहैया कराना सुनिश्चित करें। मरीजों की सुविधा हेतु तैनात एंबुलेंस हर समय तैयार रहे और इसका लाभ मरीजों को सुलभता के साथ मिले, इसे सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि टीबी मुक्त भारत अभियान, दस्त की रोकथाम अभियान, आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेतु भूमि की उपलब्धता आदि को लेकर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर तेजी के साथ कार्य करें और लक्ष्य की प्राप्ति करें। महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को निर्देश दिया गया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लंबित आवेदनों को अविलंब निष्पादित कराने की दिशा में कार्रवाई करें। एलडीएम को निर्देश दिया गया कि बैंकर्स के साथ एक बैठक निर्धारित करें। इस बैठक में जिन भी विभागों/कार्यालयों का बैंकर्स के साथ कोई इश्यू हो, वे इस बैठक में भाग लेंगे। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित विद्युत विपत्र का भुगतान करने हेतु विभाग से आवंटन की मांग करें और विपत्र का भुगतान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जिलास्तरीय जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों पर आवेदकों का पता सहित मोबाईल नंबर भी अंकित हो, इसे सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने लैंड रेवेन्यू का अंचल वाइज, एलआरडीसी वाइज डाटाबेस तैयार करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिला कोषागार पदाधिकारी को निर्देशित किया कि लंबित विपत्रों से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## बाढ़ पूर्व तैयारियों को ले की गई समीक्षा बैठक




आरा । जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता, भोजपुर के द्वारा बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा हेतु बड़हरा प्रखंड के विभिन्न तटवर्ती क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में गंगा नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए उन्होंने केशोपुर, मौजमपुर, महुली घाट सहित अन्य संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने अंचलाधिकारी को बाढ़ से संबंधित सभी आवश्यक तैयारी ससमय सुनिश्चित करने ,अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सावन की पहली सोमवारी पर छः महीनवा महादेव मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

आरा। सावन का पावन महीना शुरू हो चुका है। सोमवार को सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर आरा के चौकीपुर स्थित छः महीनवा महादेव मंदिर में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे और देर शाम तक मंदिर में भक्तों की आवाजाही बनी रही। महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी भक्त जन बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक करते नजर आए। मंदिर परिसर ह्लहर हर महादेवह्व और ह्लबोल बमह्व के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। कई भक्तों ने व्रत रखा था और भोलेनाथ के दर्शन कर अपने मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की। सावन के महीने का विशेष महत्व है, विशेषकर सोमवारी का। धार्मिक मान्यता के अनुसार, पहली बार सावन सोमवार का व्रत माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए रखा था। वह कठिन तपस्या में लीन थीं। नारद मुनि ने उन्हें मार्ग बताया कि सावन मास के हर सोमवार को व्रत रखने, शिवलिंग पर जल अर्पित करने और एकाग्र ध्यान करने से मनोकामना पूर्ण होती है। माता पार्वती ने पूरे नियम से यह व्रत किया और अंततः भगवान शिव ने उन्हें अपना जीवनसाथी बना लिया। इसी वजह से यह व्रत आज भी विशेष रूप से अविवाहित कन्याओं के लिए फलदायी माना जाता है। छः महीनवा महादेव मंदिर में आज की सोमवारी को लेकर विशेष तैयारियां की गई थीं। मंदिर की साफ-सफाई, जलाभिषेक की व्यवस्था, लाइन और सुरक्षा की व्यवस्था में अनेक भक्तों ने सेवा दी। सेवा में लगे प्रमुख लोगों में राजदेयाल, कमलेश ब्यास, रामचंद बिहारी पासवान, प्रकाश कुमार, दिनेश, राहुल, राजा, अभिषेक, छोटू, रोहित, विशाल, श्याम भूअन, अमन, जियालाल उर्फ रितेश, छोटू कुमार, बीटू, रंजय, सोनू रंजय पासवान, बिकी कुमार, भोला, मलू, अमरेश कुमार, गोलू, रवि, संजय भगत, आदित्य कुमार, खखनू, अजय पासवान, किरण पासवान, उमाशंकर, ओमप्रकाश पासवान, शनि पासवान, रमेश पासवान, नीरज कुमार, त्रिभुवन, धर्मनाथ कुमार और राजा बाबू ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तों का आना-जाना लगा रहा। हर भक्त ने पूरी श्रद्धा से पूजा-अर्चना की और भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त किया। सावन की इस पहली सोमवारी ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से भर दिया और एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। शिवभक्तों का यह उत्साह देखकर स्पष्ट होता है कि आस्था और भक्ति की शक्ति आज भी लोगों के जीवन में गहराई से जुड़ी हुई है। मंदिर प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं को सहयोग प्रदान किया और आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## बाल संरक्षंण के विषयो पर हितधारकों को किया गया प्रशिक्षित

आरा। जिले में बाल संरक्षण से सम्बंधित अधिनियमों, नियमावलियों आदि के प्रमुख प्रावधानों, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने एवं परिवार आधारित वैकल्पिक देखभाल की महत्ता से प्रतिभागियों को अवगत कराने के उद्देश्य से जिला बाल संरक्षण इकाई भोजपुर एवं संस्था मिरेकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयास से बाल संरक्षण के विभिन्न हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय परिषद्, चाइल्ड हेल्प लाइन, विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान भोजपुर के कर्मियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण इकाई भोजपुर के सहायक निदेशक श्री आलोक कुमार गौतम, बाल संरक्षण पदाधिकारी श्री रविशंकर वर्मा, श्री शक्ति कुमार भास्कर एवं संस्था मिरेकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी श्री दीपक कुमार, श्री विष्णुदत्त पांडेय एवं डॉक्टर संगीता उपस्थित रही। इस कार्यक्रम की शुरूवात सहायक निदेशक श्री आलोक कुमार गौतम के द्वारा दीप प्रज्वल्लन के साथ हुई। उन्होंने इस मौके पर सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं उनका उत्साहवर्धन करते हुए प्रशिक्षण में प्राप्त सीख को आत्मसात करते हुए अपने कार्यो में लागू करने की सलाह दी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025





# धनुष ने शुरू की डी54 की शूटिंग

साउथ के सुपरस्टार धनुष काफी दिनों से व्यस्त चल रहे हैं। वह हाल ही में फिल्म कुबेर में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की है। उन्होंने हाल ही में बॉलीवुड की फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग पूरी की है। अब उन्होंने तमिल फिल्म डी54 की शूटिंग शुरू कर दी है। पोर थोझिल फेम विग्नेश राजा फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। उन्होंने आज ही फिल्म की शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी है। मेकर्स ने इसका एलान एक पोस्टर शेयर करके किया। पोस्टर में देखा जा सकता है कि धनुष गमगीन हालत में एक झुलसे हुए कपास के खेत में खड़े हैं। उनके पीछे आग की लपटें उठ रही हैं।

## निर्देशक ने दी फिल्म की जानकारी

विग्नेश राजा ने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला लुक साझा करते हुए लिखा अपनी दूसरी फीचर फिल्म का एलान करते हुए खुशी हो रही है! अब तक के सफर के लिए आभारी हूं। हम इस फिल्म को अपना सब कुछ दे रहे हैं, ताकि आप सिनेमाघरों में अच्छा समय बिताएं। जल्द ही बड़े पर्दे पर मिलते हैं।

## धनुष ने लिखा दमदार कैप्शन

धनुष ने फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा कभी-कभी खतरनाक बने रहना ही जीवित रहने का एकमात्र तरीका है।

## फिल्म के बारे में

इस फिल्म में धनुष के साथ ममित बैजू अहम किरदार में होंगी। फिल्म में जयाराम, केएस रविकुमार, सूरज वेंजारामूडू और करुनास भी अभिनय करेंगे। फिल्म का म्यूजिक जीवी प्रकाश कुमार देंगे। फिल्म के निर्माता डॉ. के गणेश हैं। यह फिल्म वेल्स फिल्म इंटरनेशनल और थिंक स्टूडियोज के बैनर तले रिलीज होगी।



# चुनौतीपूर्ण किरदार निभाना चाहती हैं तृप्ति, 'धड़क 2' को बताया बेहद खास फिल्म

तृप्ति डिमरी की आगामी फिल्म 'धड़क 2' का आज ट्रेलर रिलीज किया गया है। इस ट्रेलर को लोगों का मिला-जुला रिस्पॉन्म मिला। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान फिल्म की कास्ट नजर आई। इस दौरान अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने फिल्म के अपने अनुभवों को साझा किया। साथ ही निर्देशक शाजिया इकबाल के साथ उनका कैसा अनुभव रहा इसे भी बताया।

## खास तरह के किरदार करने की थी इच्छा


ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान तृप्ति ने कहा कि वो अपने करियर में ऐसे किरदार चुनना चाहती हैं, जो चुनौतीपूर्ण हों। इस दौरान एक्ट्रेस ने कहा, जब मैंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, तो मेरी ख्वाहिश थी कि मैं कुछ खास तरह की फिल्मों का हिस्सा बनूं और मैं उन फिल्मों का हिस्सा रही हूं।

## 'धड़क 2' पर हमें गर्व है

आगे फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि 'धड़क 2' कोई आम कहानी नहीं है, बल्कि यह बेहद खास है। इस किरदार को निभाना काफी चुनौतीपूर्ण था। मैं हमेशा से ऐसे किरदार निभाना चाहती थी जो मुझे एक अभिनेत्री के रूप में चुनौती दे सकें, इसलिए अभिनय का रोमांच जारी है। मुझे लगता है कि धड़क 2 में यह जायज था। हमें इस फिल्म पर काफी गर्व है और दर्शकों को यह बात सिनेमाघरों में देखने के बाद पता चलेगी।

## पहचान और प्यार में डूबे जुनून की कहानी है 'धड़क 2'


'धड़क 2' में तृप्ति के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी प्रमुख भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म की




कहानी प्यार और जुनून की है। जिसमें दो अलग-अलग जाति से आने वाले लड़का-लड़की एक-दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं। यह पहचान, पॉवर और अलग-अलग उतार-चढ़ाव की कहानी है। यह फिल्म उत्पीड़ित जातियों के लोगों के साथ भेदभाव के विषय को भी छूती है। यह धड़क फ्रैंचाइज़ी की दूसरी किस्त है।

## 1 अगस्त को रिलीज होगी

शाजिया इकबाल द्वारा निर्देशित और करण जौहर, उमेश कुमार बंसल, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, मीनू अरोड़ा, सोमेन मिश्रा और प्रगति देशमुख द्वारा निर्मित, धड़क 2, 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



# अब रोमांटिक फिल्मों में नजर नहीं आएंगे आर माधवन

आर माधवन और फातिमा सना शेख की अदाकारी वाली फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। फिल्म में एक उम्रदराज व्यक्ति के साथ प्रेम कहानी दिखाई गई है। दर्शक इसकी काफी तारीफ कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में आर माधवन ने इस फिल्म में अपने रोल के बारे में बात की और बताया है कि यह इस तरह का उनका आखिरी रोल हो सकता है।

## सिनेमा में नहीं दिखाई जातीं ऐसी कहानियां

जस्ट टू फिल्मी से बातचीत में आर माधवन ने बताया कि उन्होंने इस फिल्म में किस वजह से काम किया। अभिनेता ने बताया कि इस भूमिका को निभाने का उनका फैसला उम्र के हिसाब से रोमांस करने की इच्छा से प्रेरित था। इस तरह की प्रेम कहानी को अक्सर सिनेमा में नहीं दिखाया जाता है।

## छोड़ने से पहले आखिरी रोमांटिक रोल

आर माधवन ने बताया जब मैंने ये कहानी शुरू की थी तो मैंने सोचा था कि मैं अपनी उम्र के हिसाब से एक कहानी बना पाऊंगा। मैं अपनी उम्र के हिसाब से एक रोमांटिक कहानी की तलाश में था। हो सकता है कि इस तरह के रोल को छोड़ने से पहले यह मेरा आखिरी मौका हो।

## माधवन ने निभाए रोमांटिक किरदार


आर माधवन ने पहले 2001 में आई फिल्म रहना है तेरे दिल में अपने किरदार से लोगों का दिल जीता था। फिल्म में उनका रोमांटिक किरदार आज भी लोगों के जहन में ताजा है। फिल्म क्रिटिकल और कारोबार दोनों के लिहाज से कामयाब रही थी। इस फिल्म से आर माधवन की छवि एक रोमांटिक हीरो की बनी। आर माधवन ने रोमांटिक हीरो की अपनी छवि काफी दिनों तक बरकरार रखी। बाद में उन्होंने दिल विल प्यार व्यार और तनु वेड्स मनु में रोमांटिक किरदार निभाया।

## फिल्म की कहानी

आप जैसा कोई में आर माधवन ने 42 साल के श्रेनु त्रिपाठी का रोल निभाया है। इसमें वह पुराने अंदाज में जिंदगी जीते हैं और प्यार करने के दूसरे मौके की तलाश में रहते हैं। फिल्म में फातिमा सना शेख ने मधु बोस का किरदार निभाया है। दोनों मिलकर जिंदगी को जीने लायक बनाते हैं और इसका जश्न मनाते हैं।

# बैटल ऑफ गलवां में काम करने पर चित्रांगदा सिंह ने जताई खुशी


इंडस्ट्री में तमाम अभिनेत्रियों का सपना होता है दंबग खान के साथ फिल्मों में काम करने का मौका मिल जाए। कुछ से सलमान खान उनकी यह इच्छा पूरी करने की कमिटमेंट भी कर देते हैं और भाईजान के बारे में कहा जाता है कि एक बार जब वो कोई कमिटमेंट कर देते हैं तो फिर अपनी भी नहीं सुनते। ऐसा ही कुछ हुआ है चित्रांगदा सिंह के साथ जो आगामी फिल्म में सलमान खान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। सलमान पूरी जी-जान से इस फिल्म की तैयारियों में लगे हैं। फिल्म में उनके अपोजिट चित्रांगना सिंह नजर आएंगी। हाल ही में अपनी कास्टिंग को लेकर चित्रांगदा ने प्रतिक्रिया देते हुए खुशी जताई है। ऐसा पहली बार होगा कि किसी फिल्म में सलमान खान और चित्रांगदा साथ नजर आएंगे। चित्रांगदा सिंह ने सलमान खान के साथ गलवां में काम करने को लेकर कहा, मुझे याद है कि सलमान खान कहते थे कि हमें साथ काम करने का मौका जरूर मिलेगा और आखिरकार अब ऐसा हो रहा है। जैसे कि सलमान कहते हैं, एक बार मैंने कमिटमेंट कर दी तो मैं अपने आप की भी नहीं सुनता। मुझे लगता है कि उन्होंने उस कमिटमेंट का सम्मान किया है।



# सन ऑफ़ सरदार 2 में पहली बार सरदार की भूमिका निभाएंगे रवि किशन

अभिनेता और सांसद रवि किशन, जो अपनी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और विभिन्न भाषाओं में शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं, अब सन ऑफ़ सरदार 2 में एक बिलकुल नए अवतार में नजर आने वाले हैं। अपने करियर में पहली बार वे पगड़ी पहनकर एक सरदार की भूमिका निभा रहे हैं — एक ऐसा किरदार जो खासकर उत्तर भारत में गहरी सांस्कृतिक और भावनात्मक गूंज रखता है। फिल्म के बहुप्रतीक्षित ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान रवि किशन ने अपनी इस भूमिका को लेकर उत्साह और निजी जुड़ाव साझा किया। उन्होंने कहा, आपने मुझे कई किरदारों में देखा होगा, लेकिन सरदार के रूप में पहली बार देखेंगे। यह नया किरदार रवि किशन के बहुआयामी करियर में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो भोजपुरी, हिंदी, तेलुगु और दक्षिण भारतीय सिनेमा में फैला हुआ है। गंभीर ड्रामा, एक्शन या कॉमेडी—हर भूमिका में वह गहराई और सच्चाई लाते हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, कॉमेडी तो बहुत देखी है, लेकिन इस फिल्म में एक अलग तरह की कॉमेडी है—जहां एक खूबसूरत कहानी आपके दिल को छूती है। ये फिल्म सिर्फ हंसाएगी नहीं, आपको भीतर तक छू जाएगी। उन्होंने स्क्रिप्ट की तारीफ की, जिसने ह्यूमर और इमोशन के बीच शानदार संतुलन बनाया है और कहा कि फिल्म के किरदार और कहानी दर्शकों के दिलों में लंबे समय तक बनी रहेगी। इस फिल्म के जरिए रवि किशन न सिर्फ एक नया ऑन-स्क्रीन रूप लेकर आ रहे हैं, बल्कि उत्तर भारतीय दर्शकों से अपने जुड़ाव को भी और गहरा कर रहे हैं—एक ऐसी समुदाय को प्रतिनिधित्व देते हुए जिसे मुख्यधारा के सिनेमा में शायद ही इतनी प्रमुखता से दिखाया गया हो।





# 'धुरंधर' और 'द राजा साहब' के क्लैश पर संजय दत्त ने दी प्रतिक्रिया

संजय दत्त अब एक नई पैन इंडिया एक्शन फिल्म में नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'केडी-द डेविल' का आज टीजर लॉन्च किया गया। मुंबई में हुए इस इवेंट में फिल्म की बाकी स्टारकास्ट के साथ संजय दत्त भी नजर आए। इस दौरान संजय दत्त ने फिल्म को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने 5 दिसंबर को 'द राजा साहब' और 'धुरंधर' के बॉक्स ऑफिस क्लैश को लेकर भी बात की। इन दोनों ही फिल्मों में संजय दत्त नजर आने वाले हैं। जब अभिनेता से 5 दिसंबर को अपनी दो रोमांचक फिल्मों 'द राजा साहब' और 'धुरंधर' के क्लैश पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया। तो इस पर संजय दत्त ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है क्योंकि मैं दो अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभा रहा हूं। 'धुरंधर' में मैं जो किरदार निभा रहा हूं, वह 'द राजा साहब' में मेरे किरदार से बिल्कुल अलग है। अभिनेता ने आगे कहा कि मैं वाकई नहीं चाहता कि इन दोनों फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश हो। मुझे उम्मीद भी है कि ऐसा नहीं होगा। हर फिल्म का अपना एक सफर होता है। फिर भी मैं खुशकिस्मत हूं कि मैं इतने सारे किरदार निभा पाया।

## स्पाई-थ्रिलर है रणवीर की 'धुरंधर'


रणवीर सिंह स्टारर 'धुरंधर' का फर्स्ट लुक उनके जन्मदिन पर 6 जुलाई को जारी किया गया है। यह एक स्पाई-थ्रिलर फिल्म मालूम पड़ती है। फिल्म में रणवीर सिंह के अलावा अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, आर माधवन और सारा अर्जुन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन 'उरी द सर्जिकल स्ट्राइक' जैसी सुपरहिट फिल्म बनाने वाले अदित्य धर ने किया है। फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

## हॉरर-कॉमेडी है 'द राजा साहब'

वहीं प्रभास स्टारर 'द राजा साहब' एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। इसमें प्रभास के साथ मालविका मोहनन, संजय दत्त, निधि अग्रवाल, बोमन ईरानी और अन्य कलाकार शामिल हैं। इसका निर्देशन मारुति ने किया है।
संजय दत्त की पैन इंडिया फिल्म 'केडी-द डेविल' में उनके साथ द्रुव सार्जा, शिल्पा शेट्टी, रेशमा नानैया भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। ये एक्शन पैक्ड फिल्म है।

# साउथ एक्टर नानी की 'द पैराडाइज' में हुई राघव जुयाल की एंट्री

नेचुरल स्टार नानी इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज' की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं आज निर्माताओं ने बीटीएस वीडियो शेयर कर फिल्म किल से सभी दर्शकों का दिल जीत चुके राघव जुयाल के होने की भी पुष्टि कर दी है। फिल्म द पैराडाइज के निर्माताओं ने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है। द पैराडाइज के निर्माताओं ने यह खास वीडियो आज राघव जुयाल के 34वें जन्मदिन पर शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। आज निर्माताओं ने एक शानदार बीटीएस वीडियो के साथ राघव की इस फिल्म में शामिल होने की आधिकारिक घोषणा की है। राघव का किरदार गंभीर और दमदार है। इस वीडियो में उनकी मेहनत और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। इस वीडियो को देखकर यही लग रहा है की उनका किरदार काफी दमदार होने वाला है। फिल्म के निर्माताओं ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, द पैराडाइज-प्रतिभाशाली लोगों को शुभकामनाएं देता है। राघव जुयाल को जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं। एक ऐसे रोल में उनका स्वागत है, जो अनोखा होगा और सभी को आश्चर्यचकित कर देगा। राघव, जो अपनी खास स्क्रीन मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने फिल्म किल और ग्यारह ग्यारह जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय किया है। अब वह द पैराडाइज में नानी के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन श्रीकांत ओडेलाने कर रहे हैं।






# अब फंड जुटाने की तैयारी

## • रॉकेट सा उड़ा अनिल अंबानी का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में सोमवार को तूफानी तेजी आई है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर सोमवार को ब्रस्थ में करीब 5 पर्सेंट के उछाल के साथ 396 रुपये पर पहुंच गए हैं। रेटिंग के मोर्चे पर अच्छी खबर और फंड जुटाने को लेकर होने वाली मीटिंग से रिलायंस इंफ्रा के शेयरों को तगड़ा बूस्ट मिला है। पिछले दो महीने में अनिल अंबानी की इस कंपनी के शेयर 45 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 425 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 169.75 रुपये है।



फंड जुटाने को लेकर 16 जुलाई को मीटिंग-रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर फंड जुटाने की तैयारी में है। अनिल अंबानी की फ्लैगशिप कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बुधवार 16 जुलाई 2025 को बैठक होनी है। इस मीटिंग में इक्विटी शेयरों/इक्विटी लिंक्ड सिक्योरिटीज के इश्यू, क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट या किसी दूसरे तरीके या फिर नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स के जरिए लॉन्ग टर्म रिसोर्सेज जुटाने पर विचार और उसे मंजूरी दी जाएगी।

कंपनी की रेटिंग हुई अपग्रेड- रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की क्रेडिट रेटिंग में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। कंपनी की क्रेडिट रेटिंग तीन पायदान अपग्रेड हुई है। कंपनी के क्रेडिट प्रोफाइल में भी अच्छा सुधार आया है।

### 5 साल में शेयरों में 1100 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी

अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयरों में पिछले पांच साल में 1100 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर 17 जुलाई 2020 को 32.30 रुपये पर थे।

कंपनी के शेयर 14 जुलाई 2025 को 396 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले चार साल में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में 388 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी आई है। पिछले 3 साल में कंपनी के शेयर 293 पर्सेंट चढ़ गए हैं। अगर पिछले एक साल की बात करें तो रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में 100 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है।

# त्योहारी सीजन में जॉब्स की बहार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ ही नौकरियों का बाजार भी गर्म होने लगा है। कंपनियां इस साल पिछले साल के मुकाबले 20-25 प्रतिशत ज्यादा कर्मचारियों की भर्ती की योजना बना रही हैं। ज्यादातर भर्तियां अस्थायी (टेम्परेरी) होंगी लेकिन इनसे हजारों युवाओं को रोजगार के मौके मिलेंगे।




### ई-कॉमर्स सेक्टर बना हायरिंग का केंद्र

एक प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी अकेले 75,000 से ज्यादा लोगों को काम पर रखने की तैयारी में है। ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में 30-35 प्रतिशत तक हायरिंग बढ़ने का अनुमान है। खुदरा, कंज्यूमर गुड्स, होटल और टूरिज्म सेक्टर भी इसमें पीछे नहीं हैं। सैमसंग, शाओमी, ओप्पो, वीवो, हायर और गोदरेज जैसी कंपनियां भी अपने रिटेल स्टोर्स पर अधिक स्टाफ रखने की तैयारी कर रही हैं।

### गिग वर्कर्स की डिमांड में उछाल

इस साल भारत में गिग वर्कर्स यानी प्रोजेक्ट आधारित काम करने वालों की संख्या 1.1 करोड़ के पार जा सकती है। क्विक कॉमर्स में 35-40 प्रतिशत और ई-कॉमर्स में 25-30 प्रतिशत हायरिंग बढ़ सकती है। गिग वर्कर्स की सबसे ज्यादा मांग डिलीवरी, वेयरहाउस, कस्टमर सपोर्ट और डिजिटल सेवाओं में है। येशब गिरी ने कहा, त्योहारी सीजन में कंपनियां पहले से तैयारी कर रही हैं और बड़ी संख्या में अस्थायी कर्मचारियों को जोड़ रही हैं। गर्मी के सीजन में कमजोर बिक्री के बाद उन्हें इस बार डिमांड में बूम की उम्मीद है।

### क्यों खास है फेस्टिव सीजन?

त्योहारों के दौरान कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल जैसे प्रोडक्ट्स की सालाना बिक्री का 30-40 प्रतिशत हिस्सा आता है। यही वजह है कि कंपनियां रक्षा बंधन से लेकर दिवाली और क्रिसमस तक का पूरा फायदा उठाना चाहती हैं।

दीपेश गुप्ता के अनुसार, इस बार कंपनियों को लास्ट माइल डिलीवरी, कस्टमर सर्विस और वेयरहाउस ऑपरेशन के लिए बड़ी संख्या में कर्मचारियों की जरूरत है।

आकृति चंद्रा ने बताया कि कंपनी ने पहले ही सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स में भर्ती शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, त्योहार इस बार अगस्त से शुरू हो रहे हैं, इसलिए हमने पहले ही कर्मचारियों की संख्या बढ़ा दी है।

# बिटकॉइन ने छुआ नया आसमान, 120000 डॉलर पार कर बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन ने सोमवार को पहली बार 120,000 डॉलर का ऐतिहासिक स्तर पार कर लिया। यह उछाल इसलिए आया, क्योंकि निवेशकों को इस हफ्ते क्रिप्टो इंडस्ट्रीज के लिए बड़े नियमों में बदलाव की उम्मीद है। रायटर्स के मुताबिक सोमवार से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में ऐसे कई प्रस्तावों पर बहस शुरू हो रही है जो डिजिटल एसेट इंडस्ट्रीज को नए नियम दे सकते हैं। ये वो नियम हैं, जिनकी मांग उद्योग लंबे समय से कर रहा था।

**ट्रंप का क्रिप्टो प्रेसीडेंट दावा**–अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद को क्रिप्टो प्रेसीडेंट कहा है और नीति निर्माताओं से उद्योग के पक्ष में नियम बदलने का आग्रह किया है। हालांकि, उनके विवादास्पद टैरिफ के बावजूद बिटकॉइन ने यह उछाल दर्ज की।

**बिटकॉइन का शानदार प्रदर्शन**–इन उम्मीदों के बीच सोमवार को एशियाई बाजार में बिटकॉइन .121,207.55 के नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा।

### पूरे क्रिप्टो बाजार में हरियाली

बिटकॉइन की तेजी ने पिछले कुछ हफ्तों में अन्य क्रिप्टोकरेंसी को भी ऊपर चढ़ाया है। दूसरी सबसे बड़ी करेंसी ईथर भी सोमवार को .3,048.23 के पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची। कॉइनमार्केटकैप के मुताबिक, पूरे क्रिप्टो बाजार की कुल कीमत अब लगभग .3.78 ट्रिलियन हो गई है।

**चांदी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड**

# गरीबों का सोना एक झटके में 3483 उछलकर 115000 के करीब पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गरीबों का सोना कही जाने वाली चांदी के भाव भी अब सातवें आसमान पर हैं। सर्राफा बाजारों में आज एक झटके में 3483 रुपये महंगी होकर चांदी ऑल टाइम हाई 113773 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। जबकि, एमसीएक्स पर 114800 के करीब ट्रेड कर रही थी। सोने के भाव भी अब 586 रुपये उछलकर 98097 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए हैं। आज 14 जुलाई सोमवार को जीएसटी के साथ 24 कैरेट सोना जहां 101039 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से बिक रहा है तो चांदी 117186 रुपये किलो बिक रही है।

आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 584 रुपये महंगा होकर 97705 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। जीएसटी संग इसकी कीमत अब 100636 रुपये हो गई है। अभी इसमें मेकिंग चार्ज नहीं जुड़ा है। ज्वेलरी के लिए जारी रेट्स की बात करें तो 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 89857 रुपये प्रति 10 ग्राम है। जीएसटी संग यह 92552 रुपये है। आज 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 73753 और जीएसटी के साथ यह 75965 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है।

सोने-चांदी के हाजिर भाव इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास।



**सोना खरीदें या करें गिरावट का इंतजार**–पृथ्वीफिनमार्ट कमोडिटी रिसर्च के मनोज कुमार जैन इसी समय सोना खरीदने का सुझाव देते हैं।

जैन ने कहा, हम 97,080 रुपये के स्टॉप लॉस के साथ 97,500 रुपये के आसपास सोना खरीदने का सुझाव देते हैं। जैन के अनुसार सोने को 3,344-3,327 डॉलर पर सपोर्ट है, जबकि रेजिस्टेंस 3,384-3,400 डॉलर प्रति ट्रॉय औंस पर है।

चांदी को 38.60-38.20 डॉलर पर सपोर्ट है, जबकि आज के सत्र में रेजिस्टेंस 39.10-39.80 डॉलर प्रति ट्रॉय औंस पर है। जैन ने कहा कि एमसीएक्स गोल्ड में 97,440-97,000 रुपये पर सपोर्ट और 98,280-98,850 पर रेजिस्टेंस है, जबकि चांदी को 1,11,850-1,10,500 रुपये पर सपोर्ट और 1,14,000-1,16,500 पर रेजिस्टेंस है। मेहता इक्विटीज के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलांत्री ने कहा कि सोने को 3,335-3,315 डॉलर पर सपोर्ट और 3,374-3,390 डॉलर पर रेजिस्टेंस है। चांदी को 38.20-37.90 पर सपोर्ट और 38.80-39.00 पर रेजिस्टेंस है। कलंत्री ने कहा कि रुपये में सोने को 97,390-97,080 रुपये पर सपोर्ट है जबकि रेजिस्टेंस 98,110-98,380 रुपये पर है। चांदी को 1,12,480-1,11,550 रुपये पर सपोर्ट है, जबकि प्रतिरोध 1,13,950-1,14,700 रुपये पर है।

### चांदी ने सोने को पछाड़ा

सर्राफा बाजारों में इस साल सोना करीब 22357 रुपये और चांदी 27756 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 76045 रुपये प्रति 10 के रेट से खुला था और चांदी 85680 रुपये प्रति किलो से। इस दिन सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ। चांदी भी 86017 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। वहीं, केवल जून में ही सोने के भाव में जहां, 2103 रुपये की उछाल रही वहीं, चांदी ने 9624 रुपये उछली।

# 5 साल में 1183 प्रतिशत का रिटर्न, आज 4.7 प्रतिशत चढ़ा भाव, कीमत 50 रुपये से कम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में आज 4.7 प्रतिशत की तेजी आई है। कंपनी के शेयर का भाव सोमवार को एनएसई में 24.75 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया है। बीते एक हफ्ते दौरान जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 7 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। इससे पहले 11 जुलाई को जयप्रकाशन पावर वेंचर्स लिमिटेड के शेयर 24.86 रुपये के 52 वीक हाई पर पहुंचने में सफल रहे हैं। इस साल यह पावर और इंफ्रास्ट्रक्चर स्टॉक 34.30 प्रतिशत की बढ़त हासिल कर लिया है। वहीं, 12 महीने में पोजीशनल निवेशकों को 31.50 प्रतिशत का रिटर्न मिल चुका है।

**5 साल में 1183 प्रतिशत की तेजी**– 2 साल से कंपनी के शेयरों को होल्ड करने वाले पोजीशनल निवेशकों को अबतक यह स्टॉक 302 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है। वहीं, 5 साल में जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड के शेयरों में 1183 प्रतिशत की तेजी आई है। चार्ट का बुलिश होना, टेक्निकल एंगल से साफ पता चल रहा है कि इस स्टॉक की अधिक खरीदारी हो चुकी है। रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स 84.3 है। जोकि दर्शाता है कि आने वाले समय में कंपनी के शेयरों में नरमी देखने को मिल सकती है।

### क्या कह रहे हैं एक्सपर्ट्स

सीनियर रिसर्च एनालिस्ट कुनाम कांबले कहते हैं कि 24 रुपये के स्तर पर एक मजबूत रेजिस्टेंस दिखा रहा है। अगर कंपनी के शेयर इस स्तर के पार जाते हैं

# 6 कंपनियां ट्रेड कर रही हैं एक्स-डिविडेंड, लिस्ट में चर्चित नाम भी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में इस हफ्ते 70 से अधिक कंपनियां एक्स-डिविडेंड ट्रेड करने जा रही हैं। इसमें से 6 कंपनियां आज यानी सोमवार को एक्स-डिविडेंड ट्रेड कर रही हैं। आइए जानते हैं कि ये 6 कंपनियां कौन-कौन सी हैं और कितना डिविडेंड एक शेयर पर निवेशकों को दे रही हैं।

**आर आर केबल लिमिटेड**– कंपनी ने एक शेयर पर निवेशकों को 3.50 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 14 जुलाई की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। जोकि आज है। आर आर केबल लिमिटेड उन कंपनियों में से है जो निवेशकों को लगातार डिविडेंड देती आ रही है। कंपनी के शेयर इससे पहले अक्टूबर 2024 में एक्स-डिविडेंड ट्रेड किए थे। तब कंपनी ने एक शेयर पर 2.50 रुपये का डिविडेंड दिया था।

**क्राफ्ट्समैन ऑटोमेशन लिमिटेड**– हर शेयर पर कंपनी की तरफ से योग्य निवेशकों को 5 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा।




### जीएचसीएल टाइलें लिमिटेड

100 रुपये से कम की कीमत वाले इस स्टॉक की तरफ से योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 0.50 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। कंपनी के शेयरों का भाव शुक्रवार को मार्केट के बंद होने के समय पर 90.50 रुपये पर था।

**बाईमेटल बियरिंग्स लिमिटेड**– यह स्टॉक योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 13 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। जोकि बीते कुछ सालों की तुलना में अधिक है। पिछले साल जुलाई में कंपनी आज से पहले आखिरी बार एक्स–डिविडेंड ट्रेड की थी।

# आपके हर ट्रांजैक्शन पर इनकम टैक्स डिपॉर्टमेंट की नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहले जहां नकदी का जोर था तो पेमेंट छुपे रहते थे। अब डिजिटल दौर आ गया है। ऑनलाइन पेमेंट, बैंक ट्रांजैक्शन सबकी चिट्ठी खुल गई है। इनकम टैक्स विभाग की नजर अब हर पैसे पर है। पर जितना सबकुछ मॉडर्न हुआ, उतनी ही चालाकी से चोरी-धोखाधड़ी करने वाले भी बढ़े। इसलिए सरकार ने कुछ नए नियम बना डाले हैं।

सीए अजय बगड़िया ने बताया, आमतौर पर हर ट्रांजैक्शन पर इनकम टैक्स की नजर बनी रहती है। आप कितने रुपये की ऑनलाइन पेमेंट कर रहे हैं या फिर कैश के जरिए कुछ सामान खरीद रहे हैं। उन सब पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की नजर रहती है। आईटीआर भरते समय अगर सावधानी नहीं रखी गई तो चूक होने पर विभाग नोटिस जारी कर सकता है। अगर आपने नीचे बताई गई 7 चीजें कीं, तो इनकम टैक्स वाले बाबू का नोटिस घर आ सकता है-...

**क्रेडिट कार्ड का बिल कैश से भरना**– बगड़िया इसे उदाहरण के साथ बताते हैं, मान लीजिए राजू ने अपना क्रेडिट कार्ड बिल करीब 1 लाख कैश जमा किया। टैक्स वालों ने कहा कि अरे भई। इतना बड़ा बिल कैश में क्यों भरा कहीं काला धंधा तो नहीं चल रहा यानी इसका मतलब है कि नोटिस का खतरा बढ़ गया। 1 लाख या ज्यादा कैश में बिल भरने पर सीधा रडार पर चढ़ जाओगे।

**बैंक में नकदी का ढेर लादना**– इस मामले में मान लीजिए सीमा ने बैंक में 10 लाख से ज्यादा कैश जमा किया। टैक्स अफसर नोटिस भेजकर पूछे, ये पैसा आया कहाँ से कमाई का सबूत दो। बगड़िया कहते हैं, ध्यान रहे, नोटिस आना मतलब गुनाहगार नहीं, बस सफाई देनी पड़ेगी। गड़बड़ लगी तो जुर्माना भी होगा।

**क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग का जुनून**– बगड़िया एक उदाहरण से समझाते हैं कि मान लीजिए विजय का




क्रेडिट कार्ड सालभर में 2 लाख से ज्यादा खर्च हुआ। इनकम टैक्स का नोटिस पहुंचा और विभाग ने पूछा, इतना खर्चा तनख्वाह कितनी है मैच करा के दिखाओ। बगड़िया कहते हैं कि बड़े-बड़े ट्रांजैक्शन हमेशा उनकी नजर में रहते हैं।

**शेयर/म्यूचुअल फंड में पैसा झोंकना**– सीए संतोष मिश्रा कहते हैं, मान लीजिए प्रिया ने शेयरों में 10 लाख से ज्यादा लगाए। नोटिस में डिपॉर्टमेंट ने पूछा, ये पैसा कहां से आया हमें तो पता चल ही गया। मिश्रा कहते हैं कि आप चाहे न बताएं, बैंक/ब्रोकर खुद रिपोर्ट कर देते हैं।

**प्रॉपर्टी खरीदो तो नकदी न दिखाना**– सीए संतोष मिश्रा कहते हैं, मान लीजिए राहुल ने 30 लाख (कहीं 20/50 लाख भी) की प्रॉपर्टी खरीदी और कुछ पैसे कैश में दिए। इस पर विभाग नोटिस जारी कर पूछ सकता है, कैश किसे दिया रसीद कहां है पैसे का सोर्स बताओ। उन्होंने कहा कि अगर गोलमाल हुआ तो नोटिस और जुर्माना तय है।

### 7 जगह चूके तो नोटिस आना तय

### विदेश घूमने पर पैसे उड़ाना

एक और केस में उदाहरण के साथ सीए अजय बगड़िया कहीते हैं, मान लीजिए अनीता ने एक साल में विदेश ट्रिप पर 2 लाख से ज्यादा खर्च किए। टैक्स वालों पूछ सकते हैं, इतना खर्च करने की हैसियत कैसे सैलरी कितनी हैयाद रखिए विदेश जाने वाला हर बड़ा खर्च उनके पास पहुंचता है। अगर किसी मोहन ने 10 लाख से ज्यादा कैश देकर स्न्रष्ठ कराई तो डिपॉर्टमेंट पूछ सकता है किकैश में स्न्रष्ठ ये पैसा किस काले धंधे से आया बैंक की ड्यूटी है कि वो खुद टैक्स विभाग को बता देते हैं।

**नोटिस आए तो घबराएं नहीं**– सीए अभिनंदन पांडेय कहते हैं कि टैक्स नोटिस आए तो घबराए नहीं। सबूत इकट्ठा करो- बैंक स्टेटमेंट, पे–स्लिप, बिक्री का बिल, गिफ्ट डीड (अगर कोई रिश्तेदार ने पैसे दिए हों)। जवाब ईमानदारी से दें,- झूठ बोले तो मुसीबत बढ़ेगी। ष्ट से सलाह लें और उनकी मदद से जवाब देना सबसे सुरक्षित रास्ता है।



# चेल्सी ने दूसरी बार फीफा क्लब वर्ल्ड कप जीता

**न्यू जर्सी (एजेंसी)।** चेल्सी ने दूसरी बार फीफा क्लब वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने 13 जुलाई को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए फाइनल में फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराया। इससे पहले चेल्सी ने 2021 में भी खिताब अपने नाम किया था। इस बार यह टूर्नामेंट अलग फॉर्मेट में खेला गया। इसमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया और इसकी शुरुआत 14 जून को हुई थी। 2000 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में पिछले साल तक 8 टीमें ही हिस्सा लेती थी। फाइनल मुकाबले के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी स्टेडियम में मौजूद रहे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। चेल्सी के लिए कोल पाल्मर ने दो गोल किए। 22वें मिनट में पाल्मर ने पहला गोल दागा। इसके 8 मिनट बाद उन्होंने टीम की तरफ से दूसरा गोल कर दिया। 30वें मिनट तक चेल्सी की बढ़त 2-0 की हो गई थी। पहले हाफ के अंत में चेल्सी ने तीसरा गोल भी कर दिया। जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में तीसरा गोल दागा।चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल दिया है। यह अवॉर्ड् टूर्नामेंट के बेस्ट प्लेयर को दिया जाता है। कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल दिया गया है। यह अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट प्लेयर को दिया जाता है। इस टूर्नामेंट में पाल्मर ने तीन गोल और दो असिस्ट भी किए। चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज को गोल्डन ग्लव पुरस्कार मिला। फीफा क्लब वर्ल्ड कप एक इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट है, जिसे फीफा आयोजित करता है। इसमें दुनियाभर की बड़ी क्लब फुटबॉल टीमें हिस्सा लेती हैं। यह हर साल आयोजित होता है। इसका उद्देश्य यह तय करना होता है कि दुनिया की सबसे बेहतरीन क्लब टीम कौन सी है। फीफा क्लब वर्ल्ड कप की शुरुआत 2000 में हुई थी।

# किंग्स्टन टेस्ट- दूसरे दिन 15 विकेट गिरे



**किंग्स्टन (एजेंसी)।वेस्टइंडीज** और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 15 विकेट गिरे। रविवार को दूसरे दिन वेस्टइंडीज की टीम 143 रन पर ऑलआउट हो गई। वहीं, दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 99 रन पर ही 6 विकेट गंवा दिए हैं दूसरे दिन वेस्टइंडीज ने 16/1 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। जॉन कैंप्बेल ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए। शाई होप 23, रोस्टन चेज और जस्टिन ग्रीव्स ने 18-18 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्कॉट बोलैंड ने 3 विकेट झटके। जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने 2-2 विकेट लिए। जबकि ब्यू वेबस्टर और मिचेल स्टार्क को 1-1 विकेट मिला।दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 29 ओवर में 99 रन के ही स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए। कैमरन ग्रीन 42 और पैट कमिंस 5 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। सैम कोंस्टस और एलेक्स कैरी खाता भी नहीं खोल सके। ट्रैविस हेड ने 16, उस्मान ख्वाजा ने 14, ब्यू वेबस्टर ने 13, और स्टीव स्मिथ ने 5 रन बनाए। वेस्टइंडीज से अल्जारी जोसेफ ने 3 और शमार जोसेफ ने 2 विकेट लिए। जस्टिन ग्रीव्स को 1 विकेट मिला।

# भारत की मिश्रित टीम निशानेबाजी विश्व कप के पदक दौर में जगह बनाने से चूकी



**लोनाटो (एजेंसी)।** लक्ष्य श्योराण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) तीसरी सीरीज में परफेक्ट स्कोर बनाने के बावजूद ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक दौर में जगह बनाने से चूक गए जिसके साथ भारत का अभियान द्धस्स्न्न लोनाटो विश्व कप में समाप्त हो गया। लक्ष्य और नीरू ने क्वालीफाइंग दौर में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर सिंह संधू (21,23,24) और प्रीति रजक (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी 138 अंक के साथ 22वें स्थान पर रही। एक दिन पहले महिला ट्रैप में चौथे स्थान पर रही नीरू ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 75 में से केवल एक ही निशाना चूका जबकि लक्ष्य दूसरी सीरीज में लय में नहीं दिखे और छह निशाने चूक गए जिससे भारतीय जोड़ी की पदक दौर में जगह बनाने की संभावनाओं को झटका लगा। ऑस्ट्रेलिया, ग्रेट ब्रिटेन और स्पेन की दोनों टीम 143 अंक के समान स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहीं।


# बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल पति से अलग हुईं

## बोलीं- बहुत सोचने के बाद हम दोनों ने फैसला लिया, 7 साल पहले लव मैरिज की थी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साइना नेहवाल ने 14 दिसंबर, 2018 को कश्यप पारुपल्ली के साथ शादी की थी। उन्होंने एक्स पर शादी की फोटो शेयर की थी।भारतीय बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल ने रविवार देर रात अपने पति और बैडमिंटन प्लेयर पारुपल्ली कश्यप (पी. कश्यप) से अलग होने की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी में लिखा, बहुत सोच-विचार के बाद, कश्यप और मैंने अलग होने का फैसला किया है।

साइना ने लिखा, जिंदगी कभी-कभी हमें अलग-अलग दिशाओं में ले जाती है। हम एक-दूसरे के लिए शांति, तरक्की और उबरना चुन रहे हैं। मैं उनके साथ सभी यादों के लिए आभारी हूं और आगे के लिए शुभकामनाएं देती हूं। हमारी निजता को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद। साइना ने रविवार रात करीब 11 बजे इंस्टाग्राम पर पति से अलग होने की जानकारी दी।

साइना नेहवाल ने 14 दिसंबर, 2018 को कश्यप पारुपल्ली के साथ लव मैरिज की थी। दोनों 2007 से रिलेशनशिप में थे।



हालांकि 2005 से एक-दूसरे को जानते थे। अपने करियर के शुरुआती दिनों में दोनों हैदराबाद के पुलेला गोपीचंद एकेडमी में एक साथ ट्रेनिंग करते थे।

एकेडमी में ट्रेनिंग के दौरान ही दोनों मिले थे। दोनों इस खेल में काफी आगे बढ़े। लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद 2018 में दोनों ने शादी की थी। हालांकि शादी तक दोनों की रिलेशनशिप के बारे में लोगों को भनक भी नहीं थी।

### साइना ओलिंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी

हरियाणा की रहने वाली साइना नेहवाल ओलिंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने लंदन ओलिंपिक-2012 में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। वे 2015 में विमेंस सिंगल्स रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर?-1 प्लेयर रह चुकी हैं।

साइना बैडमिंटन में वर्ल्ड नंबर-1 रैंक हासिल करने वाली एकमात्र महिला भारतीय खिलाड़ी हैं। वे 3 ओलिंपिक गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। साइना ने 2010 और 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था।

साइना ने 2008 में बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ ) विश्व जूनियर चैंपियनशिप जीतकर सुर्खियां बटोरी थीं। उसी साल उन्होंने पहली बार ओलिंपिक में हिस्सा लिया। वह ओलिंपिक क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

उन्होंने हॉन्गकॉन्ग की तत्कालीन वर्ल्ड नंबर-5 खिलाड़ी वांग चेन को हराया था, लेकिन इंडोनेशिया की मारिया क्रिस्टिन युलियांती से हार गईं। 2009 में, साइना बीडब्ल्यूएफ सुपर सीरीज प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। साइना को 2009 में अर्जुन अवॉर्ड और 2010 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### कश्यप 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीते

पारुपल्ली कश्यप तेलंगाना के हैदराबाद के रहने वाले हैं। उन्होंने 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। यह 32 सालों में किसी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी का कॉमनवेल्थ गेम्स में पहला मेडल था।

कश्यप पूर्व ऑल-इंग्लैंड चैंपियन प्रकाश पादुकोण और पुलेला गोपीचंद, दोनों के स्टूडेंट रहे हैं। वह 2012 में ओलिंपिक के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी भी हैं।

2013 में कश्यप वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-6 थे। यह उनके करियर की सबसे ऊंची रैंक थी। हालांकि लगातार चोटों के कारण लंबे समय तक इस पोजिशन पर नहीं टिक सके।

# सिराज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत फाइन लगा

## एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया, डकेट को आउट करने के बाद आक्रामक जश्न मनाया

**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत फाइन लगा है। मैच फीस के अलावा उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है।

सिराज लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के चौथे दिन बेन डकेट को आउट करने के बाद एग्रेसिव सेलिब्रेशन करते नजर आए थे। यह आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 उल्लंघन के बराबर है।

### डकेट के विकेट पर सिराज का एग्रेसिव सेलिब्रेशन

रविवार को छठे ओवर में इंग्लैंड ने दूसरी पारी में अपना पहला विकेट गंवाया। सिराज ने शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉल फेंकी। बेन डकेट पुल करने गए, लेकिन बॉल ज्यादा नहीं उछली और वे मिड ऑन पर जसप्रीत बुमराह के हाथों कैच हो गए।

डकेट का विकेट मिलते ही सिराज एग्रेसिव सेलिब्रेशन करते नजर आए। वे दौड़ते हुए डकेट के पास गए और उनसे अपना कंधा टकरा दिया। जिसके बाद फील्ड अंपायर सिराज को समझाने पहुंच गए। डकेट 12 रन बनाकर आउट हुए।

### सिराज ने अपराध स्वीकार किया



सिराज ने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, जिससे औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता समाप्त हो गई। यह आरोप मैदानी अंपायर पॉल रीफेल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, थर्ड अंपायर अहसान रजा और फोर्थ अंपायर ग्राहम लॉयड द्वारा लगाया गया था।

### 24 महीने में सिराज को दूसरा डिमेरिट पॉइंट

24 महीनों की अवधि में सिराज का यह दूसरा डिमेरिट पॉइंट था, जिससे उनके डिमेरिट पॉइंट्स की संख्या दो हो गई। उनका पिछला डिमेरिट पॉइंट 7 दिसंबर, 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट के दौरान आया था। 24 महीने की अवधि में चार या उससे ज्यादा डिमेरिट पॉइंट जमा करने वाले खिलाड़ियों पर बैन लगाया जा सकता है।

### क्या कहता है कोड ऑफ कंडक्ट का नियम

आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के मुताबिक, लेवल-1 और लेवल-2 के उल्लंघन पर 1 से 2 डिमेरिट पॉइंट्स के साथ शून्य से 50 फीसदी मैच फीस लगती है। लेवल-3 के उल्लंघन करने पर 6 टेस्ट और 12 वनडे का सस्पेंशन मिलता है।

सिराज पर 1 डिमेरिट पॉइंट का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, अगर कोई खिलाड़ी 24 महीने में चार या ज्यादा डिमेरिट पॉइंट जमा करता है, तो वे सस्पेंशन पॉइंट में बदल जाते हैं, जिसके बाद खिलाड़ी पर एक टेस्ट या दो वनडे या दो टी-20 मैचों का बैन लग सकता है। डिमेरिट पॉइंट 24 महीने तक रिकॉर्ड में रहते हैं, इसके बाद वे हटा दिए जाते हैं।

# लॉर्ड्स टेस्ट में जोफ्रा आर्चर के सामने भारत पस्त

## टीम के 7 बैटर्स पवेलियन लौटे, सुंदर शून्य पर आउट



**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** भारतीय टीम लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड से हार की कगार पर है। 193 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने 95 रन पर 7 विकेट गंवा दिए हैं। रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्?डी क्रीज पर हैं। यहां से भारतीय टीम को 98 रन की जरूरत है। वॉशिंगटन सुंदर शून्य, केएल राहुल 39 और ऋषभ पंत 9 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके हैं।

सोमवार को लॉर्ड्स स्टेडियम में चल रहे मुकाबले का आखिरी दिन है और पहले सेशन का खेल जारी है। आज भारत ने 58/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। एक दिन पहले इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 192 रन बनाते हुए भारत को 193 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में दोनों टीमों ने एक सामान 387-387 का स्कोर बनाया था। यहां किसी को बढ़त नहीं मिली थी।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

भारत ~ शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्?डी, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

# अंडर-19 टेस्ट: रॉकी फ्लिंटॉफ शतक से चूके

**लंदन (एजेंसी)।** बेकेनहैम में खेले जा रहे अंडर-19 टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड के बल्लेबाज रॉकी फ्लिंटॉफ सिर्फ 7 रन से शतक से चूक गए। उन्हें स्टंप्स से 5 मिनट पहले दीपेश देवेंद्रन ने 93 रन पर एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। रॉकी फ्लिंटॉफ के साथ कप्तान हमज़ा शेख ने भी 84 रन की अहम पारी खेली।



दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 230 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे, और अभी भी वह भारत के 540 रन के स्कोर से 310 रन पीछे है। भारत की तरफ से हेनिल पटेल ने 2 विकेट लिए।

इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में हेनिल पटेल ने आर्ची वॉन को एलबीडब्ल्यू किया। जेडन डेनली को जीवनदान मिला लेकिन हेनिल ने शानदार गेंद पर उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद रॉकी फ्लिंटॉफ और कप्तान हमजा शेख ने मिलकर 154 रन की साझेदारी की।

शेख ने अनमोलजीत सिंह को लॉन्ग ऑफ पर छक्का भी मारा, लेकिन 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने उन्हें मिड-ऑफ पर कैच करा दिया। बेन मेयस 11 रन बनाकर विल्हान मल्होत्रा की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए।

# मुंबई न्यूयॉर्क ने जीता मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट

## वॉशिंगटन फ्रीडम को 5 रन से हराया, रुशिल उगारकर ने आखिरी ओवर में 12 रन डिफेंड किए

**डलास (एजेंसी)।** सीजन की शुरुआत में अपने पहले 7 में से 6 मैच हारने वाली मुंबई न्यूयॉर्क ने कमाल की वापसी करते हुए 2025 मेजर लीग क्रिकेट का खिताब जीत लिया।

ग्रैंड प्रेरी स्टेडियम डलास में खेले गए फाइनल में मुंबई न्यूयॉर्क ने वॉशिंगटन फ्रीडम को 5 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। रुशिल उगारकर को उनके 2 विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

वॉशिंगटन को जीत के लिए आखिरी ओवर में 12 रन चाहिए थे। क्रीज पर ग्लेन मैक्सवेल और ग्लेन फिलिप्स जैसे अनुभवी बल्लेबाज थे। लेकिन मिनी के 22 वर्षीय गेंदबाज रुशिल उगारकर ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने अपनी पहली और दूसरी बॉल पर सिर्फ एक-एक रन दिए। तीसरी बॉल पर रुशिल ने मैक्सवेल को बीट कर दिया।



चौथी बॉल पर मैक्सवेल लॉन्ग ऑन पर ब्रेसवेल के हाथों कैच आउट हुए। पांचवीं बॉल पर नए बल्लेबाज ओबस पीनार चूक गए। इसके बाद आखिरी बॉल पर 10 रन चाहिए थे। इस बॉल पर पीनार ने चौका लगा दिया। इस तरह मिनी ने मुकाबला 5 रन से जीत लिया।

### रन चेज में वॉशिंगटन की शुरुआत खराब

वॉशिंगटन फ्रीडम ने 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बेहद खराब शुरुआत की। पहले ही ओवर में ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल ओवेन और एंड्रिस गाउस को आउट कर दिया।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल का शानदार प्रदर्शन आया काम

**दुबई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मार्करम को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए जून 2025 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। 30 वर्षीय इस खिलाड़ी ने फाइनल में 136 रन बनाकर और दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका के 27 साल के सीनियर आईसीसी खिताब के इंतजार को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई।

इस मौके पर शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका के इस सलामी बल्लेबाज ने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे यादगार प्रदर्शनों में से एक - एक शानदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम को पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाया। मार्करम ने पुरस्कार जीतने पर कहा, यह पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। हमारी टीम और दक्षिण अफ्रीका के लिए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत में योगदान देना मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

# शुभमन गिल इंग्लैंड की धरती पर नंबर 1 बल्लेबाज बने

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के नए टेस्ट कप्तान और विराट कोहली के टेस्ट में संन्यास के बाद नंबर चार बल्लेबाज शुभमन गिल ने इंग्लैंड की धरती पर इतिहास रच दिया है। गिल ने एक साथ सुनील गावस्कर, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली के रिकॉर्ड्स तौड़ दिए। इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में भले ही गिल ने 16 और 6 रन की पारियां खेली लेकिन इन 22 रन की बदौलत गिल ने इस सीरीज में 607 रन पूरे किए जिससे उन्होंने एक और ऐतिहासिक कारनामा अपने नाम किया। अब गिल 607 रन के साथ इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजो में नंबर एक बल्लेबाज बन गए है।

पहले यह रिकॉर्ड राहुल द्रविड़ के नाम था जिन्होने 2002 में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा 602 रन बनाए थे। लेकिन अब गिल के नाम इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर विराट कोहली है जिन्होने 2018 में इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 593 रन बनाए थे। चोथे नंबर पर सुनील गावस्कर है जिन्होने 1979 में इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 542 रन बनाए।

## द्रविड़-कोहली-गावस्कर सब पिछड़े



### इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

1. शुभमन गिल (2025) - 607 रन
2. राहुल द्रविड़ (2002) - 602 रन
3. विराट कोहली (2018) - 593 रन
4. सुनील गावस्कर (1979) - 542 रन
5. राहुल द्रविड़ (2011) - 461 रन
6. सचिन तेंदुलकर (1996) - 428 रन

गौर है कि इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट सीरीज में शुभमन गिल ने अब तक तीन शतक लगाए है जिसमें एक डबल सेंचुरी भी शामिल है। एक टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने के रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर मौजूद राहुल द्रविड़ ने 2002 में तीन शतक, विराट कोहली ने 2018 में दो शतक, सुनील गावस्कर ने 1979 में एक डबल सेंचुरी और चार अर्धशतक लगाए है।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल में 17 जुलाई तक तेज बारिश का खतरा, किन जिलों में ऑरेंज और कहां येलो अलर्ट?



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर भारी बारिश का खतरा मंडरा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने चेतावनी दी है कि 14 से 17 जुलाई तक प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान कांगड़ा और सिरमौर जिलों में 14 जुलाई को भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है जबकि मंडी, शिमला और सोलन जिलों के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है। 15 जुलाई को चम्बा, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में भारी बारिश का येलो अलर्ट रहेगा। 16 जुलाई को लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर बाकी सभी 10 जिलों में येलो अलर्ट रहेगा। वहीं 17 जुलाई को चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और सिरमौर में फिर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। 18 और 19 जुलाई को हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है, लेकिन इन दिनों के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। रविवार को मानसून की रफ्तार कुछ धीमी रही और प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मौसम साफ बना रहा। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। बीते 24 घंटों के दौरान चम्बा जिला के जोत में सर्वाधिक 30 मिमी, शिमला के कुफरी में 20 मिमी और शिमला, चौपाल, कंडाघाट, पांवटा, सोलन और नारकंडा में 10 मिमी वर्षा रिकॉर्ड हुई। इस बीच प्रदेश में भूस्खलन के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार रविवार को भूस्खलन के कारण एक नेशनल हाईवे समेत 227 सड़कें बंद रहीं। मंडी जिला सबसे अधिक प्रभावित है, जहां 172 सड़कें और एनएच-22 ठप पड़े हैं। मंडी के सराज उपमंडल में ही 93 सड़कें बाधित हैं। बिजली और पानी की आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। यहां 30 जून को बादल फटने से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। प्रदेश में 76 बिजली ट्रांसफार्मर और 787 पेयजल योजनाएं बंद पड़ी हैं। अकेले मंडी में 68 ट्रांसफार्मर और 175 पेयजल योजनाओं पर असर पड़ा है, जबकि कांगड़ा में 612 पेयजल योजनाएं और हमीरपुर में 166 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं।

### ओडिशा के पुरी में एच5एन1 वायरस से हड़कंप, सरकारी आदेश पर 6700 मुर्गियां मारी

**पुरी, एजेंसी।** ओडिशा के पुरी जिले में बर्ड फ्लू (एच5एन1 वायरस) की पुष्टि के बाद प्रशासन ने तत्काल आपातकालीन नियंत्रण अभियान शुरू कर दिया है। जिला पशु चिकित्सा अधिकारी के अनुसार, संक्रमण को रोकने के लिए 6700 से अधिक मुर्गियों को मारा गया है। सूत्रों के अनुसार, पिछले एक हफ्ते से गांव में मुर्गियों की रहस्यमयी मौतें हो रही थीं, लेकिन बर्ड फ्लू की पुष्टि तब हुई जब ग्रामीणों ने चिंता जताई और प्रशासन ने सैंपल लिए। जानकारी के अनुसार, पुरी जिले के डेलंगा ब्लॉक के बड़ा अंकुला गांव में बीते हफ्ते मुर्गियों की असामान्य मौतें देखने को मिली थीं। ग्रामीणों की शिकायत पर 9 जुलाई को लिए गए सैंपल जांच के लिए भोपाल स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज भेजे गए थे। रिपोर्ट में एच5एन1 एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस की पुष्टि हुई। पुरी के मुख्य जिला पशु चिकित्सा अधिकारी शरत कुमार बेहेरा ने बताया कि क्षेत्र में 5 रैपिड रिस्पॉन्स टीम और स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया, संक्रमित क्षेत्र में जीवित पक्षियों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। सभी संक्रमित पक्षियों को 1 किलोमीटर के दायरे में मारने की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही आसपास के 5 गांवों से और सैंपल लिए गए हैं ताकि वायरस के फैलाव का पता लगाया जा सके। राज्य के मत्स्य एवं पशु संसाधन विकास मंत्री गोकुलानंद मल्लिक ने संक्रमित क्षेत्र का दौरा किया और नियंत्रण उपायों का जायजा लिया।

# छत्तीसगढ़ में भाजपा विधायक खुशवंत साहेब पर हमला, गाड़ी का शीशा टूटा, हाथ में आई चोट



**बेमेतरा, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में आरंग से भारतीय जनता पार्टी के विधायक और अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर हमला हुआ है। उनकी कार में असामाजिक तत्वों ने पथराव किया है, जिससे कार का शीशा टूट गया है। विधायक के हाथ में चोट भी लगी है। सूचना पर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। इस घटना ने जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा पर भी सवाल उठाने के साथ राजनीतिक गलियारों में खलबली मचा दी है। मिली जानकारी के मुताबिक बेमेतरा जिले के नवागढ़ में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद विधायक गुरु खुशवंत साहेब वापस रायपुर लौट रहे थे। नवागढ़ ब्लाक के चारभांठा ढोलिया और भोईनाभांठा के बीच बायपास रोड पर अचानक उनकी गाड़ी पर पत्थरबाजी की घटना हुई। वहीं इस मामले को लेकर गुरु खुशवंत साहेब का बयान सामने आया है।

उन्होंने कहा कि मुझे टारगेट किया गया या असामाजिक तत्वों ने हमला किया। यह जांच का विषय है। कार में जिस जगह पर मैं बैठा था, वहीं पत्थर से हमला हुआ। हमले के बाद गाड़ी फिसली, गाड़ी स्पीड होती तो बड़ी घटना हो सकती थी। विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा- पुलिस जांच कर हमलावरों पर कार्रवाई करें। उन्होंने आगे बताया कि सीएम विष्णुदेव साय ने फोन करके घटना की जानकारी ली है। आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर असामाजिक तत्वों ने पत्थरबाजी कर दिया। वे बेमेतरा जिले के नवागढ़ में एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रायपुर स्थित निवास लौट रहे थे। वापसी में चारभांठा ढोलिया और भोईनाभांठा के बीच बायपास रोड पर अचानक उनकी गाड़ी पर पत्थरबाज़ी की गई। पत्थर इतनी तेज़ी से फेंके गए कि यदि गाड़ी धीमी होती तो सीधा कांच तोड़ते हुए पत्थर विधायक को लग सकता था। यह हमला अत्यंत गंभीर माना जा रहा है। इस घटना के तुरंत बाद विधायक के पर्सनल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ कर दी गई है। विधायक खुशवंत फिलहाल सुरक्षित हैं, लेकिन इस हमले ने जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटनास्थल पर फारेंसिक और पुलिस की टीम मौके भी पहुंची। विधायक पर पत्थरबाजी करने वाले आखिर कौन हैं या कोई बड़ी योजना थी... यह जांच के बाद ही पता चल पायेगा।

## आंध्र प्रदेश में आमों से लदा ट्रक पलटा, नीचे दबकर 9 मजदूरों की मौत और 10 लोग घायल

**अन्नमय्या, एजेंसी।**
आंध्र प्रदेश के अन्नमय्या जिले में रविवार रात दर्दनाक हादसा हो गया। आमों से लदा एक ट्रक पलट गया जिससे 9 मजदूरों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हैं। मृतकों में 5 महिलाएं शामिल हैं। घायलों को राजमपेट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा पुल्लमपेटा मंडल के रेड्डी चेरुवु कट्टा में हुआ, जो कडपा शहर से लगभग 60 किमी दूर है। पुलिस के अनुसार, आमों के ढेर के ऊपर बैठे मजदूर ट्रक पलटने से उसके नीचे दब गए।

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रक चालक इस हादसे में बच गया। ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि सामने से आ रही कार से टक्कर से बचने की कोशिश में नियंत्रण खो दिया। रेलवे कोडुरु और तिरुपति जिले के वेंकटगिरी मंडल के 21 दिहाड़ी मजदूर एसुकापल्ली और आसपास के गांवों में आम तोड़ने गए थे। ट्रक आमों के साथ रेलवे कोडुरु बाजार जा रहा था और मजदूर इसके ऊपर बैठे थे। हादसे में मजदूर 30-40 टन आमों के नीचे दब गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। ट्रक और आमों के ढेर के नीचे दबने से 8 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। इनकी पहचान गज्जाला दुर्गैया, गज्जाला लक्ष्मी देवी, गज्जाला रमना, गज्जाला श्रीनु, राधा, वेंकट सुब्बम्मा, चित्तेम्मा और सुब्बा रत्नम्मा के रूप में हुई। मुनिचंद्र की मौत राजमपेट के अस्पताल में हुई। घायलों को बेहतर इलाज के लिए कडपा के रिम्स में शिफ्ट किया गया है। परिवहन मंत्री मंडिपल्ली रामप्रसाद रेड्डी और जिला प्रभारी मंत्री बीसी जनार्दन रेड्डी ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने भी शोक व्यक्त करते हुए घायलों के लिए बेहतर इलाज और मृतकों के परिवारों के लिए सहायता की मांग की।

## सांपों से खेल, फूल और पत्तियों का भोजन, कैसे सालों जंगल और गुफा में रही रूसी महिला

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में गोकर्ण के पास रामतीर्थ पहाड़ी की गुफा में रूसी महिला अपने बच्चों के साथ मिली। 40 साल की नीना कुटिना को मोही के नाम से भी जाना जाता है, जो यहां अपनी दो छोटी बेटियों 6 वर्षीय प्रेया और 4 वर्षीय अमा के साथ रह रही थी। तीनों इस गुफा में बीते 2 महीने से छिपे हुए थे। कुटिना साल 2016 में बिजनेस वीजा पर भारत आई थी और 2017 में वीजा अवधि समाप्त हो गई। इसके बाद उन्होंने देश छोड़ने के बजाय जंगल में शरण ले ली। 9 जुलाई को पुलिस गश्त के दौरान उन पर नजर पड़ी। अधिकारियों ने गुफा के पास साड़ियां और प्लास्टिक कवर देखे तो उन्हें संदेह हुआ। गुफा में रुद्र की मूर्ति, रूसी किताबें और हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीरें भी मिलीं।

नीना कुटिना ने अपनी बेटियों को जंगल में ही जन्म दिया। उसने उन्हें योग, ध्यान, चित्रकला और आध्यात्मिक शिक्षा सिखाई। वह अपने परिवार के लिए राशन के तौर पर इंस्टेंट नूडल्स और प्राकृतिक संसाधनों (फल, फूल और पत्तियों) पर निर्भर थी। तीनों प्लास्टिक शीट पर सोते थे और प्राकृतिक रोशनी का इस्तेमाल करते थे। कुटिना ने पुलिस को बताया, ,सांप तो हमारे दोस्त हैं। वे हमें नुकसान नहीं पहुंचाते जब तक कि हम उन्हें परेशान न करें।, खतरनाक वन्यजीवों और भूस्खलन वाले इलाके में भी वे सुरक्षित रहीं। पुलिस ने अब उन्हें बच्चों के साथ कुमटा तालुका के एक आश्रम में भेज दिया है, जहां 80 वर्षीय स्वामीजी उनकी देखभाल कर रही हैं। पुलिस ने गुफा और आसपास के जंगल की तलाशी ली। इस दौरान नीना कुटिना का पासपोर्ट और समाप्त हो चुका वीजा बरामद हुआ, जिसकी समय सीमा 17 अप्रैल, 2017 को खत्म हो गई थी।

## एक सप्ताह में निकल जाओ, मराठी विवाद के बीच पंजाब के गांव में प्रवासियों को फरमान

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में हिंदी बनाम मराठी का विवाद पैदा करने की कोशिशें पिछले कुछ दिनों में हुई हैं। इसके अलावा राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने उत्तर भारतीयों को भी निशाने पर लिया है। इस बीच पंजाब के फतेहगढ़ साहिब से भी ऐसी ही खबर है, जहां के एक गांव से प्रवासियों को निकलने का फरमान सुनाया गया है। फतेहगढ़ साहिब जिले के गांव लखनपुर गारचा पट्टी की पंचायत ने गांव में रह रहे प्रवासियों को एक सप्ताह के अंदर निकल जाने को कहा है। पंचायत ने प्रस्ताव पारित किया है कि गांव में काफी लोग अवैध तौर पर रहे हैं और इन्हें एक सप्ताह में निकलने का आदेश दिया जाता है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि उसे इस मामले की जानकारी नहीं है।



ग्रामीणों की पंचायत में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि ये प्रवासी लोग महिलाओं से बदसलूकी करते हैं। गांव के सरपंच बरिंदर सिंह बिंडा ने कहा कि ये प्रवासी लोग यहां खेतों में काम करने के लिए आए थे, लेकिन अब ये स्थायी तौर पर यहीं बस गए हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से तमाम ऐसे हैं, जो गांव में घूमते रहते हैं। सिगरेट और बीड़ी पीते हैं। इसके अलावा इनमें से कई लोगों को ड्रग्स की लत लग गई है और उसके प्रभाव में आकर ये लोग चोरियां तक कर रहे हैं। ड्रग तस्करी से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तमाम प्रयासों के बाद भी इन पर लगाम नहीं लग पाई है। ऐसी स्थिति में हम गांव वालों ने प्रस्ताव पारित किया है कि ये लोग निकल ही जाएं।

सरपंच बरिंदर सिंह बिंडा ने कहा कि उन लोगों को ही यहां रुकने दिया जाएगा, जिनके पास आधार कार्ड हैं या फिर अन्य दस्तावेज हैं। बिना आईडी प्रूफ वाले लोगों को यहां रुकने की परमिशन नहीं होगी। इसके अलावा जो भी ग्रामीण इन लोगों से काम लेंगे, उन्हें पहचान पत्र देखने होंगे और अपने पास रखने होंगे। ऐसा इसलिए ताकि कानून व्यवस्था से जुड़ी कोई समस्या यदि खड़ी होती है तो उसके बारे में आसानी से पता लगाया जा सके। इस मामले में कुछ संगठनों ने दखल देने की कोशिश की है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि आखिर इस बात की गारंटी कौन लेगा कि बिना किसी आईडी प्रूफ के यहां रहने वाले लोग कोई समस्या पैदा नहीं करेंगे।

# लंदन में एयरपोर्ट पर विमान क्रैश, आसमान में कई मीटर ऊंचा उठा आग का गोला

**लंदन , एजेंसी।**
लंदन के साउथेंड एयरपोर्ट पर रविवार को एक छोटा विमान हादसे का शिकार हो गया है।ब्रिटिश समाचार एजेंसियों के मुताबिक बी 200 सुपर किंग एयर नामक या विमान कथित तौर पर साउथेंड से नीदरलैंड की तरफ जा रहा था। शाम चार बजे के आसपास उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड बाद यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय पुलिस ने भी इसे एक गंभीर घटना बताया है। सोशल मीडिया पर इस घटना के कथित दृश्य सामने आए, जिनमें एक विशाल आग का गोला और फिर आसमान में काले धुएँ का घना गुबार उठता हुआ दिखाई दे रहा है।

स्काई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक



इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने कहा, हमें शाम 4 बजे से कुछ पहले एक 12 मीटर लंबे विमान की टक्कर की सूचना मिली थी... हम घटनास्थल पर सभी इमरजेंसी सेवाओं के साथ काम कर रहे हैं और यह काम कई घंटों तक जारी रहेगा।

पुलिस ने जनता से अनुरोध किया है कि जहाँ तक हो सके, उस इलाके से दूर रहें। ईस्ट ऑफ़ इंग्लैंड एम्बुलेंस सर्विस ने कहा कि उसने दुर्घटनास्थल पर चार एम्बुलेंस और अन्य प्रतिक्रिया वाहन भेजे हैं। साउथएंड वेस्ट और लेह के सांसद डेविड बर्टन-सैम्पसन ने सोशल मीडिया पर इस घटना के बारे में पोस्ट किया और जनता से उस इलाके से दूर रहने का भी अनुरोध किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे साउथएंड एयरपोर्ट पर हुई एक घटना की जानकारी है। कृपया दूर रहें और इमरजेंसी सेवाओं को अपना काम करने दें। मेरी संवेदनाएँ सभी संबंधित लोगों के साथ हैं। पुलिस ने एहतियात के तौर पर दुर्घटना स्थल के निकट होने के कारण रोचफोर्ड हंड्रेड गोल्फ क्लब और वेस्टक्लिफ रग्बी क्लब को खाली करा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों में शामिल 40 वर्षीय जॉन जॉनसन ने बीबीसी से बात करते हुए बताया कि टेकऑफ के कुछ ही सेकंड बाद बाईं ओर झुका विमान, फिर पलटा और जमीन से टकरा गया।

उन्होंने कहा, हमने पायलट को मुस्कुराते देखा। प्लेन टेकऑफ की तैयारी में रनवे पर दौड़ता हुआ हमारे पास से गुजरा और कुछ ही सेकंड में उड़ गया। लेकिन तुरंत ही वह बाईं ओर झुकने लगा। मैंने पत्नी से कहा- ये सामान्य नहीं है। फिर अचानक प्लेन उल्टा होकर जमीन से जा टकराया। एक जबरदस्त धमाका हुआ और आग का एक बड़ा गोला बन गया।

## अमेरिका- लेक्सिंग्टन में चर्च में फायरिंग, दो महिलाओं की मौत



**केंटकी, एजेंसी।**
अमेरिका के केंटकी राज्य के लेक्सिंग्टन में रविवार को एक चर्च में फायरिंग में दो महिलाओं की मौत हो गई। दोनों महिलाओं की उम्र 72 साल और 32 साल बताई जा रही है। इसके अलावा दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि दूसरे की हालत स्थिर है। पुलिस ने बताया कि हमलावर को घटनास्थल पर ही मार गिराया गया। उसकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है, क्योंकि अभी उसके परिवार को सूचना दी जानी बाकी है।

हमलावर लेक्सिंगटन के ब्लू ग्रास एयरपोर्ट पर एक पुलिस अधिकारी को गोली मारकर भागा था। इसमें पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि, अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। एयरपोर्ट पर फायरिंग से यात्रियों में भी दहशत फैल गई।

संदिग्ध ने चेकिंग के दौरान पुलिस पर गोली चलाई अधिकारियों ने बताया कि घायल पुलिस कर्मी ने सुबह 11:30 बजे ब्लू ग्रास एयरपोर्ट के पास चेकिंग के लिए एक कार रोकी थी। तभी कार सवार संदिग्ध ने उन्हें गोली मार दी। इसके बाद संदिग्ध वहां से भाग गया। उसने एयरपोर्ट से लगभग 16 किलोमीटर दूर एक कार लूटी।

वहां से लेक्सिंगटन के रिचमंड रोड बैपटिस्ट चर्च भाग गया और लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस चोरी की कार का लोकेशन ट्रैक करते हुए चर्च तक पहुंची और हमलावर को मार गिराया। अभी संदिग्ध का नाम औप उसकी उम्र पता नहीं चली है। पुलिस को आशंका, चर्च में लोगों को पहले से जानता था संदिग्ध पुलिस ने बताया कि संदिग्ध ने फायरिंग क्यों की, यह अभी पता नहीं चल पाया है। लेकिन इस बात के शक है कि वह चर्च में मौजूद कुछ लोगों को पहले से जानता था। लेक्सिंगटन पुलिस विभागीय नीतियों के अनुसार गोलीबारी की आंतरिक जांच होगी।

# पाकिस्तान में नजर आए राम, लक्ष्मण और सीता, कराची में रामायण का मंचन, दर्शकों की मिल रही सराहना

**कराची, एजेंसी।**
पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कराची शहर में एक पाकिस्तानी नाटक समूह रामायण का मंचन करके सुर्खियां बटोर रहा है। सप्ताहांत में कराची आर्ट्स काउंसिल में रामायण का मंचन करने वाले नाटक समूह 'मौज' को एआई संवर्द्धन का उपयोग करके महाकाव्य को जीवंत बनाने के उनके प्रयासों के लिए सराहना मिली है। निर्देशक योहेश्वर करेरा ने कहा कि उन्हें कभी नहीं लगा कि 'रामायण' का मंचन करने से लोग उन्हें नापसंद करेंगे या उन्हें किसी तरह की धमकी का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा, मेरे लिए, रामायण को मंच पर जीवंत करना एक अद्भुत दृश्य अनुभव है और यह दर्शाता है कि पाकिस्तानी समाज जितना माना जाता है, उससे कहीं अधिक सहिष्णु है। करेरा ने कहा कि नाटक को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और कई समीक्षकों ने इसके निर्माण और कलाकारों के अभिनय की सराहना की है। कला और फिल्म समीक्षक ओमैर अलवी ने कहा कि वे कहानी कहने की ईमानदारी से प्रभावित हुए और प्रकाश व्यवस्था, संगीत, रंग-बिरंगे परिधान और भावपूर्ण डिजाइन ने इस शो की भव्यता में चार चांद लगा दिये। उन्होंने कहा, रामायण एक ऐसी कहानी है जो दुनिया भर के लाखों लोगों के साथ जुड़ती है। सीता की भूमिका निभाने वाली निर्माता राणा काजमी ने कहा कि वह इस प्राचीन कथा को दर्शकों के लिए एक जीवंत अनुभव के रूप में प्रस्तुत करने के विचार से रोमांचित थीं। वीकेंड में कराची आर्ट्स काउंसिल में रामायण का मंचन करने वाले नाटक समूह 'मौज' को एआई तकनीक का उपयोग करके महाकाव्य को जीवंत बनाने के उनके प्रयासों के लिए खूब तारीफें मिली हैं। निर्देशक योहेश्वर करेरा ने कहा कि उन्हें कभी नहीं लगा कि 'रामायण' का मंचन करने से लोग उन्हें नापसंद करेंगे या उन्हें किसी तरह की धमकी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए, रामायण को मंच पर जीवंत करना एक अद्भुत दृश्य अनुभव है और यह दर्शाता है कि पाकिस्तानी समाज जितना माना जाता है, उससे कहीं अधिक सहिष्णु है।' करेरा ने कहा कि नाटक को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और कई समीक्षकों ने इसके निर्माण और कलाकारों के अभिनय की सराहना की है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129